


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी - 12




शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला- 12



प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु- 13



टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार हैं स्पेन का एक और 'राफा' - 14

आज का मौसम
41.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.39
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:49 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 148, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**एक्सप्रेस वे पर उड़ान**



**सुलतानपुर :** वायुसेना के लड़ाकू विमानों का दो दिवसीय अभ्यास बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की आपातकालीन हवाई पट्टी पर शुरू हुआ। इस अभ्यास में बुधवार को सुखोई, जगुआर और मिराज विमानों ने टच एंड गो ऑपरेशन किया।

# आतंकवाद कैसा भी हो, भारत उसके आगे कभी नहीं झुकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहलगाम हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री ने कहा- कभी सफल नहीं होंगे आतंकवादियों के नापाक इरादे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर बुधवार को कहा कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और भारत के खिलाफ आतंकवादियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने उन परिवारों के लिए संवेदना भी जताई, जिन्होंने अपने परिजनों को इस नृशंस हमले में खोल दिया था। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मोदी ने इस हमले की बरसी पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछले वर्ष इसी दिन हुए भीषण पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, जो इस क्षति को सहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हम शोक और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। आतंकियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

### आतंकवाद को हराने के लिए भारत संकल्पित: मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश हर जगह आतंकवाद को हराने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। आतंक के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को नहीं रोक सकते।

### नया भारत आतंकवाद को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, पहलगाम की पीड़ा हर भारतीय के हृदय में अंकित अविस्मरणीय आघात है। उन्होंने काल-कवलित हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा, उन पुण्यात्माओं की स्मृति आज भी हमें झकझोरती है, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। नया भारत एकजुटता से आतंक के हर रूप के निर्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

**ब्रीफ न्यूज**

### मोदी को आतंकवादी बताने पर खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध उनकी उस टिप्पणी पर बुधवार को नोटिस जारी कर उससे सफाई मांगी है जिसमें विपक्ष के नेता ने मोदी को आतंकवादी कहा था। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी बताए जाने को गंभीरता से लिया गया है। भाजपा की शिकायत पर खरगे को जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे में देने को कहा गया है। भाजपा ने आयोग के समक्ष खरगे की तमिलनाडु में एक मीडिया-कांफ्रेंस में की गई उक्त विवादास्पद टिप्पणी पर मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

### छह महीने बंद रहने के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुले

**देहरादून।** सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद बुधवार को सुबह पूरे विधि विधान के साथ केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए जहां पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पत्नी गीता के साथ उपस्थित थे। मंदिर के कपाट खोले जाने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे शुरू हुई। गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और ठीक आठ बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

# धमकियां देने के बाद ट्रंप फिर बैकफुट पर अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया युद्धविराम

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 घंटे पहले ही दी थी समझौता न होने पर भारी बमबारी करने की चेतावनी

वाशिंगटन/इस्लामाबाद, एजेंसी

करीब 24 घंटे पहले ही समझौता न होने पर ईरान को भारी बमबारी करने की धमकी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को अपने रुख से पलट गए। युद्धविराम खत्म होने से कुछ घंटे पहले उन्होंने नाटकीय ढंग से इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा कर दी। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने यह कदम पाकिस्तान के आग्रह पर आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का मौका देने के लिए उठाया है।

ट्रंप की घोषणा के साथ ही ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा भी टल गई। ट्रंप ने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने सेना को सभी मामलों में पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। युद्धविराम बढ़ाने का फैसला ट्रंप के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मंगलवार सुबह उन्होंने कहा था कि यदि बुधवार तक समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बमबारी होगी।



### शहबाज ने जताया अमेरिकी राष्ट्रपति का आभार

ट्रंप की घोषणा के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'एक्स' पर लिखा, मैं व्यक्तिगत रूप से और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ने देने के लिए युद्धविराम बढ़ाने के हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। पाकिस्तान उस पर जताए गए भरोसे के साथ बातचीत से संघर्ष के समाधान के लिए गंभीर प्रयास जारी रखेगा।

### अब ईरान के खिलाफ ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी

ताजा घटनाक्रम के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात स्थित 14 व्यक्तियों, संस्थाओं और विमानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन पर ईरानी शासन की ओर से हथियार या हथियारों के पुर्जों की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप है। बेसेंट ने कहा, ईरान के समुद्री व्यापार पर रोक सीधे उसके राजस्व के मुख्य स्रोतों पर चोट है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय इकोनॉमिक फ्यूरी के जरिए अधिकतम दबाव बनाए रखेगा, ताकि तेहरान की धन जुटाने की कोशिश सफल न हो।

**अमेरिका के खिलाफ अब भी कड़े तेवर**

### युद्धविराम विस्तार को अमेरिका चाल बताकर किया खारिज, कहा- हमने नहीं की थी मांग

ईरान ने ट्रंप के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जताते हुए कहा है कि यह एक चाल है और उसने कभी इसकी मांग नहीं की थी। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने धमकियों के साये में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे युद्ध की कार्रवाई और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया। कहा, ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष बगर गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने भी कहा कि ईरान के लिए इस युद्धविराम का 'कोई मतलब नहीं है और इसकी कोई वास्तविक अहमियत नहीं है। उन्होंने इस कदम को अचानक हमले के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता।

### होर्मुज में राहत नहीं: ईरान की सेना ने किया तीन जहाजों पर हमला, दो को कब्जे में लिया

**दुबई।** ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमले किए। इन हमलों ने होर्मुज में परिवहन के बढ़ते खतरों के साथ युद्धविराम के बीच भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बने रहने की ओर इशारा किया है। ब्रिटेन की सेना के अनुसार ईरान ने बुधवार सुबह जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी की और थोड़ी ही देर बाद एक दूसरे जहाज पर भी हमला किया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार ये जहाज अब रिवोल्यूशनरी गार्ड के कब्जे में हैं और उन्हें ईरान ले जाया जा रहा है। इन जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांन्सेस्का और एपामिनोड्स के रूप में की गई है। इसके अलावा रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यूफोरिया नामक तीसरे जहाज पर भी हमला किया।

# दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- लाठी से पीटने के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से घोंटा गला
- नौकरी से निकाले गए घरेलू सहायक ने दिया घटना को अंजाम, गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश कैलाश हिल्स इलाके में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की बुधवार सुबह दुष्कर्म के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। युवती को लाठी से भी पीटा जिससे उसके चेहरे और सिर पर भी गंभीर चोटें मिली हैं। पुलिस ने आईआरएस अधिकारी के पुराने नौकर को गिरफ्तार किया है, जिसे एक महीने पहले ही नौकरी से उन्होंने निकाल दिया था।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रही आईआरएस अधिकारी की बेटी घटना के वक्त घर में अकेली थी। घर के ही एक कमरे में उसे मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार घटना तड़के उस वक्त हुई, जब युवती के माता-पिता जिम गए हुए थे। आरोपी 19 वर्षीय राहुल मीणा इसी थोड़े समय का फायदा उठाकर घर में घुसा और 40 मिनट के अंदर दुष्कर्म और हत्या की घटना को अंजाम देकर निकल गया। शाम को पुलिस ने द्वारका के एक होटल से उसे गिरफ्तार कर लिया। आईआरएस अधिकारी के मुताबिक राहुल ने घर में करीब आठ महीने तक काम किया था। ऑनलाइन गेम की लत और आसपास के लोगों से पैसा उधार लेने के कारण उन्होंने करीब एक महीने पहले ही काम से निकाल दिया गया था। मीणा को उनके घर के बारे में सबकुछ पता था।



### एक दिन पहले अलवर में महिला से किया दुष्कर्म

दक्षिण रेंज के संयुक्त पुलिस अयुक्त (जेसीपी) विजय कुमार ने बताया कि आरोपी पर अलवर में भी कल ही दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। उसने 21 अप्रैल को राजगढ़ में एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था और अलवर से भागकर दिल्ली आ गया था। आईआरएस अधिकारी के घर से उसने दो-ढाई लाख रुपये लूटे हैं जिसमें से कुछ कैश की आरोपी के पास से कुछ बरामदगी की गई है।

# मिर्जापुर में भिड़ंत के बाद आग का गोला बनीं दो कारें, 11 जिंदा जले

मिर्जापुर, एजेंसी



- ब्रेक फेल होने के बाद बेकाबू ट्रक ने दोनों कारों को रौंदा
- दो भारी वाहनों के बीच फंसीं दोनों कारें, बढ़ सकती है मृतक संख्या

मिर्जापुर के ड्रमंडगंज इलाके में बुधवार रात एक भीषण हादसे में दो ट्रकों की चपेट में आने के बाद दो कारें आग का गोला बन गईं और उनमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर भीषण जाम लग गया। देर रात तक पुलिस जाम खुलवाने की कोशिश कर रही थी।

पुलिस के मुताबिक यह भीषण हादसा रात लगभग साढ़े आठ बजे हुआ। ड्रमंडगंज घाटी से नीचे उतरते वक्त एक ट्रक सम्भवतः ब्रेक फेल होने के कारण एक दूसरे ट्रक से टकरा गया और उनके बीच एक कार फंस गई। ट्रक ने एक और कार को भी टक्कर मारी जिससे उसमें आग लग गई। सूचना मिलने केबाद पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किया। पुलिस के मुताबिक इस घटना में अभी तक 11 लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि हुई है, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मौके पर पुलिस रास्ते पर यातायात बहाल करने की कोशिश कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त हुआ एक ट्रक बिहार का जबकि दूसरा मध्यप्रदेश का था। एक कार सोनभद्र जिले की है जबकि जिस कार में आग लगी वह मिर्जापुर में पंजीकृत है। पुलिस मृतकों के परिजन से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

ट्रक के चालक और खलासी भी गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वाहनों के दरवाजे लॉक होने और आग की तीव्रता अधिक होने के कारण यात्रियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

# आज शाम चार बजे घोषित होगा यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

- वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देख सकेंगे परीक्षार्थी

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे घोषित करेगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पोर्टल पर देख सकेंगे।

इस वर्ष हाईस्कूल में करीब 26.02 लाख और इंटरमीडिएट में 24.91 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक 254 केंद्रों पर 2.75 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से चार अप्रैल के बीच रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ।

# आश्वासन देकर भी नहीं आई पुलिस, बुजुर्ग ने कर ली खुदकुशी

संवाददाता तिलहर (शाहजहांपुर)



सतीश चंद (मृतक)

- गोद लिया बेटा कर रहा था प्रताड़ित, मौत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

> मृतक की पत्नी राम बेटी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। दत्तक पुत्र और बहू के खिलाफ प्रताड़ित करने की शिकायत की गई है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। आते ही मैं खुद मौके पर जाऊंगी।
> – **ज्योति यादव**, पुलिस क्षेत्राधिकारी

अमृत विचारः बहू और बेटे से प्रताड़ित नगर के मोहल्ला केलरगंज निवासी सतीश चंद गुप्ता (75) की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें घर आकर समस्या हल करने का आश्वासन देकर वापस तो भेज दिया लेकिन इसके बाद घंटों तक नहीं पहुंची। निराश होकर सतीश चंद ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बुजुर्ग की मौत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और बहू-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश चंद ने शोभित को गोद लिया था जिसने बुजुर्ग होने के बाद पत्नी के साथ उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। सतीश चंद ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर शोभित और उसकी पत्नी के खिलाफ तहरीर दी थी।

मृतक की पत्नी राम बेटी के मुताबिक थाने में पुलिस ने उन्हें यह कहते हुए वापस भेज दिया था कि कुछ ही देर में वह उनके घर आकर मामले की जांच के बाद कार्रवाई करेगी। राम बेटी का आरोप है कि कई घंटे तक इंतजार के बाद भी पुलिस उनके घर नहीं पहुंची तो उन्होंने जहर की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ी तो वह खुद ई-रिक्शा लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां वह अचेत हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को उनके आवास केलरगंज लाया गया। बुजुर्ग की मौत की सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हुई। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि एक व्यक्ति तहरीर देकर गया था। जब तक जांच कराई जाती, इससे पहले ही बुजुर्ग की मौत की सूचना मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी बहू-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कर रही है।

# नेपाल : वित्तीय विवाद के बीच गृह मंत्री गुरुंग ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने वित्तीय आचरण से संबंधित आरोपों के बाद बुधवार को इस्तीफा दे दिया। एक विवादास्पद व्यवसायी के साथ व्यापारिक संबंधों और शेयरों के लेनदेन को लेकर वह निशाने पर थे। गुरुंग को 27 मार्च को गृह मंत्री नियुक्त किया गया था। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने अपने वित्तीय आचरण संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और पद पर रहते हुए हितों के टकराव से बचने के लिए पद से इस्तीफा दिया है।

**फिर वही परेशानी** | पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गन्ना बेल्ट में 30 चीनी मिलों ने नहीं किया भुगतान, उत्पादन घटना का संकट भी कारण

# गन्ना किसानों का फिर अटक गया 1878 करोड़ का भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर और बागपत जिलों में गन्ना किसानों का भुगतान संकट एक बार फिर गहरा गया है। इन छह जिलों की करीब 30 चीनी मिलों पर किसानों का लगभग 1878 करोड़ रुपये बकाया है। हर साल दोहराई जाने वाली यह समस्या इस बार भी किसानों की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही है।

यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील है, क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में गन्ना हमेशा केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। केवल आठ मिलें ही पूरी तरह भुगतान कर पाई हैं। जबकि बाकी मिलों में भुगतान आंशिक है या काफी पीछे चल रहा है। गन्ना इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भुगतान रुकते ही गांवों में नकदी का प्रवाह ठप हो जाता है। इसका असर खेती, बाजार और छोटे कारोबार तक दिखाई देने लगा है। मेरठ में हालात सबसे गंभीर हैं। यहां बजाज की किनौनी मिल पर किसानों का 60 प्रतिशत से अधिक गन्ना मूल्य बकाया है। इस मिल पर किसानों का लगभग 350 करोड़ रुपये बकाया है। भुगतान के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी सुनी नहीं जा रही है। जबकि मोहिउद्दीनपुर और सकौती मिलों पर भी करोड़ों रुपये लंबित हैं। मुजफ्फरनगर में 283 करोड़, सहारनपुर में 237 करोड़ और शामली में 312 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। बागपत की मलकपुर चीनी मिल में मंगलवार को अपर गन्ना आयुक्त वीबी सिंह व डिप्टी केन कमिश्नर राजीव राय ने मिल अधिकारियों की बैठक ली। जहां किसानों का बकाया गन्ना भुगतान प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए। मलकपुर मिल पर किसानों का 2025-26 के पेराई सत्र का करीब 350 करोड़ रुपये बकाया है। यही हाल रमाला मिलों का भी है।



### चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र अव्वल

2025-26 के पेराई सत्र में प्रदेश का चीनी उत्पादन घटकर 89 लाख मीट्रिक टन रह गया, जो पिछले वर्ष 91 लाख मीट्रिक टन था। इस गिरावट के साथ प्रदेश देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य नहीं रह गया और महाराष्ट्र आगे निकल गया। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पूरे गन्ना अर्थतंत्र के दबाव का संकेत है।

### खांडसारी की ओर झुके किसान

इस सत्र में गन्ना खांडसारी इकाइयों की ओर गया। कारण साफ है कि बेहतर दाम और जल्दी भुगतान। जहां मिलों का राज्य परामर्शित मूल्य करीब 400 रुपये प्रति क्विंटल रहा, वहीं खांडसारी इकाइयों ने 450 रुपये तक कीमत दी। इससे मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिला और उत्पादन प्रभावित हुआ।

## शहर में आज

- गांधी प्रेक्षागृह में भारतीय जनता पार्टी की प्रेसवार्ता दोपहर 01 बजे।
- बरखेड़ा के एसएस अमृता हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- गांधी प्रेक्षागृह में जनाक्रोश महिला सम्मेलन सुबह 11.30 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



**बिलसंडा, अमृत विचार** : हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार बत्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके शुरुआत कराई। पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सुनैना कश्यप, काव्या राठौर, कविता देवी, विशेष पटेल, सुजाता, प्रियांशु तिवारी, अक्षरा जायसवाल, लक्ष्मी देवी, मुस्कान ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस पर उन्हें सम्मानित किया गया। डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. सतेंद्र कुमार आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### आज लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : एसएस अमृता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एसके शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को सुबह दस बजे से अस्पताल परिसर में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर लगेगा।

### बंटवारे को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम हटुआ बिजलई निवासी लक्ष्मण प्रसाद ने तहरीर देकर बताया कि पड़ोस के प्रदीप कुमार और उसके पिता दीनदयाल जगह के बंटवारे को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराकर आरोपियों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# गर्मी कर रही परेशान, सड़कों पर नहीं कोई इंतजाम

## हाईवे से लेकर मुख्य चौराहों पर वाहन का इंतजार करने के लिए छांव नहीं, प्यास बुझाने के लिए भी ढीली करनी पड़ रही जेब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : तापमान में हर दिन हो रही बढ़ोतरी के बीच आम जनजीवन प्रभावित है। दिन में गर्म हवा चलने से परेशानी हो रही है। वहीं, हीटवेव का सबसे ज्यादा असर स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ता देख समय परिवर्तन किया जा चुका है। हीटवेव को लेकर एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। मगर, व्यवस्थाएं सिर्फ कागजों में ही है। ढाई लाख की आबादी वाले शहर में हालात बद से बदतर हैं। शहर के मुख्य मार्ग और बाजारों में नाममात्र ही हैंडपंप चलताऊ हालत में हैं। कुछ स्थानों पर वाटर कूलर भी हैं, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। हाईवे के मुख्य चौराहों पर यात्रियों की मुसीबत बरकरार है। जनप्रतिनिधियों की ओर से यात्री शेड बनवाए गए भी गए तो वह उन स्थानों पर हैं, जहां पर वाहन रुकते ही नहीं। ऐसे में सवारी का इंतजार करने के लिए धूप में खड़े होना मजबूरी है।

हीटवेव को लेकर शहर और प्रमुख मार्गों पर पानी का छिड़काव करने की जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन अभी तक शहर में कहीं छिड़काव नहीं दिखता। गर्म हवाओं के बीच धूल उड़ रही है। राहगीरों के अलावा स्थानीय लोगों को भी परेशान कर रही है। कई बार तो सांस रोगियों को समस्या होने लगती है। असम हाईवे और रामलीला रोड पर भी छिड़काव कराना जरूरी नहीं समझा जा रहा है। गांधी स्टेडियम रोड से गौहनिया चौराहा, एलएच रोड से रेलवे स्टेशन तिराहा और फिर वहां से रेलवे स्टेशन रोड छतरी चौराहा, सुनगढ़ी तिराहा, मुख्य बाजार, ड्रमंड गंज चौराहा, जेपी रोड, लकड़ी मंडी, रोडवेज होते हुए नौगांव चौराहा तक की करीब पांच किमी से अधिक तक मुख्य मार्ग पर पूरे दायरे में महज चंद हैंडपंप ही काम कर रहे हैं। हैंडपंप कई सालों से खराब पड़े हैं। बाजार में खरीदारी को आने वाले लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी की पैक्ड बोतल खरीदने के लिए बीस रुपये खर्च करना पड़ रहे हैं। प्रमुख चौराहों में शुमार नौगवां चौराहे, छतरी चौराहा, गौहनिया चौराहा, कचहरी तिराहा आदि पर भी यात्रियों के लिए वाहन का इंतजार करने के लिए कोई शेड नहीं है। कुछ पुराने हैं भी तो वह ऐसे स्थान पर जहां वाहन नहीं रुकते। कुछ की स्थिति ऐसी हैं कि गंदगी के चलते वहां पर चंद मिनट ठहरना भी मुमकिन नहीं है। रोडवेज बस स्टेशन पर भी हाल बेहाल ही है। यात्रियों के बैठने तक के लिए कोई खास सुविधा नहीं है।



छतरी चौराहा पर सवारी के इंतजार में धूप में खड़े यात्री। ● अमृत विचार



टनकपुर हाईवे पर धूप में इंतजार करतीं महिला। ● अमृत विचार

### चौराहा पर ड्यूटी करने वाले भी परेशान

गर्मी की दस्तक के बीच धूप से बचाव के साथ ही पीने के पानी की पुख्ता व्यवस्था न होने का असर तपती धूप में नौकरी करने वाले होमगार्ड पुलिसकर्मियों के लिए भी परेशानी कम नहीं है। उनको या तो वाटर कूलर मंगवाकर रखना पड़ रहा है। वहीं, प्यास लगने पर या तो बोतल खरीदनी पड़ती है, या काफीदूर तक जाना पड़ता है। वहीं, इन दिनों ग्रामीण अंचलों से बाजार में अधिक ग्राहक पहुंच रहे हैं। ये ग्राहक अधिकांश दोपहर के वक्त ही आते हैं। पहले गर्मी में डग्गामार वाहनों में सफर और फिर धूप से बचने व पीने के पानी के इंतजाम न होने से परेशानी बनी हुई है। बीमार होने का भी खतरा बना रहता है।



स्कूल की छुट्टी के बाद बच्ची को घर ले जाती महिला।

# भुगतान न मिलने पर व्यापारी ने दर्ज कराई एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बरेली जिले के फरीदपुर कस्बा निवासी विजय विक्रम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जनवरी को पीलीभीत के मोहम्मद मुहिब पुत्र दानिश ने कॉल पर संपर्क किया। उनसे 25 हजार रुपये की पानी की बोतलें खरीदी थीं।

आरोप है कि इसके बाद 12 जनवरी को उनके फर्म सुरेंद्र कुमार सिंह द्वारा 25,500 रुपये का माल सप्लाई किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि 24 जनवरी तक भुगतान कर दिया जाएगा, अन्यथा दिए गए चेक को बैंक में लगा सकते हैं।

आरोप है कि तय समय पर भुगतान नहीं मिला तो उन्होंने चेक बैंक में लगाया, जहां हस्ताक्षर गलत होने के कारण चेक अस्वीकृत हो गया। उनका कहना है कि यह जानबूझकर किया गया ताकि भुगतान न करना पड़े। पीड़ित ने पुलिस से रकम दिलाने, जीएसटी भुगतान सुरक्षित कराने या माल वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : शेरों वाली मठिया से गौरधाम मंदिर तक निताई गौर है हरि बोल की गूंज रही। कविराज शिरोमणि, वात्सल्य रस के सम्राट संत स्वामी सूरदास के प्राकट्य दिवस के अवसर पर शहर की सड़कें भक्ति रस में डूबी दिखीं।

ब्रजभाव रसिक परिकर पीलीभीत के परिकरों द्वारा भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। शेरों वाली मठिया स्थित प्राचीन मंदिर परिसर से नगर कीर्तन की शुरुआत की गई। उससे पूर्व श्रीधाम वृन्दावन से आए श्रीरासबिहारी सरकार कथा व्यास श्रीगोकुल ठाकुर जी महाराज द्वारा सुनाई जा रही श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत विश्राम हुआ। नगर कीर्तन शेरों वाली मठिया से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए श्री गौरधाम मंदिर पहुंचा। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, निताई गौर है हरि बोल और सूरदास जी महाराज की जय के उद्घोष गूंजे। कई स्थान पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर अभिषेक सिंह गोल्डी, सत्यप्रकाश अग्रवाल, जय सिंह राठौर, अक्षत चित्रांश, मयंक वर्मा, जगदीश लोधी, दीपक मौर्य, अमन, संजय, श्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।



शहर में निकाले गए नगर कीर्तन में भजन गाते अभिषेक सिंह गोल्डी व अन्य श्रद्धालु।

- शेरों वाली मठिया स्थित प्राचीन मंदिर परिसर से हुई शुरुआत श्रीमद भागवत कथा को विश्राम

# मुआवजा न मिलने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : नानक सागर बांध के विस्थापित किसान मुआवजे की मांग को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां विस्थापित किसानों ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मुआवजा न मिलने से रोष जताया। कहा कि यदि जल्द आदेश का पालन नहीं हुआ, तो यह सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना होगी।

मामला नानक सागर बांध से विस्थापित हुए किसानों के पुनर्वास और मुआवजे से जुड़ा है। डीएम से मिले विस्थापित किसानों ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक रिट याचिका में बीते वर्ष16 जनवरी को किसानों के पक्ष में आदेश पारित किया था। इसके बाद एक फरवरी को ही आदेश की प्रमाणित प्रति संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई थी। मगर, महीनों बीत जाने के बाद भी प्रशासन के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालती आदेश की अनदेखी पर किसानों ने अवमानना वाद दायर किया। इसमें बीते 08 अप्रैल को न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए विपक्ष को आदेश के अनुपालन के लिए तीन महीने का अंतिम अवसर दिया है। किसानों का कहना है कि प्रशासन जानबूझकर मामले को लटका रहा है, जिससे उन्हें अनावश्यक चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ज्ञापन में 16 मई के आदेश का तत्काल अनुपालन कराते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की। प्रार्थना पत्र सौंपने वालों में जरनैल सिंह, मंगत सिंह, सुखदेव सिंह, करनैल सिंह, अमरजीत सिंह, केवल सिंह समेत तमाम किसान शामिल रहे।



डीएम कार्यालय के बाहर खड़े नानक सागर बांध के विस्थापित किसान। ● अमृत विचार

- डीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र, कोर्ट के आदेश के बावजूद मुआवजा नहीं मिलने पर जताया रोष

# मनरेगा कर्मचारियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



अमरिया बीडीओ को ज्ञापन देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : अमरिया ब्लॉक पर ग्राम रोजगार सेवक (मनरेगा कर्मचारी) संघ ने लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। 25 अप्रैल तक सांकेतिक कलमबंद हड़ताल का ऐलान किया।

बीडीओ दिनेश कुमार को ज्ञापन दिया गया। आरोप लगाया कि कई बार मांग उठाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में बकाया मानदेय के भुगतान में हो रही देरी, ईपीएफ खातों में नियमित अंशदान न होने और लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग की गई। ये भी बताया कि मांग पूरी न होने पर 26 व 27 अप्रैल को पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। 28 से 30 अप्रैल तक जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा दिए जाएंगे और एक मई मजदूर दिवस पर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन होगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष आदेश कुमार, अमनदीप सिंह, प्रभुदयाल, निजाकत अली, अफरोज आदि मौजूद रहे।

# दो किशोरी लापता एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बिनौर फॉर्म निवासी गुरप्रीत सिंह फुसलाकर ले गया। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। घटना 20 अप्रैल की दोपहर की है। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसके अलावा जहानाबाद क्षेत्र से भी एक किशोरी लापता हुई है। उसके पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 अप्रैल की रात 12 बजे वह अपने परिवार के साथ सो रहा था। उसकी 16 वर्षीय बेटी इसी बीच बिना बताए घर से लापता हो गई। घरवाले अनहोनी की आशंका व्यक्त कर रहे है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सुरागरसी शुरू कर दी है।

# मेधावी छात्रों और बुजुर्गों को किया गया सम्मानित



छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य।

**पीलीभीत, अमृत विचार** : एक बरात घर में मौर्य, शाक्य व सैनी समाज के आयोजित हुए अभिनंदन समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व समाज के बुजुर्गों का अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाज के लोग अपने हक व अधिकारों को पाने के लिए जागरूक व संगठित हो। भाजपा से जुड़कर समाज के लोगों का चौमुखी विकास होगा। जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र व समाज उत्थान के लिए कार्य कर रही है। साहू जी महाराज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक चंद्रपाल मौर्य ने कहा कि भाजपा देश को विकास की गति देने का काम कर रही है। युवा विकास संगठन के अध्यक्ष नितिन पाठक ने समाज को संगठित करने पर जोर दिया। इस मौके पर सोनी सैनी, आयुष मिश्रा, चंद्रपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में जाम में फंसकर राहगीर हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : बेपटरी यातायात व्यवस्था भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुकी है। तपती दोपहरी में वाहनों की बेतरतीब आवाजाही के बाद जाम लगा और धूप में काफी देर तक राहगीर परेशान हुए। स्कूली बच्चे भी जाम में फंसे दिखे। मुख्य मार्गों लोग परेशान होते रहे और जिम्मेदार हर बार की तरह नदारद।

शहर की मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण, बेतरतीब वाहनों की पार्किंग लंबे समय से जाम की वजह बनी हुई है। नो एंट्री में वाहनों की आवाजाही पर रोक नहीं लग सकी है। वहीं, ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या और मार्गों पर धड़ल्ले से संचालन हालात बिगाड़ चुका है। समस्या चली आ रही है लेकिन उसका स्थायी समाधान कराने के लिए जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इन दिनों गर्मी कहर बरपा रही है। लू के थपेड़े राहगीरों की मुसीबत बने हुए हैं।ऐसे में जाम लगने के बाद परेशानी और बढ़ रही है। बुधवार को भी तेज धूप रही। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बुधवार दोपहर को स्कूल की छुट्टी के वक्त वाहनों का लोड बढ़ा तो व्यवस्था बिगड़ने में देर नहीं लगी। रेलवे स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी थाना गेट के पास ई-रिक्शा की भरमार और चार पहिया वाहनों की आवाजाही बीच जाम लग गया। थाने से छतरी चौराहा की तरफ सड़क पर ही ट्रैक्टर ट्रॉली दुकान के आगे खड़ी हुई थी। जिससे सड़क पर निकलने की जगह नहीं बची। इसके अलावा मीना बाजार के पास भी अतिक्रमण और बेतरतीब वाहन पार्क होने से हालात बिगड़े रहे। गांधी स्टेडियम रोड पर भी रोज की तरह कई बार जाम लगा। इसके अलावा शहर के भीतर बाजार व आसपास के हिस्सों में भी राहगीरों को जाम की परेशानी से जूझनास पड़ा। एक तो गर्मी की मार उस पर बेपटरी यातायात व्यवस्था, राहगीरों को रुला गई। जल्द निकलने की होड़ में दुपिहया वाहन चालकों की जल्दबाजी ने और हालात बिगाड़ दिए। थाने से पुलिसकर्मी निकलकर आए भी लेकिन तब तक जाम भीषण हो चुका था। फिलहाल जाम की समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके हैं।



सुनगढ़ी थाने से छतरी चौराहा की तरफ बढ़ने पर सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली।

- रेलवे स्टेशन रोड पर थाना सुनगढ़ी गेट पर बिगड़े रहे हालात
- गांधी स्टेडियम रोड पर भी कई बार चरमराई व्यवस्था

# बाग में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार** : संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव बाग में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेरपुरकलां के एक बाग की है। यहां पर बुधवार सुबह एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। लोगों की नजर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। मृतक की शिनाख्त शेरपुरकलां के वार्ड नंबर के रहने वाले दानिश पुत्र नसीम खां के रुप में हुई। मृतक मजदूरी करता था। परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल पूरनपुर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## न्यूज डायरी

### बच्चों ने बनाए पोस्टर, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





**पीलीभीत, अमृत विचार** : स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल वल्लभनगर में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रबंधक आरके धवन, प्रधानाचार्या चारू धवन ने पर्यावरण एवं पृथ्वी दिवस पर विचार व्यक्त किए। कहा कि पृथ्वी हम मनुष्यों और बाकी जीव-जन्तुओं के लिए जीने की हर चीज उपलब्ध कराती है, लेकिन लम्बे समय से हम लोग इन प्राकृतिक चीजों का दोहन करते आ रहें हैं। ऐसे में जागरूक होना पड़ेगा। कक्षा पीएनसी के बच्चों ने हैंडप्रिंट ट्रीआर्ट व जेकेजी के बच्चों ने कलरिंग अर्थ ट्री अर्थ डे कविता की प्रस्तुति दी। एसकेजी के बच्चों ने प्लांट सीड एक्टिविटी का चित्रण किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से पृथ्वी बचाओ का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा चार के बच्चों ने साफ सफाई, पांच के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, छह के बच्चों ने पोस्टर मेंकिग और सात व आठ के बच्चों ने पर्यावरण बचाओ से संबंधित पोस्टर बनाए और भाषण दिया।

### पृथ्वी की रक्षा और पर्यावरण रक्षक बनने का लिया संकल्प



**पीलीभीत, अमृत विचार** : शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक और शैमरॉक किरन स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का महासंकल्प लिया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर हुए कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को जागरूक किया। पृथ्वी की रक्षा और पर्यावरण के रक्षक बनने का सामूहिक संकल्प लिया गया। बच्चों ने कलरिंग शीट्स, हैंड प्रिंटिंग, वनीकरण मॉडल के जरिए प्रकृति के प्रति अपना प्रेम रंगों के माध्यम से उकेरा। क्विज प्रतियोगिता कराई गई। समापन प्राकृतिक भ्रमण व वृक्षारोपण के साथ हुआ। इस मौके पर सदफ, लव, ज्योति, सिदरा, दिव्यांशी, इक़रा, सुबह, गौरांशी, रूचि, दीपिका, अदिति, मंजरी, शानी, सागर, सायमा, रश्मि, गौरव, आयुष, संजय, प्रदक्षिना, तान्या, सुम्बुल, वैष्णवी, उमम, आदि मौजूद रहे।

### वृक्षों का कटान पृथ्वी के लिए बड़ा संकट





**पीलीभीत, अमृत विचार** : स्प्रिंगडेल कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुए कार्यक्रम में कक्षा दो से नौ तक के बच्चों ने स्लोगन लिखे पोस्टर बनाए। सेव अर्थ, सेव ट्री का उदघोष करते बच्चों ने पृथ्वी को बचाने के लिए पौधरोपण का संदेश दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हनी, अलिफजा, वैभवी, नैन्सी, वैष्णवी, कृष्णा, वंदना, हमिजा, असरा वी, सहजदीप, नवदीप, कुमुद ने भाग लिया। अंझीत, काव्या, ओजस्वी, आस्था, मदिका, वीर, अराध्या, मनकीरत, सिद्धी आदि ने फेस पेन्टिंग के द्वारा पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द, उप प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव, को-ऑडिनेटर उपमा सक्सेना ने बढ़ती आधुनिकता के चलते लगातार वृक्षों का कटान पृथ्वी के लिए बड़ा संकट बताया।

### पर्यावरण बचाने के लिए किया प्रेरित, आयोजित हुई प्रतियोगिताएं



**पीलीभीत, अमृत विचार** : बेनहर पब्लिक स्कूल, बेनहर किड्स वर्ल्ड, बेनहर गुरुकुल में अर्थ डे पर इको क्लब के तत्वाधान में जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। संचालन एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा व गुरसेवक सिंह ने किया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए शुरुआत कराई। संस्थापिका रंजीत सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी, गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, डॉ. निर्मल कौर ने पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया। नाट्य के जरिए जागरुकता का संदेश दिया। इस मौके पर रीना सक्सेना, मोहिनी उपाध्याय, निर्मला शर्मा, नेहा पांडेय, रचना वाधवा, पल्लवी पांडेय, आयुषी दीक्षित आदि मौजलूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुकटिया जसकरनपुर निवासी पर्वत लाल की पत्नी सुलेखा को परिवार वाले बुधवार को सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने उसके जहरीला पदार्थ खाए होने की आशंका जताई। प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अरसिया बोझ निवासी 18 वर्षीय राजू गांव के ही राजीव के साथ मंगलवार को अपने ससुर की ननिहाल थाना गजरौला के गांव उगनपुर में दावत में गए थे। बाइक से वापस आते वक्त देर शाम बाइक गांव आमडार के पास छुट्टा पशु से टकरा गई। दोनों घायल हो गए।

### खुराफात पर जमा हुई भीड़, पहुंची पुलिस

**घुंघचाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा में फिजा बिगाड़ने की कोशिश की गई। एक धार्मिक स्थल पर मांस के टुकड़े रख दिए गए। इसकी जानकारी होने पर काफी लोग जमा हो गए और नाराजगी जताई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रिश्तेदारी में आए युवक पर किया हमला

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बरेली के थाना क्योलड़िया क्षेत्र के ग्राम जरपा मोहनपुर निवासी अजय पाल ने तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को वह फुफेरी बहन के घर गांव सिसैइया रिश्तेदार राहुल व रोहित के साथ गए थे। रात करीब 11 बजे सुनील, विपिन व दो अज्ञात लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव परेई के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। इसमें कोतवाली दियोरियाकलां के गांव न्यूरानपुर निवासी हरीशंकर और उनके पिता उमरायलाल घायल हो गए।

# वन टीम पर फायरिंग करने वाला शिकारी मुठभेड़ में गिरफ्तार, दाहिने पैर में लगी गोली

## माधोटांडा पुलिस ने नहर किनारे घेराबंदी की तो चला दी गोली, पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पुलिस की गिरफ्त में वन्यजीव के शिकार का आरोपी।

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज के जंगल में घुसकर वन्यजीव का शिकार करने और वन कर्मियों पर हमला कर फायरिंग करने वाले एक शिकारी को माधोटांडा पुलिस ने मुठभेड़ में धर दबोचा। पुलिस की ओर से चलाई गई गोली पैर में लगने से शिकारी घायल हो गया। उसके पास से अवैध असलहा बरामद किया गया। अब पुलिस अन्य शिकारियों की धरपकड़ में जुट गई है।

बता दें कि 15 अप्रैल की रात पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में शिकारियों ने दस्तक दी थी। देर रात शिकारी बराही रेंज के जंगल में सुरक्षा में सेंध लगाकर घुस गए और जंगली सुअर का शिकार कर लिया। इसी बीच सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पकड़ने का प्रयास किया तो शिकारियों ने वन टीम पर फायरिंग कर दी थी।

कुल पांच राउंड फायर हुए थे। वन विभाग ने विभागीय केस दर्ज करने के साथ ही माधोटांडा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इसमें हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राधवपुरी निवासी हरजिंदर सिंह और बलजीत सिंह को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात शिकारी आरोपी बनाए थे। पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। इसी बीच मंगलवार रात करीब 9 बजे पुलिस को सूचना मिली कि वनकर्मियों पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे शिकारी नवदिया गेस्ट हाउस की ओर से सीतापुर ब्रांच नहर के किनारे जंगल में हैं। इस पर माधोटांडा पुलिस पहुंची और घेराबंदी की। शिकारियों ने पुलिस टीम को देखते ही फायरिंग कर दी। हालांकि कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की।

इस दौरान आरोपी हरजिंदर सिंह पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया। पुलिस की ओर से चलाई गई गोली दाहिने पैर के घुटने के नीचे लगने से वह घायल हो गया था और भाग नहीं सका। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस और एक खोखा कारतूस की बरामदगी की। अन्य शिकारियों की धरपकड़ के भी प्रयास किए गए लेकिन कोई हत्थे नहीं चढ़ सका। अवैध शस्त्र बरामदगी और मुठभेड़ के संबंध में आरोपी पर अलग से रिपोर्ट दर्ज की गई। चालान कर कोर्ट में पेश करके उसे जेल भेज दिया है। मुठभेड़ करने वाली टीम में इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल, दरोगा अमरीश बाबू, कांस्टेबल हितेश कुमार, सुमित राठी, सतेंद्र कुमार और महिला कांस्टेबल कबिता सिंह थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की और अन्य साथियों के बारे में जानकारी की।जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

### समस्त रेंजों में बढ़ाई गई निगरानी

इधर, बीते दिनों हुई शिकारियों की दस्तक के बाद एक तरफ पुलिस और वन विभाग की टीमें कार्रवाई में जुटी है। वहीं, जंगल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी और सख्ती की गई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीश सिंह ने समस्त रेंज के अधिकारियों समेत अन्य मातहतों को गश्त बढ़ाने और संदिग्धों की चेकिंग कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसकी मॉनिटरिंग भी कराई जा रही है।

> बीते दिनों पीटीआर की बराही रेंज में शिकारियों ने वनकर्मियों पर फायरिंग की थी। इस मामले में माधोटांडा थाने में हत्या की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एक नामजद आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में आरोपी को पैर में गोली लगी है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेजने के साथ ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम लगी है। – **सुकीर्ति माधव**, एसपी

- पकड़े गए आरोपी से तमंचा और कारतूस बरामद, अन्य साथियों की धरपकड़ को प्रयास तेज

# सड़क हादसों में बैंक मित्र समेत दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गजरौला क्षेत्र में बाइक और स्कूटी के बीच हुई टक्कर
- न्यूरिया के टंडोला में ग्रामीण को बाइक ने मारी टक्कर

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम टंडोला निवासी 56 वर्षीय रामऔतार पुत्र श्याम चरण मंगलवार रात को बल्देवपुर चौराहा पार कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर सवार चार युवकों ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए। उन्होंने बाइक सवार दो युवकों को पकड़ लिया, जबकि दो युवक भाग गए। परिजनों ने एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इधर, मंगलवार देर रात थाना गजरौला क्षेत्र में बरखेड़ा मार्ग पर उगनपुर गांव के पास स्कूटी और बाइक में टक्कर हुई। हादसे में स्कूटी सवार थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा निवासी 25 वर्षीय लवलेश पुत्र पप्पू की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम करनापुर निवासी सचिन,करन व पवन घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची गजरौला पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। लवलेश के परिजनों ने बताया कि मृतक यूनियन बैंक बरखेड़ा में बैंक मित्र का कार्य करता था और बरखेड़ा स्थित बैंक से लौट रहा था। मृतक दो बहनों में अकेला भाई था। दूसरी बाइक पर सवार तीनों लोग करनापुर से बरखेड़ा की ओर किसी कार्य से जा रहे थे। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के दिए टिप्स


पुरस्कृत किए छात्रों संग अतिथि एवं प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस पर नेहरू इंटर कॉलेज में हमारी शक्ति हमारा ग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रभागीय निदेशक वन्य एवं वन्य जीव प्रभाग भारत कुमार डीके रहे। पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित उपाय बताए गए। जागरूकता कार्यक्रम हुए। परिसर में पौधरोपण किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य शोभा वर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, रवि, डॉ. महेश, वन दरोगा सोनी सिंह, दिनेश कुमार, शिशुपाल, देवकांत, राजीव ढाली, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुकान पर कब्जा करने की शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** दुकान पर कब्जा करने के एक मामले में मुख्यमंत्री से शिकायत की गई है। सर्किट हाउस बरेली की रहने वाली गायत्री ने शिकायत में बताया कि शहर के मोहल्ला खुशीमल में उनके पिता हरप्रसाद ने वर्ष 2025 में दुकान मोहल्ला आसफजान के एक युवक को दी थी। दिसंबर 2025 में किरायानामा की अवधि पूरी हो गई। इसके बावजूद दुकान खाली नहीं की गई। आरोप है कि दुकान को बेचने का दबाव बनाया जा रहा है। विरोध करने पर अभद्रता की जा रही है। उनका कहना है कि पूर्व में हुई शिकायत पर होली तक का समय देने की बात कही गई थी लेकिन इसके बाद भी दुकान खाली नहीं की गई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# दो प्रधान व सचिवों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निरीक्षण में लापरवाही पर भड़के डीपीआरओ
- दो ग्राम पंचायतों में संचारी रोग अभियान की खुली पोल

**अमृत विचार:** जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर शासन की सख्ती के बावजूद धरातल पर लापरवाही बरती जा रही है। बुधवार को डीपीआरओ ने जब बरखेड़ा और बीसलपुर ब्लाक की ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया, तो वहां अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। इस पर डीपीआरओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित ग्राम प्रधानों और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

जनपद में संचारी रोगों से निपटने के लिए बीते 01 अप्रैल से सभी 720 ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिलास्तर से सभी पंचायतों में फॉगिग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य की मॉनिटरिंग निगरानी एजेंसी के माध्यम से की जा रही है। लापरवाही मिलने पर अब तक आधा दर्जन सफाईकर्मी निलंबित भी किए जा चुके हैं। इधर डीपीआरओ रोहित भारती ने बुधवार को बरखेड़ा ब्लाक की ज्योहरा कल्यानपुर का औचक निरीक्षण किया।

यहां ग्राम सचिवालय के निरीक्षण के दौरान कई कमियां उजागर हुईं। गांव में गंदगी देख डीपीआरओ का पारा चढ़ गया। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि गांव में न तो एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया है और न ही फॉगिंग मशीन चली है। इसके बाद वे बीसलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रिछोला सबल पहुंचे। यहां भी स्थिति कमोवेश वैसी ही पाई गई। सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी मिली।

ग्राम सचिवालय की दशा और सफाई कार्य में लापरवाही पर डीपीआरओ ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से जमकर नाराजगी जताई और कमियों को दुरुस्त कराते हुए दोनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो ग्राम पंचायतों में कमियां मिली हैं। संबंधित ग्राम प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें तत्काल कमियां दूर कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

# किशोरी को ले गया बहन का देवर एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी पांच वर्ष पूर्व पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के युवक से हुई थी। आरोप है कि उसकी बड़ी पुत्री का देवर उसके घर आया था। अपनी पुत्री का देवर समझकर मेहमान नवाजी की। 12 अप्रैल को आरोपी उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। आरोपी घर में रखे 57 हजार रूपये और सोने के जेवर भी ले गया। जानकारी होने पर जब उन्होंने अपनी बड़ी पुत्री की ससुराल में शिकायत की, तो उसके परिवार ने मारपीट की। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# टनकपुर हाईवे पर नारेबाजी कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में किए गए मतदान को लेकर हुआ प्रदर्शन


विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में किए गए मतदान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस और उसके अन्य सहयोगी दलों के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान पुतला भी फूंका गया।

बुधवार दोपहर बाद कार्यकर्ता टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा पर एकत्र हुए। इसके बाद सपा कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुतला भी फूंका गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, चेयरमैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया संदीप कौर, अभिषेक सिंह गोल्डी, अंशुमन तिवारी, हर्षित चौधरी, अमनदीप मिश्रा सुनीता सिंह, रत्ना शुक्ला, अनूप बाल्मीकि, प्रतीक पांडेय, नगराध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, विपिन मिश्रा, शुभम भारती, उज्जवल वर्मा, दीप अग्रवाल, अवतार सिंह मोनू, हिमांशु जैसवार, शिवम माथुर, अभिमन्यु गंगवार, सत्यपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगे 14.5 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिलसंडा

- दिल्ली के जालसाज ने भूतपूर्व सैनिक से की ठगी

**अमृत विचार :** भूतपूर्व सैनिक के बेटे को विदेश भेजने के नाम पर जालसाज ने लाखों रुपये ठग लिए। कई माह तक टालमटोल करता रहा और फिर रुपये वापस करने से इनकार कर दिया। एसपी के आदेश पर करेली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

करेली थाना क्षेत्र के ग्राम भदेनकंजा के रहने वाले रनधीर सिंह पुत्र बलकार सिंह ने करेली थाने में दी तहरीर में बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक हैं। उनका पुत्र रनजीत सिंह पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहता था। परिवार के ही परिचित मंगोल पुरी दिल्ली क्षेत्र के रहने वाले मंदीप सिंह उर्फ सन्नी से संपर्क हुआ। उसने बताया कि वह आइलेट्स सेंटर चलाता है। कई बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भिजवा चुका है। उसका दिल्ली में कार्यालय है। बेटे को विदेश भेजने के लिए वीजा के नाम पर पंद्रह लाख रुपये खर्च बताया। इस पर विभिन्न खातों से पीड़ित ने तेरह लाख सात हजार और पचास हजार रुपये नकद दिए। साढ़े चौदह लाख से अधिक रकम प्राप्त करने के बाद आरोपी ने टालमटोल की लेकिन वीजा नहीं लगवाया। पूछने पर झूठ बोलता रहा। जानकारी करने पर सामने आया कि आरोपी ने वीजा के लिए पुत्र की फाइल लगाई ही नहीं है। पीड़ित दिलली गए और बात करनी चाही। इस दौरान आरोपी के माता-पिता ने भी टालमटोल कर दी। जिसके बाद रकम लौटाने से इन्कार कर दिया और धमकी दी। करेली पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पराली में लगी आग, दमकल विभाग की टीम ने पाया काबू


खेत में जलते भूसे के गूगे।

**बीसलपुर, अमृत विचार :** खेत पर खड़ी पराली में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग फैलती चली गई। इस दौरान करीब पांच बीघा गेहूं भी चपेट में आ गया। दमकल टीम ने बमुश्किल आग पर काबू किया।

क्षेत्र के ग्राम जसौली दिवाली में गेहूं काटने के बाद खेतों में पराली छोड़ दी थी। बुधवार शाम चार बजे खेतों में खड़ी हुई परली में आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने विक्राल रुप ले लिया। गांव के ही ठाकुर जी महाराज मंदिर के सर्वराकार सियाराम द्वारा खेत में बोया गया करीब पांच बीघा गेहूं भी आग की चपेट में आकर जल गया। सूचना मिलने पर दमकल टीम पहुंची। एसडीएम नागेंद्र पांडेय राजस्व टीम संग पहुंचे। बमुश्किल आग बुझाई जा सकी। एसडीएम ने राजस्व टीम को सर्वे का नुकसान कर आकलन कर रिपोर्ट मांगी है।

### भूसे के गूंगों में लगी आग, जला भूसा

क्षेत्र के ग्राम सादिया में सरदार जसपाल सिंह ने गेहूं काटने के बाद भूसे के तीन बड़े-बड़े गूगे खेत में बनाकर खड़े कर दिए थे। इसमें भारी मात्रा में भूसा भरा था। इस दौरान बुधवार को भूसे के गूगों में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की।

# अब महाराष्ट्र की प्राइमरी रेस्पांस टीम भी पीटीआर में सीखेगी वन्यजीव प्रबंधन के गुर

- ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व की 10 सदस्यीय पीआर टीम कल पहुंचेगी पीटीआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघ मित्र मॉड्यूल की गूंज देश भर में सुनाई दे रही है। बाघों के निगरानी समेत मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने में मुफीद साबित हो रहे इस मॉड्यूल समेत टाइगर रिजर्व के वन एवं वन्यजीव प्रबंधन का गुर सीखने के लिए महाराष्ट्र के तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व की 10 सदस्यीय प्राइमरी रेस्पांस टीम 24 अप्रैल को यहां पहुंच रही है। यह टीम दो मई तक यहां प्रवास कर टाइगर रिजर्व में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का गहन अध्ययन करेगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के चलते देश-दुनिया में मशहूर हो रहा है। बाघों की सुरक्षा एवं निगरानी समेत मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में पीलीभीत टाइगर रिजर्व का बाघ मित्र मॉड्यूल भी खासा मुफीद साबित हो रहा है। बाघ मित्र माड्यूल को कारगर होता देख इसे अब अमानगढ़ टाइगर रिजर्व समेत अन्य पांच वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लागू किया जा चुका है। टाइगर रिजर्व प्रशासन भी सीमित संसाधनों के दम पर वन एवं वन्यजीव प्रबंधन में एक मिसाल कायम कर रहा है। तमाम टाइगर रिजर्व के वन अफसर एवं वनकर्मी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आकर यहां के वन एवं वन्यजीव प्रबंधन समेत अन्य कार्यक्रमों का बारीकी से अध्ययन कर चुके हैं। अब महाराष्ट्र के ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत सामुदायिक क्षेत्र में कार्य करने वाली प्राइमरी रेस्पांस टीम का एक 10 सदस्यीय दल 24 अप्रैल को पीलीभीत टाइगर रिजर्व आ रहा है।

### बाघ मित्र समेत वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट का करेंगे गहन अध्ययन

विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व का 10 सदस्यीय दल यहां बाघ मित्र मॉड्यूल के अलावा पीलीभीत टाइगर रिजर्व का वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट, वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन, पर्यटन संबंधी गतिविधियों एवं सामुदायिक क्षेत्रों में आजीविका सृजन समेत अन्य कार्यक्रमों का गहन अध्ययन करेगा। उन्होंने बताया कि यह दल 02 मई को ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व के लिए रवाना हो जाएगा। बता दें कि गत वर्ष पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 20 बाघ मित्रों का दल तडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व गया था। बाघ मित्रों ने तडोबा टाइगर रिजर्व के जंगल वॉलंटियर्स को अपने कामकाज के तौर-तरीकों से रूबरू कराया था।

## न्यूज डायरी

### सतत् विकास में युवाओं की भूमिका बताई



**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर सतत् विकास में युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यशाला हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ डॉ. मोनिका मेहरोत्रा ने पर्यावरणीय संकटों और इनसे निपटने के तरीकों पर चर्चा की। प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। डॉ. अनुपम कुमार ने पर्यावरणीय समस्याओं के हल में सहयोग की अपील की। प्रोफेसर विपिन कुमार नीरज ने पर्यावरणीय अनुकूल व्यवहार के लिए प्रेरित किया। संचालन मुकुल कुमार ने किया। इस मौके पर सतेन्द्र नारायन, विनय कुमार, प्रणव शर्मा, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ.विजय अग्रवाल, डॉ. विशाल सक्सेना, डॉ.केपी सिंह, डॉ.जितेन्द्र नाथ मिश्रा, शैफाली सक्सेना, कविता कनौजिया आदि मौजूद रहे।

### पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के उपाय बताए



**पीलीभीत, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रार्थना सभा में प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में जानकारी दी। पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ इसके विभिन्न उपाय अपनाए जाने को प्रेरित किया। जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। घर, आस-पास और गांव में स्वच्छता बनाए रखने, गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने और पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के उपाय बताए। चित्रकला/पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके विजेता आस्था शर्मा, रेनु कुमारी, गुंजन, दीक्षा, हेमलता, अनुज, यशपाल, आदित्य, आर्यन कुमार मौर्य, योगेश कुमार, अमन, आकाश आदि को सम्मानित किया। नुक्कड़ नाटक भी कराए गए। ममता देवी, प्राझी अग्रवाल, अंजना शुक्ला मौजूद रहे।

### कोई करे दुर्व्यवहार तो डरें नहीं, शिकायत को आगे आएं



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** हरप्रसाद रामप्यारी महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न व अवांछित व्यवहार से बचाव के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता प्राचार्या डॉ. वन्दना शर्मा ने कहा कि आज के समय में किसी भी छात्रा या महिला को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। अगर उसके साथ कोई दुर्व्यवहार करता है तो बिना डरे उसकी शिकायत करें। सम्पूर्ण कार्यवाही में पीड़िता का नाम कही भी सामने नहीं आयेगा। डायल 112 व 1090 जैसे टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराएं। पहचान भी गुप्त रखी जाएगी। चीफ प्रॉक्टर कौशल कुमार गंगवार ने कहा कि आप अपनी परेशानी या शिकायत व आवश्यकता के बारे में बताएं। महाविद्यालय अपने स्तर से या शासन स्तर से निवारण कराने के लिए हर समय प्रयत्नशील है। प्रबन्ध निदेशक डॉ. अनूप बेरी, मुकेश कुमार गुप्ता, आशीष गुप्ता ने भी विचार व्यक्त कर जागरूक किया।

### बच्चों और शिक्षकों को उपहार स्वरूप दिए पौधे



**पीलीभीत, अमृत विचार :** कौशिक विजडम स्कूल में अर्थ डे मनाया गया। मुख्य अतिथि महंत अवनेश कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक, प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने पौधरोपण किया और बच्चों व शिक्षकों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट किए। प्ले ग्रुप व प्रीनर्सरी के बच्चों को ओशियन क्लीनअप एक्टिविटी के जरिए ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। केजी व एक के बच्चों को ब्लू व ग्रीन डस्टबिन का अर्थ व सही उपयोग सिखाया गया। कक्षा दो व तीन के बच्चों ने स्लोगन व कोलाज मेंकिंग एक्टिविटी में भाग लिया। चार व पांच के बच्चों ने भाषण प्रस्तुत कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने का संदेश दिया।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# बंद मकान को निशाना बनाकर चोर समेट ले गए नकदी-जेवर

## रिश्तेदारी में बरेली गया था परिवार, छत पर पड़ा जाल हटाकर घुसे और की घटना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



घटना की जानकारी देते पीड़ित परिजन। ● अमृत विचार



छत से जाल हटाकर इसी रास्ते चोरों ने घर में किया प्रवेश।

- जहानाबाद पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी सुरागरसी में जुटी

**अमृत विचार :** छत पर पड़े जाल को खोलकर चोर बंद मकान में प्रवेश कर गए। इसके बाद कमरों में पहुंचकर सामान खंगाल दिया। नकदी जेवरात समेत काफी सामान समेटकर भाग गए। वापस घर आने पर गृहस्वामी को घटना की जानकारी हुई तो होश उड़ गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका। पुलिस पूर्व की घटनाओं की भांति जल्द खुलासे का आश्वासन देकर चलती बनी।

घटना जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर में हुई। गांव के ही नरेंद्र गंगवार पुत्र लाखन सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल को शाम 4 बजे वह पत्नी ममता को लेकर अपनी ससुराल भुता (बरेली) के ग्राम गंगापुर गए थे। मकान को ताला लगा दिया था। परिजन की गैर मौजूदगी में चोरों ने बंद मकान को निशाने पर ले लिया। छत पर पड़े जाल को खोलकर चोर मकान में घुस गए। इसके बा कमरे व अलमारी का ताला तोड़कर घटना की। 21 अप्रैल को जब वह वापस घर आए तो सामान बिखरा देख होश उड़ गए। चेक करने पर पता चला कि चोर मकान में रखा सोने का हार, तीन अंगूठी, मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक सोने का पैंडल, मांगटीका, दो चेन चांदी की, दो जोड़ी बिछिया, तीन जोड़ी पायल, चांदी का सिक्का, 25 हजार रुपये समेट ले गए थे। चोरी का शोर मचते ही आसपास के ग्रामीण भी जमा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़छाड़

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोचिंग जा रही एक छात्रा से युवक ने छेड़छाड़ की। विरोध किया तो आरोपी धमकाते हुए भाग गए।

कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा नौ की छात्रा है। 20 अप्रैल की शाम करीब साढ़े छह बजे कोचिंग के लिए अवधनगर कॉलोनी जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में पड़ोस का विनोद पुत्र टोडीलाल ने उसे रोक लिया और अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। शोर मचाने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, थाना जहानाबाद क्षेत्र की युवती ने बताया कि उसने अर्जुन पुत्र तोताराम के खिलाफ पहले ही छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बावजूद आरोपी उसे लगातार धमका रहा है। मोबाइल पर धमकी भरे वीडियो भेजकर डराया जा रहा है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हादसों में महिला समेत आठ घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। जनपद लखीमपुर के गांव चांदगोई निवासी मनीष कुमार पुत्र रघुनाथ बाइक से पीलीभीत की ओर जा रहे थे। ग्राम खनंका उचसिया के पास पहुचंते ही सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। इसमें मनीष, नीरज पत्नी अवनीश, वैष्णवी और मीरा घायल हो गए। उधर, तिलहर शाहजहांपुर के ग्राम बाबूपुर के अक्षय कुमार पुत्र मानसिंह चीनी मिल से पहले ग्राम अहिरपुरा नगला के पास बाइक से पहुंचे। एक वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक स्लिप हो गई और वह घायल हो गए। निगोही शाहजहांपुर के ग्राम महुआ निवासी जनार्दन बाइक से बीसलपुर की ओर आ रहे थे। ग्राम गुलैदा के पास सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में गिर गए। जिससे वह घायल हो गए। करेली थाना क्षेत्र के ग्राम मन्निया गांव निवासी शेरपाल, मोहित कुमार व सुमन लता बरेली से बीसलपुर की ओर बाइक से आ रहे थे। जिओ पेट्रोल पंप के सामने ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

## बच्चों ने बनाए पोस्टर, रोपे गए पौधे



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने पौधरोपण करने के साथ ही पोस्टर और ड्राइंग बनायी। धरती को हरा-भरा रखने और इसकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिज्ञा की। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. नीतू सिंह ने बच्चों के साथ पौधरोपण किया। प्रबंधक मुकेश गुप्ता, डॉ.अनूप बेरी, आशीष गुप्ता ने धरती पर जीवन के महत्व के बारे में समझाया।

## खाली सिलेंडर लदे डीसीएम-कार की टक्कर



हाईवे पर पलटा खाली सिलेंडर लदा डीसीएम। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** असम हाईवे पर खाली सिलेंडर लदे डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर आवागमन कुछ देर बाधित रहा। पुलिस ने वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

हादसा बुधवार दोपहर को असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया नवदिया गांव के पास हुआ। एक डीसीएम में खाली सिलेंडर लदे हुए थे। उसकी टक्कर सामने से आ रही कार से हो गई। टक्कर लगने के बाद कार खाई में जा गिरी। सिलेंडर लदा डीसीएम भी मार्ग पर पलट गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ लग गई और आवागमन प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर एसओ गजरौला बृजवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में दो लोगों को चोटें आई। उन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। इसके बाद मार्ग पर आवागमन सुचारू कराया गया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्ट्स मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


## पृथ्वी के महत्व को बताया, बनाई रंगोली



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली बनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दोनों शाखाओं में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम हुए।

टनकपुर रोड स्थित शाखा में कक्षा चार के बच्चों ने विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इसमें पृथ्वी के महत्व पर प्रकाश डाला। पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और पृथ्वी को बचाने की शपथ ली। छात्राओं ने मनमोहक रंगोली सजाई। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा और प्रबंधक देवेंद्र सिंह छावड़ा ने विचार रखे। इस मौके पर शालू सूरी, झलक अग्रवाल, भावना, वंशिका सिंह, रीता सिंह, सान्या आदि मौजूद रहे।

## चित्रकला में मानवी, प्रश्नोत्तरी में परी आई प्रथम



**पीलीभीत, अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय नखासा नगर क्षेत्र में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और प्रतिभा का परचम लहराया। इसमें मानवी प्रथम, आरोही द्वितीय और प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी में परी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर अमित शर्मा, शाजिया आरिफ, रामविलास, दमेश्वरी आदि मौजूद रहे ।

# तीन पंचायत उत्सव भवन, एफएसटीपी और गोर्वधन प्लांट की मिलेगी सौगात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन ने डीपीआरओ को सप्ताह भर के अंदर प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

> शासन द्वारा नए वित्तीय वर्ष के लिए पंचायत उत्सव भवन समेत कुछ नए विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव मांगे गए हैं। सभी एडीओ पंचायत और सचिवों को निर्देशित किया गया है कि वे मानकों के अनुरूप उपयुक्त स्थलों का चयन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट दें। एक सप्ताह के भीतर समस्त प्रस्ताव शासन को भेज दिए जाएंगे, ताकि विकास कार्यों को समय से धरातल पर उतारा जा सके। - **रोहित भारती**, डीपीआरओ

**अमृत विचार :** जनपद को चालू वित्तीय वर्ष में पंचायत उत्सव भवनों, एफएसटीपी प्लांट समेत अन्य नए विकास कार्यों की सौगात मिलने वाली है। शासन ने पंचायती राज विभाग से नए विकास कार्यों को लेकर सप्ताह भर के भीतर प्रस्ताव मांगे हैं। इस बाबत डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिवों को जल्द प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए जनपद से नए विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में जनपद में 03 पंचायत उत्सव भवन, 10 अंत्येष्टि स्थल और 04 बहुउद्देशीय पंचायत भवनों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही एक एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) और एक गोवर्धन प्लांट के लिए भी जगह चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने को कहा गया है। शासन की सख्ती के बाद प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से भेजने के लिए डीपीआरओ रोहित भारती ने सभी एडीओ पंचायत और पंचायत सचिवों के साथ बैठक की है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में इन निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। डीपीआरओ ने हिदायत दी कि प्रस्ताव तैयार करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि शासन ने इसके लिए मात्र एक सप्ताह का समय दिया है। बता दें कि पिछले वित्तीय वर्ष में जनपद का पहला पंचायत उत्सव भवन पूरनपुर ब्लॉक के बिलंदपुर अशोक में स्वीकृत किया गया था, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहा है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत अजीतपुर बिल्हा में एक एफएसटीपी प्लांट का प्रस्ताव भी पूर्व में भेजा जा चुकी है।

न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** जंगबहादुरगंज मोहम्मदी मार्ग शारदा नहर के कुतबापुर पुल के पास अपरान्ह दो बजे ई-रिक्शा पलट गया, जिससे छह सवारियों में एक महिला के गंभीर चोट आई है। अन्य सवारियों को हल्की-फुल्की चोट ही लगी। हरदोई के पारा पुरवा निवासी 22 वर्षीय सरला के पैर में गंभीर चोट होने पर उसे सीएचसी पसगवां भेजा गया, जहां से उसे शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

### मामूली कहासुनी में दंपती व उसके भाई को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के रामलाल पुरवा मजरा चकहा निवासी राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे गांव के घनश्याम से कहासुनी हो गई। इस पर घनश्याम ने गाली-गलौज करते हुए मारना-पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी सुमन और भाई सुकई को भी मारा पीटा जिससे वह घायल हो गए। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आग लगने से दो झोपड़ियां राख

**धौरहरा, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर ग्राम रंजीत गंज में आग लगने से राम जीवन व बंसीलाल के घर जलकर राख हो गए। घर में रखा अनाज, चारपाई, बर्तन, कपड़े व नगदी समेत गृहस्थी का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों के साथ मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तेज हवाओं के चलते आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# कम होने का नाम नहीं ले रहा पेट्रोलियम संकट, जिले को मिली पर्याप्त सप्लाई

## कहीं पंप खाली तो कहीं 200 रुपये की पाबंदी, खेतों में सिंचाई व शादियों के आयोजन प्रभावित



लखीमपुर शहर में पेट्रोल पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



गोला के जीओ पंप पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की किल्लत से आमजन परेशान हैं। आलम यह है कि कहीं पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं तो कहीं सीमित मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है।

शहर के कुछ पंपों पर दुपहिया वाहनों को 200 रुपये तक ही तेल मिल रहा है। वहीं, जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह का दावा है कि जिले के लिए पर्याप्त सप्लाई मिल चुकी है। इसके लिए पेट्रोल पंपों पर स्टॉक भी है।

शहर में बुधवार की सुबह अधिकांश पेट्रोल पंप पर तेल खत्म हो गया। इससे संकटा देवी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप और रोडवेज बस अड्डे के पास झंडी पेट्रोल पंप पर भीड़ लग गई।

● **एलपीजी के लिए भी कतार में लग रहे लोग**

> जिले में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है। साथ ही बुधवार को जिले के लिए डीजल, पेट्रोल और एलपीजी का पर्याप्त आवंटन हुआ है, जो देर रात तक यहां पहुंच जाएगी। गुरुवार को सभी पेट्रोल पंप से ईंधन मिलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करें। ईंधन की कोई किल्लत नहीं है। – **अंजनी कुमार सिंह,** जिला आपूर्ति अधिकारी।

भीड़ देख 200 रुपये तक ही पेट्रोल दिया जाने लगा। वहीं, नौरंगाबाद चौराहा, एलआरपी चौराहा, महेवागंज के अलावा धौरहरा, गोला, मोहम्मदी, पलिया, निघासन, कस्ता, मितौली, मैगलगंज में भी डीजल और पेट्रोल को लेकर संकट नजर आने लगा। हर पेट्रोल पंप पर भीड़ रही, जबकि कुछ पूरी तरह बंद रहे। इसी तहर एलपीजी की भी मांग बढ़ने के कारण एजेन्सियों पर लाइन खत्म नहीं हो रही है। आलम यह है कि उपभोक्ता खाली हाथ लौट रहे हैं।

### गोला में भी खत्म होने लगा स्टॉक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर में डीजल और पेट्रोल का स्टॉक खत्म होने लगा है। दरअसल, किल्लत की चर्चा के चलते लोग अधिक मात्रा में डीजल और पेट्रोल खरीद रहे हैं। इससे स्टॉक जल्दी खत्म हो रहा है। बुधवार को लखीमपुर रोड स्थित जीओ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डालने के लिए भीड़ लगी रही, जबकि यहां डीजल का स्टॉक खत्म हो गया। वहीं, श्री साईं पेट्रोल पंप पर डीजल और पेट्रोल के लिए ग्राहकों की भीड़ रही। नगर के लखीमपुर रोड स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप पर डीजल और पेट्रोल का स्टॉक खत्म हो गया।

### पड़ोसी जिलों से आ रहे लोग, इसलिए हुई किल्लत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सेल्स ऑफीसर हिमांशु मिश्रा ने बताया कि ऐसी कोई बड़ी दिक्कत नहीं है। हालांकि इन दिनों कई जगहों पर अफवाहों के चलते लोग ज्यादा डीजल-पेट्रोल भी ले रहे हैं। धौरहरा में डीजल-पेट्रोल लेने के लिए लोग बहराइच तक से पहुंच रहे हैं। इससे ईंधन जल्द खत्म हो रहा है। लोड आने के लिए निर्धारित समय से पहले डीजल-पेट्रोल खत्म होने से दिक्कत आ रही है।

## 30 अप्रैल तक चलेगा जल शक्ति अभियान कैच द रेन

● **गर्मी व जल संकट के चलते स्कूलों में जल संरक्षण को चल रहा विशेष अभियान**

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** बढ़ती गर्मी और जल संकट को देखते हुए जिले के स्कूलों में इन दिनों जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जल शक्ति अभियान-कैच द रेन के तहत जल पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जो 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस अभियान के जरिए छात्रों और शिक्षकों को जल बचाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पानी की महत्ता को समझाया जा रहा है।डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम, रैली, प्रतियोगिताएं और अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों से कहा है कि वे 30 अप्रैल तक निर्धारित गतिविधियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराएं और इसकी रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराएं। इस पहल से छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने और समाज में सकारात्मक संदेश जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## नवागत डीएम ने ग्रहण किया पदभार



जिला कोषागार में कार्यभार ग्रहण करते नवागत डीएम अंजनी कुमार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **बोले-जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना प्राथमिकता**

**अमृत विचारः** नवागत डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बुधवार को जिला कोषागार पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। वह 2014 बैच के आईएएस हैं। पदभार सम्भालने के उपरान्त उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर हो, इसे सुनिश्चित कराएं। फरियादी की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें। अधिकारी सजग और प्रो-एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें।

नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा और जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा। आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी। नवागत डीएम ने आमजन को भरोसा दिलाया कि उनका कार्यालय हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुला रहेगा।

जनता सीधे मिलकर या फोन के जरिए अपनी समस्या रख सकेगी। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। नवागत डीएम के कार्यभार ग्रहण करने के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम (न्यायिक) बृजपाल सिंह, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रिटायर्ड शिक्षक दे सकेंगे सरकारी स्कूलों में निःशुल्क सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **कई विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक के पद खाली होने से पढ़ाई हो रही प्रभावित**

**अमृत विचारः** जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अब रिटायर्ड शिक्षकों और अधिकारियों से निःशुल्क (स्वैच्छिक) सेवाएं ली जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि गेस्ट फैकल्टी के रूप में ऐसे अनुभवी लोगों को पढ़ाने का अवसर दिया जाएगा जो अपनी इच्छा से शिक्षा कार्य करना चाहते हैं।

डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि कई विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक के पद खाली हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नियमित भर्ती प्रक्रिया में समय लगने के कारण यह वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की गई है, लेकिन इसमें किसी प्रकार का वेतन या मानदेय नहीं दिया जाएगा। गेस्ट फैकल्टी के चयन के लिए जिला स्तर पर एक पैनल बनाया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे। इस पैनल में वित्त एवं लेखाधिकारी, राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रधानाचार्य और जिला समन्वयक अधिकारी को शामिल किया जाएगा। यह पैनल विद्यालयों में खाली पदों का आंकलन करेगा और इच्छुक रिटायर्ड शिक्षक, अधिकारी या अन्य योग्य अभ्यर्थियों को आमंत्रित करेगा।

इसके लिए जनपद स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक ऐसे रिटायर्ड शिक्षक इस पहल से जुड़ सकें जो अपनी इच्छा से निःशुल्क सेवाएं देना चाहते है। गेस्ट फैकल्टी के रूप में वही लोग शामिल होंगे, जो निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखते हों और जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो। साथ ही यह सेवा पूरी तरह स्वैच्छिक होगी, जिसमें चयनित व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार शिक्षण कार्य कर सकेंगे।

## स्पार्किंग से लगी आग से तीन बीघा गेहूं जला

**उचौलिया, अमृत विचारः** उचौलिया थाना क्षेत्र में जलालपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पीछे गेहूं के खेतों में आग लगने से करीब तीन बीघा गेहूं जल गया। पेट्रोल पंप के पीछे बिजली के तारों में स्पार्किंग की बजह से आग लगी। लम्बी लम्बी लपटें उठती देख ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से दौड़कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके लिए ट्रैक्टर व खेतों को जोतने वाले उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाया गया। इस दौरान जलालपुर गांव निवासी सद्दीक पुत्र सल्हारी की तीन बीघा गेहूं जल गया। सूचना पर मौके पर उचौलिया प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह अपने दल-बल के साथ पहुंचे। वहीं समाजिक व लोगों की मदद में जुटी रहने वाली सेवा का जुनून की टीम पहुंची। उनकी ओर से संजीत सिंह सनी ने मौके पर एसडीएम मोहम्मदी, नायब तहसीलदार व सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह को घटना के बारे में जानकारी दी।

## जिले में चार दिन भीषण गर्मी के आसार

● **अगले दो दिनों में तापमान 42 से 45 डिग्री पहुंचने की संभावना**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू का असर तेज रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लखीमपुर खीरी के लिए अलर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो सकती है। अनुमान के अनुसार अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार 25 अप्रैल तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। दोपहर के समय लू चलने की स्थिति बन रही है, जिसके चलते बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है। जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में आवाजाही कम हो रही है, जबकि लोग जरूरी कार्यों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं। गर्म हवाओं के कारण खुले स्थानों पर काम करने वाले मजदूर, किसान और राहगीरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के व ढीले कपड़े पहनने की अपील की गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लू के बढ़ते असर को देखते हुए बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।



धूप की तपिश से बचाव के लिए छाता लेकर जाता नवयुगत। ● अमृत विचार

### लू से बचने के लिए सावधानियां

भीषण गर्मी और लू को देखते हुए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है। बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें और हल्के, ढीले व सूती कपड़े पहनें। शरीर में पानी की कमी न होने दें, इसके लिए दिनभर पर्याप्त पानी, नींबू पानी, छाछ और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। धूप से आने के तुरंत बाद ठंडा पानी पीने से बचें। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें और उन्हें तेज धूप में बाहर न निकलने दें। चक्कर, तेज सिरदर्द, उल्टी या अत्यधिक पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। घर और कार्यस्थल पर ठंडक बनाए रखने के उपाय करें और सीधे धूप के संपर्क से बचें।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

**FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**FACULTY OF FINE ARTS**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम पर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

## गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गांधी विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को जागरूक करते प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित।

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह के तहत विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी को बचाने के महत्व के प्रति जागरूक किया।

नगर की मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि पृथ्वी ही हमारा एकमात्र घर है और अगली पीढ़ियों को सुरक्षित धरती प्रदान करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। आज सीएफसी गैस के अधिक उत्पादन से तापमान में अनियंत्रित वृद्धि हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की अनियमितता देखी जा रही है। निरन्तर पौधरोपण, कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण करने, सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा के उपयोग के बारे में जागरूक किया। बताया कि छोटी छोटी आदतें बिजली बचाना, पेड़ लगाना, पानी का संरक्षण, प्लास्टिक का उपयोग कम करना बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षक उद्धव श्याम तिवारी, लिपिक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पृथ्वी दिवस पर दुधवा में आयोजित हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया के पर्यटन परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यशाला में दुधवा के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा वन एवं वन्य जीव आधारित पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित मॉडल बनाए। वन अधिकारियों व अतिथियों ने मॉडल देख सराहना की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल कनौजिया, द्वितीय अनुष्का गुप्ता, पलिया व तृतीय समनप्रीत कौर रहीं, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम अनन्या अग्रवाल, द्वितीय प्रभजोत कौर व तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया। थ्रीडी मॉडल में समृद्धि मौर्या प्रथम, ओजस शर्मा द्वितीय, तनु राठौर तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यशाला में उपप्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां दीपक पांडे, रोली सिंह, सतीश चंद्र राठौर, हंसराम, सुनित कुमार, अनुराग, गरिमा वन दरोगा, हिमांशी आदि मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब पलिया ने निकाली साइकिल रैली



**पलिया कलां, अमृत विचार :** विश्व भू दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डीजल, पेट्रोल व अन्य ऊर्जा स्रोतों को अधिक से अधिक बचाने के लिए रोटरी क्लब पलिया ने बुधवार को प्रातः नगर में साइकिल रैली निकाल कर समाज को एक संदेश दिया, जिसमें कम दूरी तक पैदल अथवा साइकिल पर चलने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रैली का शुभारंभ सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने पृथ्वी दिवस का महत्व समझाने के बाद झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, गगन मिश्रा, रो. सलिल अग्रवाल, रो.अंकुर गोयल, रो. डीके श्रीवास्तव, संदीप बंसल, दिनेश गर्ग, प्रशांत बरनवाल, रितेश अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उधर, द नेचर समिति द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक गोष्ठी आयोजित कर छात्रों को पृथ्वी दिवस का महत्व समझाया गया। समिति के अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव, अर्पित शर्मा सहित कई सदस्यों ने प्रकृति के संतुलन के लिए वनों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को आवश्यक बताया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में हाइडिल पहुंचीं महिलाएं

**पलिया कलां, अमृत विचारः** बिजली के स्मार्ट मीटर के खिलाफ नगर के कई मोहल्लों की महिलाओं ने आज हाइडिल पहुंचकर जबर्दस्त नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महिलाओं का गुस्सा उस समय और बढ़ गया जब अधिशासी अभियंता निशांत ज्योति अपने दफ्तर में नहीं मिले। नतीजा, उन्होंने जोर जोर से नारेबाजी करना शुरू कर दिया। जिसे सुनकर मौके पर पहुंचे एसडीओ दीपक सिंह ने उन्हें समझाने का काफी प्रयास किया और कहा कि उनकी शिकायतें उच्चाधिकारियों तक पहुंचा दीं जाएंगी। महिलाओं का आरोप था कि उनके घरों में जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, बिजली बिल में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो गई है, जिससे उन पर बेवजह आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कुछ महिलाओं ने बताया कि रिचार्ज करने के चंद दिनों बाद ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में मोहल्ला अहिरान, मो. बाजार व किसान आदि मोहल्लों की अनेक बिजली उपभोक्ता महिलाएं मौजूद रहीं।

# किसानों में कंबाइन से गेहूं कटाई के बाद भूसा बनाने की लगी होड़

संवाददाता, मूड़ा सवारान



गेहूं के खेत में भूसा बनाती रीपर मशीन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** क्षेत्र में इन दिनों गेहूं की कटाई पूरे जोरों पर चल रही है। कंबाइन मशीनों के जरिए तेजी से फसल काटी जा रही है, जिससे किसानों को कम समय में अधिक काम निपटाने में सहूलियत मिल रही है। किसान जल्द से जल्द अपनी फसल सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में जुटे हैं।

कंबाइन मशीन से कटाई के दौरान गेहूं की कटाई और मड़ाई एक साथ हो जाती है, जिससे साफ अनाज सीधे प्राप्त हो जाता है और किसानों को अलग से मड़ाई या सफाई नहीं करनी पड़ती। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है, लेकिन इस प्रक्रिया में भूसा तैयार नहीं हो पाता, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। कंबाइन से कटाई के बाद खेतों में बड़ी मात्रा में नरई (फसल का बचा हुआ हिस्सा) रह जाती है। अब इसी नरई को काटकर भूसा बनाने के लिए किसान रीपर मशीनों का सहारा ले रहे हैं। रीपर मशीनें नरई को काटकर उसे भूसे में बदल देती हैं, जिससे पशुओं के चारे की जरूरत पूरी की जा सके।

**● रीपर मशीनों की बढ़ी मांग, दिन-रात खेतों में चल रहा काम**

भूसे की बढ़ती कीमतों और कमी को देखते हुए किसान अब गेहूं की कटाई के साथ-साथ भूसा तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। पशुपालन करने वाले किसानों के लिए भूसा एक जरूरी चारा है, इसलिए वह किसी भी हाल में इसकी कमी नहीं होने देना चाहते। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों हर तरफ भूसा बनाने वाली मशीनों की आवाज सुनाई दे रही है। सुबह से लेकर देर रात तक खेतों में मशीनें चल रही हैं और किसान तेजी से काम निपटाने में लगे हैं। इससे यह साफ है कि इस बार गेहूं की कटाई के साथ साथ भूसा तैयार करना भी किसानों की प्राथमिकता बन गया है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बरवर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला देवीस्थान निवासी राजेंद्र कुमार (45) पुत्र दाताराम की शाहजहांपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपने साले के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए गांव सेपरा, थाना खुटार (शाहजहांपुर) जा रहे थे। शाहजहांपुर-खुटार मार्ग पर रामपुर कलां के पास वह सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए शाहजहांपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया। परिजन उन्हें दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन शव लेकर बरवर पहुंचे। यहां पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रामवेटी के अलावा दो पुत्र हैं। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।



# आर्य कन्या चौराहे पर एकत्रित होकर महिलाओं व युवतियों का जोरदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



आर्य कन्या महाविद्यालय चौराहे में राहुल गांधी का पुतला फूंकतीं महिलाएं।

**अमृत विचारः** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर हुए विरोध और बिल गिराए जाने के खिलाफ शहर में भाजपा की महिलाओं और युवतियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के आर्य कन्या चौराहे पर एकत्रित होकर महिलाओं ने विपक्ष के प्रति आक्रोश जताते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष द्वारा इसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कदम से महिलाओं को राजनीति और समाज में आगे बढ़ने से रोका जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने नारी सम्मान में बाधा नहीं सहेंगे, महिला अधिकारों का हनन बंद करो जैसे नारे लगाए। बड़ी संख्या में युवतियों और छात्राओं की भागीदारी ने इस आंदोलन को और प्रभावी बना दिया। इस मौके पर भाजपा की मंजू लता श्रीवास्तव, पारुल गुप्ता, अनीता निगम, कीर्ति गुप्ता, संतोष कुमारी सिंह, उमा राज, सीमा वर्मा और संगीता पुरी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

**● राहुल गांधी का पुतला फूंककर विपक्ष के प्रति जताया आक्रोश**

वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए इस तरह के आंदोलन आगे भी जारी रहेंगे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन इसमें महिलाओं ने स्पष्ट किया कि यदि महिलाओं से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की गई तो वे और बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगी।

# कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी



कपड़े की दुकान में वारदात के बाद बिखरा सामान। ● अमृत विचार



जांच पड़ताल करती पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम (खीरी)

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र में कैमा बुजुर्ग चौराहे पर दुकान से लाखों का कपड़ा और नगदी चोरी हो गई। इससे क्षेत्र में चोरों का भय व्याप्त है।

21-22 अप्रैल की रात कैमा बुजुर्ग चौराहे पर विकास जायसवाल की कपड़े की दुकान में चोरों ने ताला काटकर करीब 12,600 रुपये नकद के साथ लगभग तीन लाख रुपये का कपड़ा चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जब विकास जायसवाल दुकान खोलने पहुंचे, तो ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

**● सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो हुई घटना की जानकारी**

**● करीब 12600 रुपये नकद और तीन लाख के कपड़े चोरी**

गौरतलब है कि इससे पहले 16-17 अप्रैल की रात भी अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के चार गांवों में छह दुकानों को निशाना बनाया था। कुछ स्थानों पर चोरी की कोशिश नाकाम रही, लेकिन कई जगहों से सामान चोरी हो गया था। लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

उधर, एसपी के निर्देश पर देर शाम घटना के अनावरण के लिए क्राइम ब्रांच टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल की। इस बाबत नीमगांव थानाध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने की जाएगी। इसके अलावा संदिग्धों से पूछतांछ की जा रही है। साथ ही पुलिस टीम दबिश देकर धड़पकड़ भी कर रही है।

## पुण्यतिथि पर संस्थापक को किया गया याद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को संस्थापक स्व. राजा युवराज दत्त सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत कुमार पाल ने संस्थापक के योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में स्थापित संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। इस दौरान शिक्षकों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि सभा के साथ किया गया।

# यूपी बोर्डः रिजल्ट जानने को विद्यार्थियों में उत्सुकता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम आज शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। रिजल्ट को लेकर जिले के हजारों छात्र-छात्राओं में उत्साह और हलचल का माहौल बना हुआ है। लंबे इंतजार के बाद आज परिणाम आने से परीक्षार्थियों के भविष्य की दिशा तय होगी।

इस वर्ष जिले से कुल 92,930 छात्र-छात्राएं यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें हाईस्कूल के 50,188 और इंटरमीडिएट के 42,472 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जैसे-जैसे रिजल्ट की घड़ी नजदीक आ रही है, छात्रों और अभिभावकों की उत्सुकता भी बढ़ती जा रही है। कई छात्र इंटरनेट और मोबाइल के जरिए रिजल्ट चेक करने की तैयारी कर चुके हैं। इस बार हाईस्कूल वर्ग में 28,221 बालक और 21,967 बालिकाएं शामिल हुई थीं, जबकि इंटरमीडिएट में 24,189 बालक और 18,853 बालिकाएं परीक्षा में बैठे थे। कुल मिलाकर जिले में 50,188 बालक और 42,742 बालिकाएं पंजीकृत रहीं। परीक्षा समाप्त होने के बाद से ही छात्र अपने परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो आज खत्म होने जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि रिजल्ट को लेकर विभाग पूरी तरह सतर्क है और सभी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं धैर्य बनाए रखें और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही अपना परिणाम देखें।

**● जिले के 92,930 परीक्षार्थियों की धड़कनें तेज**

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं देती हैं जीवन जीने की सीख

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** गांव चिंतापुरवा स्थित देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन कथाव्यास मुनीष अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुन श्रोता भव विभोर हो गये।

कथा व्यास मुनीष अवस्थी ने पूतना वध प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए किसी भी रूप में अवतार लेते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं। माखन चोरी व अन्य लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की यह लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गहरे आध्यात्मिक संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाएं हमें सिखाती हैं कि जीवन में प्रेम, स्नेह और सरलता का कितना महत्व हैं।

कथा व्यास मुनीष अवस्थी ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान की भक्ति करता है, उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वे अपने जीवन में भक्ति, सत्य और सदाचार को अपनाएं। इसके पूर्व मुख्य यजमान योगेश कुमार वर्मा एवं लल्ली वर्मा के द्वारा भगवान की आरती की गयी। ओमप्रकाश वर्मा, सौरभ वर्मा, प्रमोद, साक्षि वर्मा, गायत्री वर्मा, हुकुमचंद वर्मा, डाली वर्मा, सरोजनी, आरुषि, अनामिका वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेवरात समेत अन्य सामान चोरी

**केशवापुर, अमृत विचार।** कोतवाली गोला क्षेत्र के बख्खारी गांव निवासी रामकुमार के छोटे पुत्र जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह रात में छत पर सो रहा था, जबकि उसकी मां रामश्री और पिता रामकुमार घर के बाहरी आंगन में अलग-अलग चारपाइयों पर सो रहे थे। बड़े भाई शक्ति कुमार अपनी पत्नी गीता देवी और दो बच्चों के साथ कमरे में सोए हुए थे। रात करीब दो से चार बजे के बीच चोर दीवार के सहारे घर में घुसकर बक्से और अलमारियों में रखे जेवरात चोरी कर लिए। सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इंस्पेक्टर गोला अंबर सिंह को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए हैं।

# सिख सामाजिक न्याय यात्रा लखीमपुर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




प्रेस वार्ता करते सपा के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव।

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में चल रही सिख सामाजिक न्याय यात्रा बुधवार को मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र से गुजरते हुए जिला मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय लोहिया भवन पहुंची। यहां आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि यह यात्रा पीलीभीत से शुरू होकर 15 जिलों का भ्रमण करते हुए सिख समाज को एकजुट करने का प्रयास कर रही है और इसका समापन लखनऊ में होगा।

उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में सिख समाज की भागीदारी को मजबूत करना है। साथ ही, समाज से जुड़ी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है।

प्रेस वार्ता के दौरान सिख समाज की विभिन्न मांगों का भी उल्लेख किया गया। बताया गया कि वर्ष 1984 से गुरुद्वारे के लिए भूमि की मांग लंबित है। ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि पूर्व में इसे हटाए जाने से समाज में असंतोष है।

इसके अलावा, लंबे समय से भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक देने, जनगणना में सिख समाज की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने और शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की मांग भी रखी गई। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर किसानों को जमीन देने का आश्वासन दिया है।

**● एकजुटता और अधिकारों पर दिया जोर**

प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव अमर सिंह सहित परमजीत सिंह, प्रेम सिंह, मुख्तियार सिंह, जितेंद्र सिंह चहल, त्रिलोक सिंह, कुलबीर सिंह, दलजीत सिंह, मन्तजीत सिंह, सरदूल सिंह, भूपेंद्र सिंह, क्रांति कुमार सिंह, अजय सिंह, रितेश भदौरिया, हेमंत भार्गव, अमित वर्मा, एहतिशाम खां, राहुल सिंह और कामिल खान समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को ले जाने वाला बाल अपचारी गिरफ्तार

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 13 अप्रैल को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को किशोर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने शैक्षिक अभिलेखों के आधार पर आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की धाराएं बढ़ाईं। पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को विधिक प्रावधानों के अनुसार 22 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान नई बस्ती धर्मपुर सथरा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद उसे थाने के बाल मित्र कक्ष में रखा गया। इसके बाद किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपी बाल अपचारी को संबंधित किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आगे की कार्रवाई की गई।

### टाटराबाद में पिता-पुत्री पर किया हमला

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव टाटराबाद निवासी केसरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 11 अप्रैल सुबह करीब 7 बजे वह बेटी प्रेमवती के साथ घूरा डालने वाला गड्ढा साफ कर घर लौट रहे थे। रास्ते में राजेन्द्र शर्मा के घर के पास नर सिंह, दान सिंह, जयपाल और ओमकार ने उन्हें घेर लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी और आरोप लगाया कि केसरी और उसकी बेटी ने उनका घूरा काट लिया है। हमले में दोनों को चोटें आईं। मौके पर मौजूद मीना, पप्पू और आकाश ने बीच-बचाव कर किसी तरह उन्हें बचाया।

# खंडहर में तब्दील होता जा रहा पीएचसी

**अमृत विचार अभियान**

## आयुष चिकित्सक के भरोसे चल रहा रोशननगर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता, रोशननगर (खीरी)



अस्पताल परिसर में लगे बढिया, खड़ी ट्राली। ● अमृत विचार



परिसर में उगे झाड़-झंखाड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र के रोशननगर गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) देखरेख और मरम्मत के अभाव में खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं की कमी के चलते यह स्वास्थ्य केंद्र मरीजों के लिए राहत केंद्र बनने के बजाय बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है।

जिला मुख्यालय से करीब 70 किमी और ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर इस पीएचसी पर आसपास के तीन दर्जन गांवों के लोग निर्भर हैं। इसके बावजूद यहां एक भी एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती नहीं है और पूरा केंद्र आयुष चिकित्सक के भरोसे संचालित हो रहा है। यही वजह है कि यहां ओपीडी में रोजाना केवल 40 से 50 मरीज ही पहुंच रहे हैं।

गर्मियों में मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे गंभीर समस्या पेयजल की है। परिसर में लगी पानी की टंकी मोटर खराब होने के कारण बंद पड़ी है। स्टाफ ने निजी स्तर पर एक छोटा नल लगवा रखा है, जिससे सीमित लोगों को ही पानी मिल पाता है। यहां घायलों का उपचार करने के बजाय उन्हें 15 किमी दूर गोला सीएचसी रेफर कर दिया जाता है।

**● पीएचसी पर आसपास के तीन दर्जन गांवों के लोग हैं निर्भर**

> जिले पर डॉक्टरों की कमी है। दिनेश वर्मा की ड्यूटी बांकेगंज सीएचसी पर लगाई गई है। सचिन कुमार रोज आते, जाते हैं। खंडहर बिल्डिंग के बारे में अधिकारियों को बताया जा चुका है। बजट आने पर भवन की मरम्मत कराई जायेगी। - **अमित सिंह,** अधीक्षक सीएचसी बांकेगंज।

सफाईकर्मी न होने से परिसर में झाड़-झंखाड़ उग आए हैं। चपरासी के रूप में राजीव वर्मा तैनात हैं, जबकि वार्ड ब्वॉय का पद रिक्त है। फार्मासिस्ट दिनेश वर्मा की तैनाती तो है, लेकिन उनकी ड्यूटी इस समय बांकेगंज सीएचसी में लगी हुई है। एएनएम प्रीति देवी और मनोरमा देवी का यहां स्थानांतरण होने के बावजूद वे नियमित रूप से ड्यूटी पर नहीं आतीं। स्टाफ नर्स लवली यादव, प्रिया और तरन्नुम सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही मौजूद रहती हैं। पीएचसी में तैनात पांच आशा कार्यकर्ताओं में से भी कोई नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहती।





रोशननगर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

### आवासीय भवन होते जा रहे खंडहर

देखरेख और मरम्मत के अभाव में आवास खंडहर हो गये हैं। खिड़की, दरवाजे गायब हो जाने से असुरक्षा है। बिजली की व्यवस्था है पर दिन में नहीं रहती। तेज हवा चलने के कारण इस समय कुछ पंखे ही काम कर रहे हैं। कई स्थानों पर बल्ब तक नहीं है बिजली जाने के बाद बैकअप के लिए इनवर्टर तक नहीं है।



खिड़की, दरवाजे विहीन पीएचसी भवन।

### अधिकारियों के संज्ञान में हैं पीएचसी की कमियां

अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स लवली यादव ने बताया कि पीएचसी में कमियां संज्ञान में आती है, उन्हें दूर कराया जा रहा है। कुछ अराजक तत्व यहां पर जमावड़ा लगाकर पीएससी में तोड़फोड़ कर देते हैं। इसके लिए चपरासी को रात की ड्यूटी पर रखा जाता है, जिससे कुछ सहूलियत है।

# मुन्नापुरवा अग्निकांड में 30 लाख के नुकसान का अनुमान



जले हुए घर की सफाई करता पीड़ित। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** गांव मुन्नापुरवा में भीषण अग्निकांड से करीब 30 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। राजस्व विभाग की टीम ने आंकलन के बाद यह जानकारी दी। बताया कि अग्निकांड में रक्षपाल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उनके घर में रखी सोने की झुलनिया, दो जोड़ी अंगूठियां, मटर माला, नाक का फूल, मांग टीका, करधनी, पायल, हाथफूल समेत करीब चार लाख रुपये नगद जल गए। नकदी मकान का लिंटर डलवाने के लिए रखी थी। इसके अलावा छत डालने के लिए लगाई गई सटरिंग भी जल गई।

तोताराम के घर में रखी करधनी, कमर बिछुआ, हाथफूल, पायल, अंगूठी और करीब एक हजार रुपये नगद जल गए। वहीं रामनरेश की टीवीएस स्पोर्ट बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्रेमीलाल के

**● 24 घर जलकर हो गए थे राख नकदी और जेवर भी जले**

घर में रखे सोने के झाले, मटर माला, पायल और लगभग 20 हजार रुपये नगद भी आग में स्वाहा हो गए। सरस कुमार के यहां 60 हजार रुपये नकद सहित दोनों भाइयों के करीब तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर जल गए। ग्राम प्रधानपति इकराम अली और लेखपाल अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने अग्नि पीड़ितों को त्रिपाल वितरित कराए और भोजन की व्यवस्था भी कराई।

उधर, आग में झुलसे रोहित कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। पीड़ितों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए और नुकसान की सहायता दी जाए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पहुंचे जताया शोक



आलोक मिश्रा के परिवार को ढांढस बंधाते भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता।

**पलिया कलां, अमृत विचार:** नगर के प्रमुख समाजसेवी आलोक मिश्रा के बड़े भाई अरविंद मिश्रा के असामयिक निधन बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता सहित कई भाजपा पदाधिकारियों ने उनके घर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राय साहब सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना के 46 दिन बाद मौत रिपोर्ट दर्ज

**पसगवां, अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की 46 दिन बाद मौत होने पर पीड़ित पक्ष ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम हैरमखेड़ा निवासी श्रीपाल पुत्र जयराम ने बताया कि उनका भाई सत्यप्रकाश 25 फरवरी की सुबह करीब पांच बजे पिकअप वाहन लेकर शाहजहांपुर से गोंडा जा रहा था। इसी दौरान लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर जंगबहादुरगंज बाइपास स्थित शारदा नहर पुलिया के पास सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पिकअप में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पसगवां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसका इलाज लखनऊ के निजी नोवेल अस्पताल में कराया गया। कुछ दिनों बाद डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया, लेकिन 11 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। मामले में शव का पंचनामा व अन्य विधिक कार्रवाई थाना मैगलगंज में की गई, जबकि मृतक के भाई ने सड़क दुर्घटना में मौत की रिपोर्ट पसगवां थाने में दर्ज कराई है।

# पुलिस ने मोतीपुर बवाल में नामजद प्रधानपति का किया चालान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** थाना मैलानी पुलिस ने बांकेगंज बवाल के मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए वांछित वीरेंद्र कुमार गौतम को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

पुलिस टीम ने 22 अप्रैल को को गुलाब नगर मोड़, संसारपुर रोड से वीरेंद्र कुमार गौतम को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। यद्यपि ग्राम प्रधानपति ने घटना के दो दिन बाद एक वीडियो में यह कहा था कि मुझे इस मामले में गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। चंदा देवी ने पिछले वर्ष भी मेरे विरुद्ध चुनाव लड़ा था। उसमें वह चुनाव नहीं जीत सकी थीं। इस बार वह लड़ना चाहती थीं या नहीं यह मुझे नहीं मालूम। परंतु मुझ पर लगाया गया आरोप गलत है।

बवाल के दौरान मैंने लोगों को समझाया ही था। किसी ने मेरे हाथ में पत्थर, डंडा देखा हो या किसी को गाली देते सुना हो तो कहे।



पुलिस गिरफ्त में प्रधानपति वीरेंद्र गौतम।

**● प्रशासन से निष्पक्ष जांच के बाद गिरफ्तारी की अपील नहीं आई काम**

लेखपाल ने विवाद के एक दिन पहले ही भूमि की नपाई की थी और उन्होंने उसे खाद का गड्ढा बताया था। चंदा देवी की वहां जमीन न होने के बावजूद बांकेगंज पुलिस चौकी के पुलिस बल को केवल चंदा देवी के दीवार की चिंता थी। उन्होंने प्रशासन से अपील भी की थी कि मामले की निष्पक्ष जांच होने तक उन्हें गिरफ्तार न किया जाए। यदि उन्हें जांच में दोषी पाया जाए तो वह हर सजा भुगतने को तैयार होंगे।

# महिलाओं ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर की निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में तहसीलदार को ज्ञापन देने जातीं मोतीपुर की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोला तहसील के थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर गांव में 14 अप्रैल को हुए बवाल में पुलिस कार्यवाही में पीड़ित परिवारों की महिलाओं ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मोतीपुर गांव की सीमा देवी, कुसुमा देवी, अर्चना देवी, शशी देवी सहित कई अन्य महिलाएं गोला तहसील में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने गई। उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति के कारण महिलाओं ने तहसीलदार भीमचंद को ज्ञापन देकर मोतीपुर गांव में हुए विवाद की निष्पक्ष जांच किया जाने की मांग की। दिए गए ज्ञापन मैं महिलाओं ने बताया कि 14 अप्रैल को मोतीपुर गांव में कार्यक्रम स्थल पर स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को एक महिला चन्दा देवी ने भूमि पर स्वामित्व का दावा करते हुए, पुलिस चैकी बॉकेगंज के इंचार्ज संतोष तिवारी के साथ मिलकर उखाड़कर फेंक दिया गया, जिससे वह पूरी तरह खंडित हो गई। इस घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों में आक्रोश फैल गया और विरोध शुरू हो गया। विरोध कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया गया, जिससे कई लोगों घायल हो गए। पुलिस ने घरों में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ की। घटना के बाद से गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

महिलाओं का कहना है कि जिस भूमि को लेकर विवाद बताया जा रहा है, उस पर वर्षों से अम्बेडकर जयंती सहित सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। और चन्दा देवी का उस भूमि से कोई संबंध नहीं है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल हो सके और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके।

# आग ने उजाड़ा अमरपुर, लपटों में समाया गांव

**● एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड, दो लोग झुलसे**

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र के गांव अमरपुर में बुधवार दोपहर लगी भीषण आग ने कुछ ही पलों में पूरे गांव को तबाही के मंजर में बदल दिया। आग की चपेट में आकर करीब 60 घर जलकर राख हो गए। हालात इतने भयावह थे कि ग्रामीणों को घरों से सामान निकालने का मौका नहीं मिला और देखते ही देखते वर्षों की मेहनत राख हो गई।

विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत गोगावां के मजरा अमरपुर में बुधवार दोपहर करीब 3:10 बजे गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित सोमवारी के घर से अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय तेज पछुआ हवा चल रही थी, जिसने आग को और भड़काने का काम किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूर्व दिशा की ओर तेजी से फैलती चली गई। महज 10 से 15 मिनट के भीतर आग ने पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया।

घटना के समय अधिकांश ग्रामीण खेतों में काम करने गए थे, जिससे शुरुआती प्रयासों में आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक कई घर आग की चपेट में आ चुके थे। ग्रामीणों ने बाल्टियों और टैंकरों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण ये प्रयास बेअसर साबित हुए।



गांव अमरपुर में आग से जले घर। ● अमृत विचार



आग में जला ट्रैक्टर।



ग्रामीणों को ढांढस बंधाते और सहायता दिलाने के लिए आश्वस्त करतीं एसडीएम व सीओ।

आग की चपेट में आकर दो लोग झुलस गए, जिन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि घरों में रखा अनाज, कपड़े, नगदी और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। कई मवेशियों के भी जलने की आशंका जताई जा रही है।

सूचना के करीब एक घंटे बाद लखीमपुर, गोला और पलिया से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गांव को भारी नुकसान हो चुका था। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी देखने को मिला।

घटना की सूचना मिलते ही गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, विधायक प्रतिनिधि मोंटी गिरी, लेखपाल विनय कुमार वर्मा और पशु चिकित्सक डॉ. हेमंत कुमार सिंह समेत राजस्व टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कराने और प्रभावितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है।

आग की इस घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और मायूसी का माहौल है। जिन परिवारों के घर जल गए, वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपनी 20 वर्षीय पुत्री अलीशा को कहना न मानने और मनमर्जी से कार्य करने, परिवार की सहमति के विरुद्ध अपनी मर्जी से विवाह करने व परिवारियों को तंग करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा और परिवार का उससे कोई वास्ता, सरोकार नहीं है। भविष्य में किसी भी गैर जिम्मेदाराना कार्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगी। **मेजाज अली पुत्र मुश्ताक अली निवासी मोहल्ला नीची भूड़ गोला गोकर्णनाथ जिला खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1027822 तथा जन्मतिथि 10.12.1996 है वास्तव में कहीं खो गयी है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **अरविन्द कुमार पुत्र हरपाल मौर्य निवासी ग्राम मलखानपुर वि.खं. आसफपुर जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे पुत्र अशद अली व उवैश अली एवं सगी पुत्रियां सिम्मी व निम्मी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति, जात-जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शबीना बेगम पत्नी अनवर अली निवासी ग्राम गुगई तहसील मीरगंज, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# एसपी ने शौर्य भवन की कराई शुरुआत



शौर्य भवन का उद्घाटन करते एसपी सुकीर्ति माधव। ● अमृत विचार

**अमरिया, अमृत विचार :** थाना परिसर में नवनिर्मित शौर्य भवन का बुधवार को एसपी सुकीर्ति माधव ने उद्घाटन किया।

सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल, एसओ अमित सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि शौर्य भवन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और जनता को भी बेहतर पुलिस सेवा मिल सकेगी। यह पहल पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस स्टाफ के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और जनसुनवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत परेई वि.खं. बरखेड़ा कला जनपद (पीलीभीत)

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परेई की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के अंतर्गत 15 वां/16वां वित्त आयोग, पंचम/छटा राज्य वित्त आयोग, मनरेगा,एसएलडब्लूएम,एसबीएम,आरजीएसए, आईसीडीएस आदि की धनराशि से सीसी, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, गौशाला, आंगनवाड़ी, स्कूल, बाउंड्रीवॉल, पंचायत घर, सोलर, एलईडी लाइट, पशु शैड, शौचालय, शोखफिट, अंत्येष्टि स्थल, नाली नाला, सीसी, स्कूल भवन, कायाकल्प, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पानी की टंकी, पाईप लाइन, अमृत सरोवर, तालाब, समरसेविल, खाद के गड्ढे, कचरा संग्रहण हेतु ई-रिक्शा आदि का नव निर्माण/मरम्मत/रखरखाव, पौधारोपण, फर्नीचर, दरी इत्यादि खरीद, हयूम पाइप, हैंड पंप स्थापना/मरम्मत/रिवोर, वॉल पेंटिंग, बिजली फिटिंग, एलईडी बल्ब, कैमरा सीसी टीवी व अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, सरिया, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, प्रचार, प्रसार, सामग्री पटान हेतु मिट्टी/राख/रोड़ी, सैनेटाइजिंग,फागिग, सफाई हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई उपकरण व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए कुटेशन/सील बंद निविदाएं दिनांक 29.04.2026 को साय 5.00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। जो दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 1:00 बजे पंचायत घर पर खोली जाएगी। कुटेशन/निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित रहेगा एवं कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। कार्य योजना ऑनलाइन ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध है एवं पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**विमला देवी (ग्राम प्रधान)** **सुमित कुमार (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरिया मंडन वि.खं. बरखेड़ा कला जनपद (पीलीभीत)

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिपरिया मंडन की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के अंतर्गत 15 वां/16वां वित्त आयोग, पंचम/छटा राज्य वित्त आयोग, मनरेगा,एसएलडब्लूएम,एसबीएम,आरजीएसए, आईसीडीएस आदि की धनराशि से सीसी, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, गौशाला, आंगनवाड़ी, स्कूल, बाउंड्रीवॉल, पंचायत घर, सोलर, एलईडी लाइट, पशु शैड, शौचालय, शोखफिट, अंत्येष्टि स्थल, नाली नाला, सीसी, स्कूल भवन, कायाकल्प, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पानी की टंकी, पाईप लाइन, अमृत सरोवर, तालाब, समरसेविल, खाद के गड्ढे, कचरा संग्रहण हेतु ई-रिक्शा आदि का नव निर्माण/मरम्मत/रखरखाव, पौधारोपण, फर्नीचर, दरी इत्यादि खरीद, हयूम पाइप, हैंड पंप स्थापना/मरम्मत/रिवोर, वॉल पेंटिंग, बिजली फिटिंग, एलईडी बल्ब, कैमरा सीसी टीवी व अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, सरिया, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, प्रचार, प्रसार, सामग्री पटान हेतु मिट्टी/राख/रोड़ी, सैनेटाइजिंग,फागिग, सफाई हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई उपकरण व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए कुटेशन/सील बंद निविदाएं दिनांक 29.04.2026 को साय 5.00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। जो दिनांक 30.04.2026 को सुबह 10:00 बजे पंचायत घर पर खोली जाएगी। कुटेशन/निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित रहेगा एवं कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। कार्य योजना ऑनलाइन ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध है एवं पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**मंजू देवी (ग्राम प्रधान)** **सुमित कुमार (सचिव)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरिया वि.खं. बरखेड़ा कला जनपद (पीलीभीत)

### निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरिया की वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना के अंतर्गत 15 वां/16वां वित्त आयोग, पंचम/छटा राज्य वित्त आयोग, मनरेगा, एसएलडब्लूएम, एसबीएम, आरजीएसए, आईसीडीएस आदि की धनराशि से सीसी, इंटरलॉकिंग, खड़ंजा, गौशाला, आंगनवाड़ी, स्कूल, बाउंड्रीवॉल, पंचायत घर, सोलर, एलईडी लाइट, पशु शैड, शौचालय, शोखफिट, अंत्येष्टि स्थल, नाली नाला, सीसी, स्कूल भवन, कायाकल्प, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पानी की टंकी, पाईप लाइन, अमृत सरोवर, तालाब, समरसेविल, खाद के गड्ढे, कचरा संग्रहण हेतु ई-रिक्शा आदि का नव निर्माण/मरम्मत/रखरखाव, पौधारोपण, फर्नीचर, दरी इत्यादि खरीद, हयूम पाइप, हैंड पंप स्थापना/मरम्मत/रिवोर, वॉल पेंटिंग, बिजली फिटिंग, एलईडी बल्ब, कैमरा सीसी टीवी व अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। उक्त कार्य के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें पेंट, ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, सरिया, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, प्रचार, प्रसार, सामग्री पटान हेतु मिट्टी/राख/रोड़ी, सैनेटाइजिंग,फागिग, सफाई हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई उपकरण व अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए कुटेशन/सील बंद निविदाएं दिनांक 29.04.2026 को साय 5.00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। जो दिनांक 30.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे पंचायत घर पर खोली जाएगी। कुटेशन/निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित रहेगा एवं कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। कार्य योजना ऑनलाइन ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध है एवं पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**मनीषा देवी (ग्राम प्रधान)** **सुमित कुमार (सचिव)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीसलपुर-पीलीभीत

पत्रांक: 799/न.पा.परि.बी./2025-26 दिनांक: 21.04.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णाक में | निविदा मूल्य +18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 18 में गौहर खां की पुलिया से बदयू एवं मुस्तकीम से इरशाद एवं अजीम से शहबाज तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 2590671.00 | 44000.00 | 3100.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 22.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 14.05.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15.5.2026 को अपरान्ह 5:00 बजे तक।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी. आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC- ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस. सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकॉपी के साथ जमा करनी होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बीसलपुर-पीलीभीत**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बीसलपुर-पीलीभीत**

# परदेस से बड़ी संख्या में लौटे लोगों में एचआईवी संक्रमण

## बरेली मंडल में अभी तक प्रभावित मिले लोगों में आधे के करीब बरेली जिले के निकले

आसिफ अंसारी

- **स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में सामने आया डरावना सच**
- **प्रभावित लोगों में ज्यादातर बाहर से संक्रमित होकर लौटे**
- **अधिकतर संक्रमित लोगों की उम्र 25-45 के आसपास**

**अमृत विचार :** रोजी-रोटी की तलाश में घर छोड़ बाहर जा रहे कामगार जाने-अंजाने बड़े खतरे की चपेट में आ रहे हैं। नासमझ कामगारों पर परदेस में एचआईवी संक्रमण झपट्टा मार रहा है और वे जानलेवा मुसीबत साथ लेकर अपने शहर-गांव लौट रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग आंकड़े बरेली जिले की चिंताएं ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। मंडल में अभी तक सामने आए संक्रमित लोगों में आधे के करीब बरेली के ही निकले हैं। खतरे के लिहाज से बदायूं दूसरे, शाहजहांपुर तीसरे और पीलीभीत सबसे कम मरीजों के साथ चौथे नंबर पर दिखाई दे रहा है। 25 से 45 साल तक की उम्र वालों में सबसे अधिक संक्रमण प्रसार पाया गया है, जो नौजवानों के भटकाव का बड़ा संकेत माना जा सकता है।

> मंडल में अब तक 7 हजार से अधिक मरीज एचआईवी के मिल चुके है। जिसमें सबसे अधिक बरेली के हैं। सभी मरीजों की निगरानी करके एआरटी सेंटर में उपचार किया जा रहा है। कई मरीज गायब भी हैं।
>
> **डॉ. संजीव मिश्रा,** चिकित्सा अधिकारी एआरटी सेंटर

मंडल का एंटीरेट्रो वायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर बरेली जिला अस्पताल में संचालित है, जहां एचआईवी संक्रमित लोग लगातार पहुंच रहे हैं। सेंटर के डाटा के अनुसार, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत में अभी तक एचआईवी पीड़ित मरीजों का आंकड़ा 7 हजार के पार पहुंच गया है, जो खासी चिंता का कारण है।

काउंसलिंग में 85 फीसदी लोगों में एचआईवी संक्रमण की वजह असुरक्षित यौन संबंध सामने आए हैं। इसमें भी महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या कई गुना ज्यादा है। मनोचिकित्सक डॉ. आशीष कुमार ने ''अमृत विचार'' को बताया कि काउंसलिंग सेंटर में कई बच्चे भी संक्रमण का शिकार होकर पहुंचते दिखे हैं, जो नशे की लत के आदी थे और संक्रमित सुई से नश करने की वजह से दिक्कत में आ गए।

### पुराने शहर में अधिक मामले आ रहे सामने

आंकड़ों के आइने में बरेली के अंदर पुराना शहर एरिया में काफी ज्यादा एचआईवी संक्रमित लोग होने की बात सामने आई है। इस लिहाज से तीन मोहल्ले बेहद संवेदनशील माने गए हैं, जहां के रहने वाले कितने ही लोग काम-धंधे की तलाश में दूसरे राज्यों में गए और वहां से संक्रमण साथ लेकर लौटे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ऐसी संवेदनशील जगहों पर समय-समय कैंप लगाकर जांच की जा रही हैं। जांच में जो मरीज एचआईवी पीड़ित मिले उनका ऑनलाइन डाटा फीड करने के बाद इलाज के साथ निगरानी शुरु कर दी गई है।

### 7015 मरीजों में पीलीभीत की संख्या सिर्फ 875

आंकड़ों में देखें तो 2012 से शुरू हुई निगरानी की प्रक्रिया में अभी तक बरेली मंडल के चार जिलों में 7015 एचआईवी संक्रमित लोग सामने आए। इनमें बरेली जिले में सबसे अधिक 3382, बदायूं में 1304, शाहजहांपुर में 978 और पीलीभीत के 875 निकले हैं। सभी मरीजों का एआरटी सेंटर में इलाज किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल के अलावा कई निजी संगठन भी एचआईवी प्रभावित लोगों के इलाज व देखभाल में हाथ बंटा रहे हैं।

### खतरा शरीर में लेकर 150 से अधिक लापता

विशेषज्ञों का कहना है कि जांच के बाद अगर किसी मरीज में एचआईवी की पुष्टि होती है तो विभाग की तरफ से उसकी निगरानी की जाती है। जिला अस्पताल में बने एआरटी सेंटर में एचआईवी पीड़ित मरीजों की देखभाल, उपचार और मॉनीटरिंग जारी रहती है। मौजूदा समय में 150 से अधिक एचआईवी पीड़ित ऐसे मरीज हैं, जो सेंटर के रिकार्ड में तो हैं मगर काउंसलिंग व ट्रीटमेंट से गायब चल रहे हैं। ऐसे लोग समाज के लिए अधिक खतरा बन सकते हैं। टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं।

### संक्रमण की वजह

- ☞ संक्रमित व्यक्ति से यौन संबंध बनाना।
- ☞ इंजेक्शन से नशीली दवा लेने के दौरान।
- ☞ संक्रमित गर्भवती के गर्भस्थ शिशु को।

### बचाव के उपाय

- ☞ यौन संबंध बनाने के दौरान कंडोम का प्रयोग।
- ☞ संक्रमित महिलाएं गर्भधारण से बचें।
- ☞ बगैर जांच किए गए रक्त चढ़ाने से बचें।
- ☞ नशीली दवा ले रहे व्यक्ति दूरी बनाकर रखे।

लक्षण

- ☞ गले या बगल में सूजन भरी गिल्टी
- ☞ लंबे समय तक बुखार का न उतरना
- ☞ वजन कम व जुकाम ठीक न होना

# बदायूं ने पीलीभीत को 32 रन से हराया

**बरेली, अमृत विचार:** निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को बदायूं ने पीलीभीत को 32 रनों से पराजित कर दिया। पहले खेलते हुए बदायूं ने 45 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। अरुन ने 70 , सिद्वार्थ ने 52 रनों का योगदान दिया। पीलीभीत के लिए संदीप और सुमित ने 2-2 विकेट लिए। पीलीभीत की टीम 130 रन बना सकीई। कार्तिक ने 54 रन और तन्मय प्रताप ने 26 रन का योगदान दिया। बदायूं के सारांश ने 3 विकेट और अनप सिंह ने 2 विकेट लिए। प्रतियोगिता का उद्घाटन बरेली वेटरन क्रिकेट एसोसिशन के कोषाध्यक्ष डॉ. मुशाहिद हसन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बीसीए के अध्यक्ष सरफराज वली, सचिव सीताराम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत

**ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से ई-नीलामी/ई-निविदा सूचना संख्या-01/ई0ई0/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के अन्तर्गत आने वाले राजवहों/अल्पिकाओं की सिल्ट सफाई के पश्चात पटरियों पर एकत्रित अतिरिक्त सिल्ट/मिट्टी की ऑनलाइन नीलामी हेतु http:@etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 24.04.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 28.04.2026 प्रातः 10.00 बजे तक (डाउनलोड/अपलोड/सबमिट की जा सकती है) आमंत्रित की जाती हैं, जोकि दिनांक 28.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे ऑनलाइन जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्यालय बन्द/अवकाश की दशा मे यह निविदा अगले कार्य दिवस मे उसी समय डाली एवं खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| क्र0/लाट सं0 | नहर/रीच का विवरण | सुरक्षित रूप से उठायी जाने वाली अनुमानित सिल्ट की मात्रा (घनमीटर में) | न्यूनतम आंकलित कुल रायल्टी की धनराशि (रुपये में) | रायल्टी के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि (रुपये में) | 25% रायल्टी के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि (रुपये में) | निविदा शुल्क (स्टेशनरी + निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18% GST) (रूपये में) | तहसील |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रामपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.900 तक। ग्राम-धरमंगदपुर | 562.50 | 70 | 39375 | 10000 | 50+9+500= 559 | पूरनपुर/कलीनगर |
| 2 | देवीपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक। ग्राम-केशौपुर, ता0 माधौटांडा, उगनपुर, माधौटांडा | 750.00 | 70 | 52500 | 14000 | 50+9+500= 559 | पूरनपुर/कलीनगर |
| 3 | गुलडिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.900 तक। ग्राम-खीरी नौबरामद, तुसलीपुर | 1143.75 | 70 | 80063 | 21000 | 50+9+500= 559 | पूरनपुर/कलीनगर |
| 4 | जटपुरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.400 तक। ग्राम-पिपिरया जयभद्र | 250.00 | 70 | 17500 | 5000 | 50+9+500= 559 | पूरनपुर/कलीनगर |
| 5 | चॉदूपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.400 तक। ग्राम-टांडा सूरत | 218.75 | 70 | 15313 | 4000 | 50+9+500= 559 | पूरनपुर/कलीनगर |
| 6 | सुहास माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 6.050 तक। ग्राम-सुहास, चुरैला। | 600.00 | 70 | 42000 | 11000 | 50+9+500= 559 | पीलीभीत |
| 7 | पिपरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 6.770 तक। ग्राम-रम्पुरा, गंगापुरी | 600.00 | 70 | 42000 | 11000 | 50+9+500= 559 | बीसलपुर |
| 8 | अबसरा राजवाह के किम0 0.000 से किमी0 7.540 तक। ग्राम-करगैना, करगैनी, करगैना पीरा, अढौली, इमानगर, चका, तपाबीरान, अमखिडिया, अमखेडा, डाग, ढकिया बदलू | 3920.00 | 70 | 274400 | 69000 | 150+27+500= 677 | अमरिया |
| 9 | अबसरा राजवाह के किमी0 14.600 से किमी0 22.700 तक। ग्राम-लावाखेडा बद्रीप्रसाद, मुडिया तेली, खंजनपुर खजनिया, फरीदपुर गंगा उर्फ नवादा, ईध जागीर | 1080.00 | 70 | 75600 | 19000 | 50+9+500= 559 | नवाबगंज |
| 10 | जहानाबद राजवाह के किमी0 0.000 से किमी0 5.100 तक। ग्राम-अमखिडिया, सहगवा नगरिया, भगौतीपुर कस्बा, बगवा, कल्यानपुर चक्रतीर्थ | 1992.00 | 70 | 139440 | 35000 | 75+14+500= 589 | अमरिया |
| 11 | जहानाबद राजवाह के किमी0 5.100 से किमी0 13.650 तक। ग्राम-जहानाबाद पुरैना, भानपुर, हण्डा सालिम, कुकरीखेड़ा, शाही, खमरियापुल | 2512.00 | 70 | 175840 | 44000 | 75+14+500= 589 | पीलीभीत |
| 12 | करघैना राजवाह के किमी0 0.000 से किमी0 5.990 तक। ग्राम-करागैना करगैनी, हरहरपुर हसन, सिरसी, सेमरखेडा | 1452.00 | 70 | 101640 | 26000 | 75+14+500= 589 | अमरिया |
| 13 | कैलाश राजवाह के किमी0 0.00 से किमी0 11.319 तक। ग्राम-घुधरी, माधौपुर, सरैदा पट्टी, नवादादास, आसपुर, खमरिया दलेलगंज, श्यामपुर मु0, सुस्वार मु0,पंसाली | 7060.00 | 70 | 494200 | 124000 | 150+27+500= 677 | अमरिया |
| 14 | जगत माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.200 तक। ग्राम-जगत | 950.00 | 70 | 66500 | 17000 | 50+9+500= 559 | अमरिया |
| 15 | बाईपास चैनल के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक ग्राम-धुधरी, सुकटिया, करागैना करगैनी | 4200.00 | 70 | 294000 | 74000 | 150+27+500= 677 | अमरिया |
| 16 | डी0बी0फीडर के किमी0 0.00 से किमी0 5.000 तक। ग्राम-दूनी, विशनपुर, फरदिया | 32000.00 | 70 | 2240000 | 560000 | 300+54+500= 854 | अमरिया |
| 17 | डी0बी0फीडर के किमी0 5.00 से किमी0 10.000 तक। ग्राम-अभयपुर, अमरिया, उदयपुर | 30000.00 | 70 | 2100000 | 525000 | 300+54+500= 854 | अमरिया |
| 18 | डी0बी0फीडर के किमी0 10.000 से किमी0 15.000 तक। ग्राम-अमरिया, धधरी, पौटा | 21000.00 | 70 | 1470000 | 368000 | 225+41+500= 766 | अमरिया |
| 19 | डी0बी0फीडर के किमी0 15.000 से किमी0 20.400 तक। ग्राम-करगैना, परैवा वैश्य | 7000.00 | 70 | 490000 | 123000 | 150+27+500= 677 | अमरिया |

एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिलाधिकारी महादेय, पीलीभीत एवं अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा नोटिस प्रपत्र एवं शर्तों की जानकारी http:/etender.up.nic.in व विभागीय बेवसाईट http:/idup.gov.in पर उपलब्ध है।

**UP-250231 दिनांक 21.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत**

# इलाज के दौरान किशोरी की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, चंदौसी

### दोनों पक्षों में हुआ समझौता

पुलिस ने ग्रामीणों व मृतका के परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया। इसके बाद कहीं जाकर वह शांत हुए। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो । मृतका किशोरी के परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए । क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को परिजनों ने मंगलवार की शाम 6 बजे भर्ती कराया था जिसकी बुधवार की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है । हालांकि परिजनों ने कार्रवाई से फिलहाल इंकार किया है और पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

- **सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर माने परिजन**

**अमृत विचार :** चंदौसी में जारई रोड स्थित एक निजी अस्पताल में मंगल बुधवार की सुबह उपचार के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर मारपीट करने व इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया । उत्तेजित परिजनों और ग्रामीणों ने काफी देर तक अस्पताल में हंगामा किया। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को संभालकर विवाद शांत कराया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव ओरछी निवासी खिलेंद्र ने अपनी 17 वर्षीय बेटी मोना की तबीयत खराब होने पर मंगलवार की शाम जारई रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में रात भर उसका इलाज चलता रहा । सुबह 11 बजे करीब किशोरी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद जब गांव खबर पहुंची तो काफी संख्या में लोग अस्पताल आ गए। परिजनों व ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में काफी देर तक हंगामा किया। इस दौरान परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप भी लगाया । करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा । सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सिंह कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए । इस दौरान अस्पताल के बाहर सड़क पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। हंगामा होता देख चिकित्सक अस्पताल से चले गए।

# विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म की तिथियां बढ़ाईं

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति-2020 के सत्र 2025-26 के स्नातक परीक्षाओं के भरने की तिथि को बढ़ा दिया।

विश्वविद्यालय ने बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृह विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर की बैंक परीक्षा इसके अलावा चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर के संस्थागत एवं बैंक परीक्षा के आवेदन भरने की तिथि 19 अप्रैल से बढ़ा 23 अप्रैल कर दी।

अभ्यर्थी 23 अप्रैल तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। संबंधित महाविद्यालयों को 24 अप्रैल तक आवेदन पत्रों का ऑनलाइन अप्रूवल करना होगा।

# सेवानिवृत्त सचिव ने खुद को मारी गोली, जान गई

संवाददाता,चंदौसी

- **लाइसेंसी राइफल से गोली मारी पुलिस कर रही जांच-पड़ताल**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की वैष्णो बिहार कालोनी में एक सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी ने अपनी लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिस मोहल्ले में अफरा - तफरी मच गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया ।

वैष्णो बिहार निवासी शालिग्राम (63) मूलरूप जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव हबीपुर के निवासी थे। शालिग्राम ने बुधवार की सुबह 11 बजे अपने कमरे में रखी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी कमरे की ओर दौड़े । अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। कमरे के अंदर शालिग्राम का खून से लथपथ शव पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। शालिग्राम ने करीब छह वर्ष पूर्व नौकरी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं। सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली। सीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया ग्राम पंचायत अधिकारी में अपनी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर हत्या की है। पुलिस परिजनों से आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है । फारेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये।

# 200 छात्रों को दी जाएगी नीट इंजीनियरिंग की फ्री कोचिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** दो रोजा उर्स ए ताजुश्शरिया की शुरुआत 24 अप्रैल से हो रही है। उर्स से पहले दरगाह आला हजरत से बड़ी घोषणा हुई है। जमात रजा-ए-मुस्तफा और आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी की ओर से 200 होनहार छात्रों को नीट और इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे।

जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव और आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खान उर्फ फरमान मियां ने बताया कि नीट व इंजीनियरिंग की कोचिंग के साथ-साथ कक्षा 6 से 12 तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के जरूरतमंद छात्रों के लिए डेल्टा क्लासेज में रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से 15 मई तक होंगे।

**परचम कुशाई से होगा उर्स का आगाज :**

फरमान मियां ने बताया कि उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर परचम कुशाई, तकरीर उलेमा-ए-इकराम, कॉन्फ्रेंस और कुल शरीफ काजी ए हिंदुस्तान असजद रजा खान असजद मियां की सरपरस्ती वा उर्स प्रभारी सलमान मियां व फरमान मियां की निगरानी में अदा किए जाएंगे। अब्दुल्ला रजा,शमीम अहमद, मेहंदी हसन, हाफिज अकरम, मौलाना शम्स आदि मौजूद रहे।

# फर्जी हस्ताक्षर कर संशोधित परीक्षा शेड्यूल किया जारी

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के जंतु विज्ञान के द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर की मिडटर्म परीक्षा का संशोधित परीक्षा शेड्यूल विद्यार्थियों के ग्रुप में फर्जी हस्ताक्षर, लेटर बनाकर डाल दिया गया।

मामले की जानकारी विभाग प्रभारी संगीता सिंह को हुई तो उन्होंने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से मामले की शिकायत की। विभाग प्रभारी ने बताया कि 23 व 24 अप्रैल को ही परीक्षाएं निर्धारित शेड्यूल में होगी। किसी शरारती तत्व ने उनके फर्जी हस्ताक्षर बना फर्जी लेटर बनाते हुए परीक्षा के लिए नई तारीख जारी कर दी। विभाग की ओर से कोई संशोधन नहीं किया गया है। छात्रों को पहले से निर्धारित शेड्यूल पर ही मिडटर्म परीक्षा देने कॉलेज आएं।

न्यूज ब्रीफ

## गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का आज लोकार्पण करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सुबह 10 बजे राप्ती इको पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र की 497 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। करीब 1,055 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं में नौसड़-मलौनी सड़क मार्ग, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था से विकसित राप्ती इको पार्क, सड़क निर्माण, पेयजल, सीवरेज और जल निकासी से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वच्छ स्कूल अभियान के पोस्टर और टूलकिट का भी विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम गोरखपुर में शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और स्वच्छता व विकास को नई गति देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## परिवहन विभाग के कर्मियों का पांच फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने परिवहन विभाग के करीब 14 हजार नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके महंगाई भत्ते (डीए) में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस निर्णय से कर्मचारियों के वेतन में 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। परिवहन विभाग की अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल की ओर से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया गया है। अब निगम के पूर्णकालिक कार्मिकों को 7वें वेतनमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त के भुगतान की स्वीकृति 1 जनवरी 2026 से दी गई है। महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने को लेकर गठित एम्पावर्ड कमेटी की ओर से इसकी संस्तुति की गई थी। फिलहाल इसके लिए कोई एरियर अनुमन्य नहीं होगा। भविष्य में भत्ते की बढ़ी किश्तों के लिए पुनः कमेटी के सामने रखा जाएगा।

## कृषि मंत्रियों की जोनल कॉन्फ्रेंस कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न प्रांतों के कृषि मंत्रियों के लिए राजधानी लखनऊ में 24 अप्रैल को 'जोनल कॉन्फ्रेंस-2026' का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द सेंट्रम होटल में होगा, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री करेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री शामिल होंगे। साथ ही चंडीगढ़ और लद्दाख के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। सुबह 9:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक चलने वाले इस सम्मेलन में कृषि विकास, किसानों के कल्याण और विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया जाएगा।

## केशव मौर्य ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज :** प्रयागराज में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम संस्कृति आईएएस द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग-2024 में चयनित युवाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का अवसर है। साथ ही, युवाओं को ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रयागराज को प्रतियोगी छात्रों का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि यहां की पावन भूमि परिश्रम और सफलता की प्रेरणा देती है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक अखिल मूर्ति समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बंगाल की पहचान काबा नहीं, मां कालीबाड़ी से : योगी


### पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा- 4 मई को लहराएगा भगवा ध्वज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प.बंगाल

- टीएमसी आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय, राज्य का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं बुआ-भतीजा : योगी

**अमृत विचार:** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने आरोप लगाया कि बुआ-भतीजा (ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं।

कोलकाता के जोरासांको में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पहले चरण में भाजपा 80 प्रतिशत सीटें जीत रही है और 4 मई को राज्य में "भगवा ध्वज" लहराएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बंगाल की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। योगी ने टीएमसी शासन को "आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय" बताते हुए कहा कि यहां उद्योग बंद हो रहे हैं, नौजवान बेरोजगार हैं और किसान परेशान हैं। उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जैसे महापुरुषों का नाम लिया और आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में उनकी विरासत का सम्मान नहीं हो रहा।



पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चकदहा में आयोजित चुनावी जनसभा में आए लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने कहा कि "गुरुदेव की धरा पर राजनीतिक कब्जा और प्रतीकों का अपमान बंगाल की आत्मा के खिलाफ है।"

वहीं, नदिया जिले के चकदहा में दूसरी सभा में योगी आदित्यनाथ ने 'डबल इंजन सरकार' का नारा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह बंगाल में भी विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण संभव है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंकिम चंद्र घोष के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा कि कमल निशान पर इतना वोट दीजिए कि विपक्ष की जमानत जब्त हो जाए।

### भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुंडों में नहीं

उदयनारायणपुर में टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुडों में नहीं है। 4 मई के बाद तृणमूल कांग्रेस के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। योगी मंच पर भाजपा कार्यकर्ता स्व. सुबोध जीत की मां से मिले और उनका दर्द बांटा, फिर कहा कि टीएमसी के गुंडों ने सुबोध को मारकर उनके जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को पैदा किया है।

## यूपी बीज निगम कर्मियों को मिलेगा सातवां वेतनमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. राज्य बीज विकास निगम के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से लंबे समय से इसकी मांग कर रहे कर्मियों में खुशी की लहर है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयासों से यह निर्णय संभव हो सका। अब तक निगम कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल रहा था। निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 से लगातार लाभ में चल रहा निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40 करोड़ रुपये से अधिक मुनाफा अर्जित करने की स्थिति में है। वहीं 2024-25 तक निगम का कुल संचित लाभ 143.07 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।

## सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

- आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 18 और 19 अप्रैल को आयोजित सहायक आचार्य लिखित पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध मास्टर सेट उत्तरकुंजी के माध्यम से अपने प्रश्नपत्र का मिलान कर सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने अभ्यर्थियों से सावधानीपूर्वक उत्तरों का मिलान करने की अपील की है। यदि किसी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति हो तो उसे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज किया जा सकेगा। इसके लिए आयोग ने विशेष लिंक जारी किया है, जहां अभ्यर्थी लॉगिन कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2026 की रात 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन, ईमेल या डाक से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं होंगी। यह पूरी प्रक्रिया उच्च न्यायालय में विचाराधीन विशेष अपील संख्या-368/2026 के आदेशों के अधीन संचालित की जा रही है।

# यदि मरीज के लिए वेंटिलेटर नहीं तो आंकड़े किस काम के

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने दी नसीहत- न्यूनतम मानकों को पूरा कर संतुष्ट न हों
- पूछा, प्राइवेट अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण के लिए क्या कोई नियामक व्यवस्था है

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा है कि यदि मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे हैं तो वेंटिलेटरों की संख्या के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि चिकित्सा सुविधाओं के लिए कुल बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है? अस्पतालों में सुविधाओं की स्थिति क्या है? मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि प्रश्न यह है कि क्या कोई भी अस्पताल इस स्थिति में है कि वह शपथपत्र पर यह कह सके कि जब भी किसी मरीज को वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है तो अस्पताल उसे उचित समय के भीतर वेंटिलेटर उपलब्ध करा देगा। यदि ऐसा नहीं है, तो शपथपत्र में दिए गए आंकड़ों का कोई अर्थ नहीं रह जाता। प्रयास यह होना चाहिए कि पर्याप्त संख्या में वेंटिलेटर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वेंटिलेटर की अनुपलब्धता के कारण किसी की मृत्यु न हो। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रस्तुत आंकड़े इस पहलू पर संतोषजनक नहीं हैं। वस्तुतः ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में यह निर्धारित करने की कोई व्यवस्था ही नहीं है कि अस्पताल में वेंटिलेटर की मांग क्या है और जीवन बचाने हेतु कितने वेंटिलेटर उपलब्ध होने चाहिए। जब तक यह व्यवस्था विकसित नहीं की जाती, तब तक इस प्रकार के आंकड़े देना निरर्थक होगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे विषय पर पुनर्विचार करे और सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों जैसे कि अस्पतालों में कुल बेड का 10 से 15 प्रतिशत वेंटिलेटर की उपलब्धता से संतुष्ट न रहे।





कोर्ट ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने निजी अस्पतालों व क्लीनिकों के नियमन तथा उनकी फीस और सेवाओं की निगरानी व्यवस्था की जानकारी भी मांगी। न्यायालय ने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि क्या किसी कानून, नियम या अन्य किसी प्रावधान के तहत निजी अस्पतालों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक व्यवस्था है, विशेषकर मरीजों के उपचार के लिए वसूले जाने वाले शुल्क के संबंध में। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल केवल लखनऊ तक सीमित न रहें, बल्कि अन्य जिलों में भी विकसित किए जाएं। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन के कारण उनके निजी क्षेत्र में जाने की प्रवृत्ति पर भी कोर्ट ने चिंता जताई। कहा कि सरकारी डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की पर्याप्तता का प्रश्न भी विचारणीय है, विशेषकर निजी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की तुलना में।

# 427 हज यात्रियों की पहली खेप ने भरी उड़ान

### मंत्री दानिश आजाद ने दिखाई हरी झंडी, पहली बार एआई और स्मार्ट वॉच का इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश से हज-2026 की शुरुआत बुधवार को हुई, जब अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पहली खेप के हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली उड़ान में कुल 427 यात्री सऊदी अरब के लिए रवाना हुए, जिनमें 222 पुरुष और 205 महिलाएं शामिल हैं।

इस मौके पर मंत्री ने यात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह यात्रा शांति, सुकून और आध्यात्मिक अनुभव से भरपूर हो। उन्होंने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने हज यात्रियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि किसी भी





लखनऊ स्थित हज हाउस से हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी व अन्य।

स्तर पर कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर मौलाना उमैर इलयासी, यासूब अब्बास सहित कई धर्मगुरु और अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने यात्रियों की सफल और सुरक्षित यात्रा की कामना की।

इस वर्ष हज यात्रा में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया गया है। यात्रियों को दी गई स्मार्ट वॉच के जरिए अजान का समय, लोकेशन ट्रैकिंग और इमरजेंसी सहायता की सुविधा मिलेगी। वॉच में लगे जीपीएस सिस्टम से खोए हुए यात्रियों को आसानी से ढूंढा जा सकेगा, जबकि इमरजेंसी बटन दबाते ही कुछ ही मिनटों में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## जनगणना-2027 की तैयारी तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पहले चरण के तहत हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस 22 मई से 20 जून 2026 के बीच हर हाल में पूरा कराया जाए और इससे पहले एनुमरेटर्स व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूरा हो। साथ ही बताया कि उन्होंने बताया कि 7 से 21 मई के बीच प्रदेश में लोग ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एनुमरेशन) फार्म भर सकेंगे। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## मनरेगा श्रमिकों के लिए 1789 करोड़ रुपये जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र ने पहली किस्त की मंजूर लंबित बकायों का होगा भुगतान
- पारदर्शिता के लिए डिजिटल भुगतान पर जोर

**अमृत विचार :** प्रदेश में मनरेगा श्रमिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पहली किस्त जारी करते हुए राज्य को 1789.79 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस राशि में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के करीब 1129.55 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान भी शामिल हैं, जिससे श्रमिकों के बकाये का निपटारा जल्द हो सकेगा।

जारी बजट को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 536.65 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के लिए 45.53 करोड़ रुपये और अन्य श्रेणियों के लिए 1207.60 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी भुगतान तय गाइडलाइंस के अनुसार समय से किए जाएं और किसी भी प्रकार का दोहरा भुगतान न हो। उन्होंने कहा कि खर्च का पूरा विवरण 'मनरेगा सॉफ्ट' पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी धनराशि 'नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम' (एनईएफएमएस) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

## पार्टी का जनाधार बढ़ाएं कार्यकर्ता



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सभी जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कैडर के जरिए पार्टी का जनाधार बढ़ाने और आर्थिक मजबूती पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

बसपा प्रमुख ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश दिया कि बैठकों में बीएसपी सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को जनसामान्य को प्रमुखता से बताया जाए। उन्होंने बताया कि वह पार्टी कार्य से दिल्ली जा रही हैं और कार्य पूरा होते ही जल्द वापस लौटेंगी। महिला आरक्षण मुद्दे पर धरना-प्रदर्शन न करने की हिदायत देते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि इस मुद्दे पर भ्रम न फैलने दें।

# आरटीई : 25 अप्रैल तक हर हाल में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शत-प्रतिशत नामांकन को लेकर प्रदेश सरकार सख्त
- डीएम और बीएसए ने लापरवाही की तो कार्रवाई तय

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के नामांकन में धीमी प्रगति पर प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 25 अप्रैल तक हर हाल में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

वर्ष 2026-27 के लिए आरटीई के तहत 1,95,740 बच्चों का आवंटन किया गया है, लेकिन अब तक केवल 1,08,866 बच्चों का ही प्रवेश हो सका है। इस पर सरकार ने गंभीर संज्ञान लेते हुए शेष बच्चों के दाखिले के लिए फील्ड स्तर पर तेज कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि जिन बच्चों का अभी तक नामांकन नहीं हुआ है, उनकी सूची तैयार कर तत्काल संबंधित विद्यालयों से समन्वय स्थापित किया जाए और प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई जाए। किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सरकार ने पूरे अभियान की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को रोजाना प्रगति की समीक्षा करने को कहा गया है, ताकि तय समयसीमा के भीतर लक्ष्य हासिल किया जा सके।

### अब ऐसे होगी कार्रवाई

*लंबित बच्चों की सूची तैयार कर तत्काल प्रवेश
*स्कूलों से समन्वय बढ़ाकर प्रक्रिया तेज
*रोजाना प्रगति की समीक्षा अनिवार्य
*समयसीमा से चूकने पर जिम्मेदारी तय

**क्या है आरटीई प्रावधान**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहती हैं। इन सीटों पर चयनित बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी होती है।

केजीएमयू का मामला

लारी कार्डियोलॉजी से जुड़े संपर्कों की पड़ताल, गंभीर आरोपों पर प्रशासन सतर्क

# फर्जी डॉक्टर प्रकरण में कई विभागों तक फैली जांच की आंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है और विश्वविद्यालय के कई विभागों से आरोपी के संपर्क होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, कई दावों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहुंच विशेष रूप से लारी कार्डियोलॉजी विभाग तक बताई जा रही है। यहां उसके प्रभाव और संपर्कों को लेकर



केजीएमयू में फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, धर्मांतरण रैकेट की आशंका

साजिश

- 12वीं पास आरोपी हस्साम खुद को सीनियर बताकर जमाता था रौब
- फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर मेडिकल छात्राओं को दिल्ली ले जाने की कर रहा था तैयारी

व्हाट्सएप पर बनाई फर्जी पहचान

अमृत विचार में बुधवार के अंक में प्रकाशित खबर।

जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। एक कार्डियक टेक्नीशियन का नाम भी सामने आया है, जिसे कथित तौर पर कार्डियो सेवा फाउंडेशन का को-फाउंडर बताया जा रहा है। इसके अलावा, डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर से भी आरोपी की करीबी की बात कही जा रही है।

पूरे प्रकरण में ब्रेनवॉश, धर्मांतरण और अन्य गंभीर आरोपों की भी चर्चा है, लेकिन अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही आगे बढ़ाई जाएगी।

वहीं, केजीएमयू प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है। यदि किसी भी कर्मचारी या छात्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल संदिग्ध टेक्नीशियन की पहचान और भूमिका की जांच जारी है।

### छात्रों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि परिसर में मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को बाहरी व्यक्तियों के किसी भी झांसे या लालच में न आने की सख्त हिदायत दी गई। छात्रों को सलाह दी गई कि वे अंजान लोगों से दूरी बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। किसी भी संस्थान, कैंप या कॉन्फ्रेंस से जुड़ी जानकारी को आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करना अनिवार्य बताया गया है। प्रशासन ने कहा कि छात्र-छात्राएं किसी भी समस्या की जानकारी हॉस्टल वार्डन, प्रॉक्टोरियल बोर्ड या पुलिस को दे सकते हैं। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### निजी कॉलेजों तक नेटवर्क की आशंका

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी के नेटवर्क में कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों की संलिप्तता की आशंका है। बताया जा रहा है कि शिविरों के माध्यम से छात्रों और डॉक्टरों को जोड़कर प्रभाव बढ़ाया जाता था। हालांकि, पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने किस तरह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और बड़े संस्थानों के नाम पर लोगों को अपने झांसे में लिया। साथ ही, छात्राओं को विदेश भेजने की साजिश के पीछे के उद्देश्य की भी जांच की जा रही है।

# स्किल डेवलपमेंट को रोजगार से जोड़ने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार ने कौशल विकास योजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिए कि स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को तुरंत अवसर मिल सकें।

समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर युवाओं को इंडस्ट्री-रेडी बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। इसके लिए आईटीआई संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीकों को शामिल करने और पाठ्यक्रम को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप अपडेट करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने आईटीआई के आधुनिकीकरण, टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही बढ़ते ड्रॉपआउट पर चिंता जताते हुए समाधान लागू करने के निर्देश दिए। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत न्यू एज टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स शुरू कर युवाओं को रोजगार योग्य बनाने पर भी बल दिया गया।



ज्ञान-भक्ति-युक्त कर्मयोग ही गीता का सार है।
-बाल गंगाधर तिलक

## तपन भरी चेतावनी

मौसम विभाग में चेताया है कि इस साल कई इलाकों में पहले से अधिक समय तक हीट वेव चलेगी, कुछ ऐसे इलाके जो सामान्यतया कम ताप प्रभावित रहते थे, वहां भी इस बार हीट वेव का प्रकोप दिखेगा, यूपी, बिहार,एनसीआर में अप्रैल-मई की दहलीज़ पर ही पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। संकेत साफ हैं, इस वर्ष लू का प्रकोप अधिक लंबा, ज्यादा तीव्र और बहुत व्यापक होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के आकलन के अनुसार पिछले चार दशकों में हीटवेव से मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ा है।

जब देश के 80 से 87 फीसदी भूभाग गर्मी की चपेट में आने की आशंका हो, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी तैयारी पर्याप्त है? कुछ शहरों ने हीट एक्शन प्लान लागू किए हैं, जिनमें अलर्ट सिस्टम, कूलिंग सेंटर, काम के समय में बदलाव और पानी की उपलब्धता जैसे कदम शामिल हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कवरेज अभी असमान है, खासकर छोटे शहरों और कस्बों में। सबसे अधिक जोखिम में वे लोग हैं, जो खुले में काम करते हैं— रेहड़ी-पटरी वाले, दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक, साथ ही बच्चे और बुजुर्ग। इनके लिए लक्षित सुरक्षा अभी भी बिखरी हुई है। सरकारों को इसके लिए समय से सचेत होने का समय है। तात्कालिक समाधानों पर अब देरी अक्षम्य होगी, जबकि दीर्घकालिक समाधान अपनाना जटिल तो है पर अपरिहार्य हैं। शहरी हीट प्रोफाइलिंग को नीति का आधार बनाना होगा। वार्ड स्तर तक तापमान, नमी, हरित आवरण और निर्मित सतहों का नक्शा तैयार कर डिस्कंफर्ट इंडेक्स का एटलस बनाना, जिससे 'हॉट स्पॉट्स' की पहचान कर क्षेत्र-विशेष के लिए योजनाएं बनाई जा सकती हैं, इसे राष्ट्रीय कार्यक्रम का रूप देना होगा। अर्बन हीट आइलैंड को कम करने के लिए निर्माण मानकों में बदलाव करना, कूल रूफ, कूल पेवमेंट, परावर्तक पेंट, छतों पर हरियाली और जल निकायों का संरक्षण जरूरी है। ग्रीन और ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर पर सोचना होगा, जिसके तहत सड़कों व बाज़ारों में छायादार पेड़ लगाने, शहरी वन, पार्क और तालाब निर्मित कर होंगे। ये जीवनरक्षक ढाल बनेंगे। इसके अलावा प्रदूषण में कमी, एरोसोल और ग्रीनहाउस गैसें ताप को बढ़ाती हैं; स्वच्छ ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन को गति देना अनिवार्य है। कृषि पर असर भी कम गंभीर नहीं। बढ़ती गर्मी फसल अवधि घटाती है, उत्पादकता कम करती है और पानी की मांग बढ़ाती है। फसल विविधीकरण, हीट-टॉलरेंट बीज, माइक्रो-इरिगेशन और फसल बीमा का विस्तार के साथ खरीफ-रबी कैलेंडर में स्थानीय स्तर पर लचीलापन देना होगा।

स्पेन और फ्रांस ने कूलिंग सेंटर और काम के समय में बदलाव को कानून का हिस्सा बनाया है; ऑस्ट्रेलिया ने 'हीट हेल्थ वार्निंग सिस्टम' को स्थानीय शासन से जोड़ा है; सिंगापुर शहरी हरियाली और जल निकायों के जरिए ताप कम कर रहा है। भारत को इन मॉडलों को अपने सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में ढालना होगा, क्योंकि आर्थिक दृष्टि से हीटवेव उत्पादकता घटाकर जीडीपी पर सीधा प्रहार करती है, इसलिए स्पष्ट लक्ष्य, बजट और जवाबदेही के साथ सरकार के लिए यह आपदा नहीं, विकास का एजेंडा होना चाहिए। अब इस संकट पर निर्णय का समय है, तैयारी को नीति का केंद्र बनाने का।

### प्रसंगवश

## पारिवारिक कलह से रिश्तों का होता पतन

भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश है, लेकिन देश में बढ़ते अपराध, विशेषकर घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जघन्य मामलों में निरंतर वृद्धि होना एक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में जब भी हम समाचार पत्रों या न्यूज़ चैनलों से रूबरू होते हैं, तो राजनीति से इतर आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक कलह से जुड़ी खबरों का प्रतिशत लगातार बढ़ता दिखाई देता है। देश के लगभग हर धर्म, वर्ग और समाज में पारिवारिक हिंसा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जो कई बार जघन्य अपराधों का रूप ले लेता है।

भारत विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला देश माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि हमारे अपने ही परिवारों में रिश्तों के बीच दूरियां इतनी बढ़ती जा रही हैं कि साथ बैठकर भोजन करना भी कठिन होता जा रहा है। सिर्फ भाई-भाई के रिश्ते ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी जिस गति से अलगाव बढ़ रहा है और उसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। यह स्थिति हर धर्म, हर वर्ग और हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है।



अरविंद रावल
लेखक

आधुनिकता की दौड़ में हमने नई पीढ़ी को महंगी शिक्षा और भौतिक सुख-सुविधाएं तो भरपूर दी हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता, धैर्य, अपनत्व, विनम्रता और परिवार को साथ लेकर चलने के संस्कार देने में हम कहीं पीछे रह गए हैं। परिणामस्वरूप, नवपीढ़ी में धैर्य और सहनशीलता का अभाव बढ़ रहा है, जो पारिवारिक कलह को जन्म देकर कई बार गंभीर अपराधों में बदल जाता है। आज कोई भी समाज या व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह पारिवारिक कलह से पूरी तरह मुक्त है।

जो घटनाएं आज हम समाचारों में देख-सुन रहे हैं, वे कल किसी भी परिवार की वास्तविकता बन सकती हैं। कहीं पैसों के विवाद, कहीं अवैध संबंधों की आशंका, कहीं कर्ज का दबाव, तो कहीं नशे की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप, इन सभी कारणों से महानगरों से लेकर गांवों तक रिश्तों का पतन तेजी से बढ़ रहा है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई बार कम उम्र और कम समझ वाले लोग भी संदेह या आवेग में आकर अपने ही जीवनसाथी की हत्या जैसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं। वहीं, कर्ज और पारिवारिक तनाव से परेशान होकर अपने ही मासूम बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की घटनाएं भी समाज को झकझोर देती हैं।

यह भी एक कटु सत्य है कि पारिवारिक कलह अब केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं रही। जहां गरीब परिवारों में इसे आर्थिक तंगी का परिणाम माना जाता है, वहीं संपन्न और भौतिक रूप से समृद्ध घरों से उठती कलह की आवाजें रिश्तों के आंतरिक विघटन की ओर संकेत करती हैं। हर दिन अवैध संबंधों की शंका और अविश्वास के चलते प्रेम, विश्वास और अपनत्व जैसे रिश्तों का गला घोंटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसे में समाज के हर वर्ग को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। यदि हम परिवार की खुशहाली, सौहार्द और विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं, तो मजबूत और संतुलित दाम्पत्य जीवन पर सामूहिक मंथन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

# आधी आबादी को बराबरी का हक आखिर कब





अमित शर्मा
हल्द्वानी

देश की संसद में पिछले दिनों जो हुआ, उसके बाद आरोप-प्रत्यारोप के साथ तीखी बयानबाजी का दौर पूरी रफ्तार से जारी है। यहां बात राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस चुके नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू न होने की हो रही है। मौका चुनावी दौर का है, तो इस पर सियासत, वो भी तेज रफ्तार से होना लाजिमी है। भारतीय जनता पार्टी जहां विपक्ष के विरोध को देश की मातृशक्ति का अपमान बताकर इस मुद्दे को अंजाम तक पहुंचाने की शपथ ले चुकी है, तो कांग्रेस समेत मुख्य विपक्षी दल इसे चुनावी स्टंट और असमय का मुद्दा बताकर झुकने को तैयार नहीं हैं।

देश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के इस 'कोल्ड वार' ने एक अति संवेदनशील विषय पर नई गर्मागर्म बहस को जन्म दे दिया है, लेकिन इन सबसे अलग हटकर सबसे खास बात यह है कि इस कानून के पूरी तरह से अस्तित्व में आने के बाद जिसे फायदा होगा, वह है आधी आबादी, जो पूछ रही है कि हमें पूरी तरह से बिना किसी राजनीतिक विवाद के बराबरी का हक आखिर कब तक मिलेगा।

घर की रसोई से लेकर अंतरिक्ष की चुनौतियों से पार पाने वाली देश की मातृशक्ति अब किसी भी क्षेत्र में परिचय की मोहताज नहीं रह गई है, हालांकि दूसरे देशों की तुलना में कई मामलों में भारत के कई हिस्सों में महिलाओं के सुपर वुमन बनने की गति अभी धीमी ही है, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया भर के 130 से ज्यादा देशों में किसी न किसी रूप में महिला आरक्षण लागू है और मोटे तौर पर इनमें अधिकांश देशों में सीट आरक्षण, उम्मीदवार कोटा और पार्टी के स्वैच्छिक कोटे के आधार पर यह महिला आरक्षण लागू है।

भारत में गांव-देहात से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में महिलाएं कुशलता से नेतृत्व करती आ रही हैं, लेकिन पंचायत और निकाय स्तर पर 'प्रधानपति'' जैसा शब्द आज भी महिलाओं के बराबरी से फैसला लेने के हक जैसे शब्द को हल्का करता है।

सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े ऐसे अतिसंवेदनशील और अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वह भी तब, जब आज की महिलाएं घर से लेकर देश की आर्थिकी और विकास में अहम योगदान दे रही हैं और हर अवसर की सम्मान के साथ हकदार हैं।

हाल के राजनीतिक बयानों की बात करें तो कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे लोकतांत्रिक संतुलन बिगड़ेगा, जबकि भाजपा का कहना है कि कांग्रेस आज इस अधिनियम में 'आरक्षण में आरक्षण' की असंवैधानिक मांग कर रही है, जबकि मनमोहन सरकार द्वारा पेश तत्कालीन महिला आरक्षण अध्यादेश में इसका जिक्र तक नहीं था।

पहले कांग्रेस और विपक्ष भी एकमत था कि इस कानून को वर्ष 2029 में लागू किया जाए। अब उसके लिए पूर्व में पारित कानून अनुसार पहले जनगणना, फिर परिसीमन की शर्त अनिवार्य है। उसमें भी जाति गणना शामिल होने से इस प्रक्रिया का वर्ष 2029 से पहले किसी भी तरह से पूरा होना संभव नहीं था। यही वजह है कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर आवश्यक संशोधन लाए गए थे, जिसको विपक्ष ने पारित ही नहीं होने दिया।

इन सबसे अलग हटकर यहां बड़ा सवाल यह भी है कि महिला आरक्षण तभी लाभदायक माना जाना जाएगा, जब नियत समय में स्पष्ट नीयत के साथ आधी आबादी को बराबरी का पूरा हक दिया जाए। इसके लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह कानून कितनी जल्दी लागू होता है। यहां इस बात पर भी विचार करना होगा कि इसका फायदा जमीन से जुड़ीं महिला नेत्रियों को मिलेगा या फिर टिकट परिवारवाद में सिमटकर रह जाएगा।

इस नए कलेवर में जो महिलाएं चुनकर आएंगी, वे अपने फैसले स्वतंत्र रूप से ले पाएंगी या उसमें भी कहीं न कहीं सेंसरशिप लागू होगी। ये सवाल अपनी जगह पर कायम रहेंगे और फायदा-नुकसान का आकलन करना बहुत जल्दबाजी होगी, लेकिन यह तारीफ की बात है कि देश की आधी आबादी के लिए सत्ता के हक के दरवाजे खुल चुके हैं और अब बस चलना बाकी है।

संशोधन बिल का विरोध होने के दौरान विपक्षी दलों से जुड़ी महिलाओं का चुप्पी साधना और इस अहम विषय को राजनीति की चाशनी में लपेटकर जनता के सामने पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। सवाल तो यह भी बनता है कि क्या सियासत के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति इसी तरह की बनी रहेगी या महिला आरक्षण पूरी तरह से लागू होने के बाद उसमें कोई क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। महिला आरक्षण को लेकर भाजपा ने एक लंबी रेखा खींच दी है और किसी रेखा को बिना मिटाए या काट पीट के छोटा करने की शर्त वही जीत सकता है, जो उससे भी बड़ी लाइन खींच दे। अगर ऐसा होता है तो सही मायने में महिलाओं का आरक्षण का लाभ मिलना तय है।

वैसे भी, यह अफसोसनाक तो है, लेकिन वह राजनीति ही क्या, जहां हर फैसला बिना किसी ना-नुकुर के और मीन-मेख निकाले मान लिया जाए, हालांकि जहां बात आधी आबादी के हक और सम्मान से जुड़े कानूनों की आए तो उनके रास्तों में आने वाले कांटों को गंभीरता दिखाते हुए बिना किसी स्वार्थ के समन्वय के साथ चुन-चुनकर हटाने की नीति अपनाई जानी चाहिए, नहीं तो देर से मिलने वाला हक हो या न्याय, वह अधूरा ही माना जाता है।

> सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आमने सामने



यह सीजफायर तब तक जारी रहेगा, जब तक ईरान अपनी तरफ से ठोस प्रस्ताव पेश नहीं कर देता और दोनों देशों के बीच बातचीत का सिलसिला पूरा नहीं हो जाता। पाकिस्तान ने तनाव कम करने और बातचीत को मौका देने की अपील की थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया।
-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

सीजफायर को आगे बढ़ाना कोई शांति का प्रयास नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। यह कदम अचानक हमले की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय जुटाने जैसा है। जो पक्ष कमजोर स्थिति में होता है, वह ऐसी शर्तें नहीं थोप सकता।
-मोहम्मद बघेर
स्पीकर, ईरानी संसद



# पश्चिम बंगाल चुनाव में 'चीनी' किस तरफ!



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

कोलकाता के टांगरा में अप्रैल की धूप चमक रही है। इधर की दीवारों पर अब लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं। यहां 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव का मतदान है। टांगरा के चीनी मूल के मतदाताओं की आबादी करीब पांच हजार के आसपास है। इनकी उपस्थिति से पश्चिम बंगाल की राजनीति का रंग और भी समावेशी हो जाता है, लेकिन ये दीवारें सिर्फ चुनावी रंग नहीं, बल्कि 250 साल पुरानी कहानी की जीवंत गवाही हैं। एक ऐसी कहानी, जो चाय बगीचों से शुरू हुई, चमड़े की टेनरी में फली-फूली, 1962 के युद्ध की आग में झुलसी और आज भी टीएमसी से लेकर बीजेपी और कांग्रेस तक के वोट-मांगने वाले पोस्टरों में सांस ले रही है।

राजनीति में इन चीनी मूल के भारतीय नागरिकों का रोल हमेशा अनोखा रहा है। पहले के चुनावों में कांग्रेस व सीपीएम उन्हें अपना समर्थक मानते थे। 1970-80 के दशक में चीनी टेनरी ओनर्स एसोसिएशन ने राजनीतिक रिश्ते बनाए, लेकिन 2011 के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें खास तवज्जो दी। 2019 के लोकसभा चुनाव से शुरू होकर इस विधानसभा चुनाव तक टीएमसी ने मंदारिन में टांगरा की दीवारों पर 'टीएमसी उम्मीदवार को वोट दो' के नारे लिखवाए हैं। कांग्रेस-बीजेपी भी पीछे नहीं हैं। राजनीतिक कार्यकर्ता टांगरा की गलियों में चीनी भाषा के पोस्टर चिपका रहे हैं। क्यों? क्योंकि टांगरा का हर वोट मायने रखता है। छोटी आबादी, लेकिन एकजुट। ये दीवारें कोलकाता की बहुलता की कहानी कहती हैं।

आगे बढ़ने से पहले पीछे मुड़कर देख लेते हैं। सब कुछ शुरू हुआ 1778 में। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर-जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने एक चीनी व्यापारी को बंगाल में जमीन दी। नाम था टोंग आह च्यू। यहां के स्थानीय लोग उसे 'एटच्यू' कहते थे। हुगली नदी के किनारे उसने चीनी मिल लगाई। एटच्यू की मौत के बाद उसके मजदूर कोलकाता चले आए। टिरेट्टा बाजार कोलकाता का पहला चाइना टाउन बन गया। 19वीं सदी के अंत तक और चीनी आए।

दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक शूद शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं, 'हम भारत आकर बसे चीनियों का संबंध चीन के गुआंगडोंग, फूजियान और जियांग्शी से था। चीनी गृहयुद्ध, जापानी आक्रमण और अकाल से भागकर वे यहां पहुंचे। हिंदू-मुस्लिम समाज में चमड़े का काम 'अछूत' था, हमने उसे अपना लिया। टांगरा 1920 के दशक में नया घर बन गया। टेनरी उद्योग फल-फूल उठा। सैकड़ों जूते की दुकानें बेंटिंक स्ट्रीट पर खुल गईं।'

कोलकाता की चीनी आबादी 50 हजार तक पहुंच गई। रेस्टोरेंट, डेंटिस्ट, कारपेंटर जैसे पेशों में वे चमक रहे थे। उनके पास अपनी दुनिया थी। 1969 में ली यून चिन नाम के चीनी ने 'सीओंग पॉव' (ओवरसीज चाइनीज कॉमर्स ऑफ इंडिया) अखबार शुरू किया। भारत का इकलौता चीनी भाषा का दैनिक। इसमें मंदारिन में कोलकाता की खबरें, चीन-ताइवान-हांगकांग की घटनाएं, शादियां-जन्म-मृत्यु की सूचनाएं होती थीं। यह अखबार कोलकाता के चीनियों का 'सोशल मीडिया' था। तब टांगरा की गलियों में चीनी मंदिर, ड्रैगन डांस, नया साल का जश्न हुआ करता था। 1962 का भारत-चीन युद्ध आया और सब बदल गया।

युद्ध की खबरें फैलीं तो कोलकाता के चीनी इलाकों में दहशत छा गई। हजारों को 'एनेमी एलियन' घोषित कर दिया गया। तब बहुत सारे परिवार देश के अलग-अलग इलाकों में चले गए। टेनरी बंद हो गईं, दुकानें लूट ली गईं। कुछ को डिपोर्ट कर दिया गया। कोलकाता के एक नौजवान चीनी मूल के भारतीय एन ली कहते हैं, 'हम भारतीय थे, लेकिन चीनी चेहरा देखकर हमें गद्दार समझा गया।' इनकी आबादी घटने लगी। इनकी नई नस्ल कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया की ओर पलायन करने लगी। 2023 तक 'सीओंग पॉव' भी बंद हो गया। संपादक की मौत के बाद कोई नहीं बचा उसे चलाने को। फिर भी टांगरा टिका रहा। आज भी यहां मशहूर चीनी रेस्टोरेंट हैं। टेनरी उद्योग अब पर्यावरण नियमों के कारण मुश्किल में है, लेकिन समुदाय ने खुद को भारतीय बनाया है। वे भारतीय पासपोर्ट धारक हैं, बंगाली बोलते हैं, दीवाली-दुर्गा पूजा मनाते हैं, फिर भी चीनी नया साल और चीनी मंदिर उनकी पहचान बने हुए हैं।

पिछले विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी चीनी समुदाय टीएमसी की ओर झुकाव रखता दिख रहा है। ममता सरकार ने उन्हें सांस्कृतिक सम्मान दिया। चीनी नववर्ष पर सरकारी कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं, लेकिन शिकायतें भी हैं। एसआईआर में सैकड़ों चीनी मूल के वोटरों के नाम कट गए। च्यू कहते हैं कि भारत में बसे चीनी मूल के लोग कोलकाता से ही सारे देश में जाकर बसे। हम भारतीय हैं, फिर भी पहचान पर सवाल है?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> कोलकाता की दीवारों पर लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं।

### सोशल फोरम

## आइंस्टीन के दोस्त

मार्च 1955 में अल्बर्ट आइंस्टीन को अपने सबसे पुराने और करीबी दोस्त मिशेल बेसो की मौत की खबर मिली। वे पचास साल से ज्यादा समय से एक साथ थे। बेसो ही वो शख्स थे, जिनसे आइंस्टीन ने स्पेशल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी की बातें की थीं। 1905 के उस पेपर में सिर्फ बेसो का ही शुक्रिया अदा किया गया था, जिसने भौतिकी की दुनिया बदल दी।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

आइंस्टीन ने बेसो के परिवार को पत्र लिखा। उस पत्र में एक वाक्य था जो आज भी भौतिकी की दुनिया में गूंजता है। 'मिशेल इस अजीब दुनिया को छोड़ने में मुझसे थोड़ा आगे निकल गए। इसका कोई मतलब नहीं। हम जैसे भौतिकी में विश्वास रखने वालों के लिए अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच का फर्क सिर्फ एक जिद्दी भ्रम है।'

आइंस्टीन दोस्तों की तरह सांत्वना नहीं दे रहे थे। वे गर्मजोशी या उम्मीद की बातें नहीं कर रहे थे। वे भौतिकी की मजबूरी बता रहे थे। 'भौतिकी में विश्वास' का मतलब धर्म नहीं था। मतलब था समीकरणों पर भरोसा। उन समीकरणों ने साबित कर दिया था कि समय वैसा नहीं है, जैसा हम सोचते हैं। आइंस्टीन की रिलेटिविटी बताती है कि ब्रह्मांड में हर पल उतना ही असली और स्थायी है जितना स्पेस का हर बिंदु।

अतीत खत्म नहीं होता जब वर्तमान आगे बढ़ जाता है। जिंदगी खत्म होने पर ब्रह्मांड से गायब नहीं हो जाती। वह सिर्फ पहुंच से बाहर हो जाती है। जैसे कोई शहर, जिसे आप बीस साल पहले छोड़ आए हैं। वह नक्शे पर अभी भी मौजूद है।

आइंस्टीन ने यह पत्र लिखने के पांच हफ्ते बाद खुद इस दुनिया को छोड़ दिया। उनके अपने समीकरणों के मुताबिक उनकी जिंदगी के हर पल भी ब्रह्मांड की चार आयामी संरचना में हमेशा के लिए दर्ज हैं।

यह कोई कविता नहीं। यह भौतिकी है जो हम रोज इस्तेमाल करते हैं। रिलेटिविटी की सबसे बड़ी बात यह है कि समय यूनिवर्सल नहीं है। दो अलग-अलग गति से चलने वाले वे समय को अलग-अलग तरीके से महसूस करते हैं। एक तेज स्पेसक्राफ्ट में घड़ी धीमी चलती है। यह कोई खराबी नहीं। समय खुद अलग दर से गुजरता है।

1971 में हाफेल और कीटिंग ने एटॉमिक क्लॉक्स विमानों में घुमाए। पूर्व की ओर जाने वाली घड़ियां धीमी पड़ीं। पश्चिम की ओर वाली तेज। नैनोसेकंड का फर्क था, लेकिन आइंस्टीन की भविष्यवाणी बिल्कुल सही थी।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## तमिलनाडु में अस्मिता बनाम संगठन की टक्कर

तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनावी जंग अब बड़े-बड़े मंचों और नारों से निकलकर सीधे बूथ स्तर तक पहुंच चुकी है। इस बार मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, बल्कि रणनीतियों, संगठन क्षमता और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कला के बीच भी है। सत्तारूढ़ एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने चुनावी लड़ाई को अंतिम चरण में एक नए आयाम पर ला दिया है, जिसे 'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' के रूप में देखा जा रहा है। यह अभियान केवल मतदाताओं को मतदान की याद दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक संवाद का हिस्सा बन चुका है।

तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से एक चक्र चलता आया है, जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम बारी-बारी से सत्ता मं आती रही हैं। इस बार की सबसे बड़ी चुनौती इसी चक्र को तोड़ने की है। एमके स्टालिन के सामने यह केवल सत्ता में बने रहने का सवाल नहीं, बल्कि एक स्थायी राजनीतिक आधार तैयार करने की परीक्षा भी है। यही कारण है कि उनकी पार्टी ने प्रचार के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंचने की रणनीति अपनाई है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' दरअसल एक सूक्ष्म और लक्षित अभियान है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। इस अभियान में विशेष रूप से महिलाओं, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। यह रणनीति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि तमिलनाडु के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी और उनका झुकाव अक्सर निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके साथ ही शहरी, तटीय और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने का प्रयास भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

दूसरी ओर, विपक्ष में खड़ी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अपनी पारंपरिक ताकत, यानी मजबूत बूथ संगठन और ग्रामीण नेटवर्क पर भरोसा कर रही है। एडापड्डी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी पश्चिमी तमिलनाडु के जिलों कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड और सेलम में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है। यहां पार्टी का आधार मुख्य रूप से गौंडर समुदाय पर टिका हुआ है, जो लंबे समय से उसकी रीढ़ माना जाता रहा है, हालांकि बदलते सामाजिक समीकरण और गठबंधन राजनीति ने इस बार इस समर्थन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के लिए दोधारी तलवार साबित हो रहा है। जहां एक ओर यह गठबंधन कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक मजबूती देता है, वहीं दूसरी ओर दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि कई ऐसे क्षेत्र, जो पहले पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाते थे, अब वहां स्थिति उतनी सहज नहीं दिख रही।

मुद्दों की बात करें तो केवल स्थानीय समस्याएं ही नहीं, बल्कि बड़े राष्ट्रीय और भावनात्मक विषय भी प्रमुखता से उभरे हैं। डिलिमिटेशन यानी परिसीमन का मुद्दा, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने तमिलनाडु के अधिकारों से जोड़ दिया है, चुनावी बहस के केंद्र में है। पार्टी इसे 'राज्य बनाम केंद्र' के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जिससे क्षेत्रीय अस्मिता को बल मिलता है। इसके अलावा महिला कल्याण योजनाएं, नकद सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े वादे भी मतदाताओं को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### News शब्द की उत्पत्ति

‘News’ शब्द की उत्पत्ति के बारे में एक दिलचस्प कहानी प्रचलित है, जिसे लोग अक्सर सुनते और साझा करते हैं। कहा जाता है कि ‘News’ शब्द चार दिशाओं-North (उत्तर), East (पूर्व), West (पश्चिम) और South (दक्षिण) के पहले अक्षरों से मिलकर बना है। इस व्याख्या के अनुसार, दुनिया के चारों कोनों से आने वाली सूचनाओं को एकत्र करके लोगों तक पहुंचाया जाता था, इसलिए इसे ‘News’ कहा गया। यह विचार सुनने में आकर्षक है और समाचार के व्यापक दायरे को भी दर्शाता है। हालांकि भाषाविज्ञान के अनुसार यह व्याख्या पूरी तरह सही नहीं मानी जाती। वास्तव में ‘News’ शब्द अंग्रेज़ी के शब्द ‘New’ से बना है, जिसका अर्थ है ‘नया’। मध्यकालीन अंग्रेजी में ‘newes’ या ‘new things’ जैसे शब्दों का प्रयोग ताजा घटनाओं और नई जानकारियों के लिए किया जाता था। समय के साथ यह शब्द विकसित होकर ‘news’ बन गया और इसका अर्थ हो गया नई या ताजा सूचनाएं। इतिहास में जब छपाई कला का विकास हुआ और समाचार पत्रों का प्रचलन बढ़ा, तब ‘news’ शब्द का उपयोग और भी व्यापक हो गया। लोग दूर-दराज की घटनाओं के बारे में जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ने लगे, और यह शब्द जनसंचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। इस प्रकार, ‘News’ शब्द के पीछे की असली कहानी ‘नवीनता’ से जुड़ी है, जबकि चार दिशाओं वाली कहानी एक रोचक किंवदंती के रूप में प्रचलित है, जो इस शब्द को और भी यादगार बना देती है।







समय के साथ शिक्षा और करियर की दिशा तेजी से बदल रही है। अब युवा ऐसे कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जो सीधे रोजगार और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े हों। टेक्नोलॉजी, डिजिटलाइजेशन और नई शिक्षा नीतियों के प्रभाव से 2026 में कई नए कोर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। इन कोर्सों की खास बात यह है कि इनकी मांग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनकी जरूरत बढ़ रही है। ऐसे में सही कोर्स का चुनाव युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।


डॉ. अनुराग तिवारी
डायरेक्टर बीबीडी आईटीएम, लखनऊ

# जॉब-रेडी एजुकेशन : टेक और स्किल का संगम



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। हेल्थकेयर से लेकर फाइनेंस और ई-कॉमर्स तक, हर सेक्टर में AI का उपयोग बढ़ रहा है। कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स की तलाश में हैं, जो ऑटोमेशन और डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम हों। यही वजह है कि एआई और मशीन लर्निंग के कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इंजीनियरिंग संस्थानों के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इनकी पढ़ाई आसान हो गई है।

### डिजिटल मार्केटिंग

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने डिजिटल मार्केटिंग को एक मजबूत करियर विकल्प बना दिया है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विस को ऑनलाइन प्रमोट करना चाहती है। SEO, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे कोर्स युवाओं को कम समय में स्किल्ड बनाते हैं और उन्हें फ्रीलांसिंग से लेकर जॉब तक कई विकल्प प्रदान करते हैं।

### स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स

आज के छात्र पारंपरिक लंबी अवधि वाले कोर्स की बजाय स्किल आधारित और शॉर्ट टर्म कोर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। कम समय में जॉब-रेडी बनने के लिए Communication Skills, Personality Development, Coding Bootcamp और एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये कोर्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं, जिससे वे तुरंत रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। वर्तमान समय में करियर के विकल्प पहले से कहीं अधिक विविध और अवसरों से भरपूर हैं। जरूरत है सही जानकारी और अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चयन करने की। यदि छात्र समय के साथ बदलते ट्रेंड को समझकर निर्णय लेते हैं, तो वे न केवल बेहतर करियर बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी स्थापित कर सकते हैं।



### डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स

डिजिटल युग में डेटा को सबसे मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। बड़ी कंपनियां अपने बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए डेटा का गहराई से विश्लेषण कर रही हैं। ऐसे में डेटा साइंटिस्ट और डेटा एनालिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा कलेक्शन, प्रोसेसिंग, एनालिसिस और विजुअलाइजेशन की ट्रेनिंग दी जाती है, जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

### साइबर सिक्योरिटी

इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में कंपनियां और संस्थान अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स पर निर्भर हो गए हैं। एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी जैसे कोर्स युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस क्षेत्र में करियर न केवल सुरक्षित है, बल्कि इसमें अच्छी सैलरी के अवसर भी मौजूद हैं।

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज के समय में ज्यादातर कंपनियां अपने डेटा और सर्विसेज को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर रही हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग और DevOps जैसे कोर्स आईटी सेक्टर में तेजी से उभर रहे हैं। इन कोर्सों के जरिए छात्र क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर मैनेजमेंट और एप्लिकेशन डिप्लॉयमेंट की जानकारी हासिल करते हैं। यह क्षेत्र करियर ग्रोथ और आकर्षक वेतन के लिए जाना जाता है।

## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा कार्यक्रम जारी



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने चालू शिक्षा सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 5 मई से 5 जून तक आयोजित होंगी। परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों सुबह 8:30-10:30, स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) होंगी, जबकि अन्य स्नातक एवं परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 29 अप्रैल से परीक्षाएं

रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 26 मई तक होंगी, जबकि छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 13 जून तक निर्धारित हैं। द्वितीय सेमेस्टर की डेटशीट बाद में जारी की जाएगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक एक निश्चित समय स्लॉट में होंगी। 29 अप्रैल को शुरुआती दिन ही संगीत, कोरियोग्राफी और पर्शियन जैसे कौशल-आधारित विषयों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान जैसे व्यावसायिक विषयों को भी पहले चरण में शामिल किया गया है। विवि की वेबसाइट से छात्र परीक्षा कार्यक्रम जारी कर सकते हैं।

## कैंपस का पहला दिन | अजनबी माहौल से अपनेपन तक का सफर

कैंपस का पहला दिन सचमुच किसी नई दुनिया में कदम रखने जैसा होता है-उत्साह, डर, जिज्ञासा और अनगिनत आशंकाओं से भरा हुआ। इंटरमीडिएट के बाद जब मैंने डिग्री कॉलेज में प्रवेश लिया, तो मन में कई तरह के विचार उमड़-घुमड़ रहे थे। मैं स्वभाव से थोड़ा शर्मीला और संकोची रहा हूं, इसलिए नए माहौल में खुद को ढालना मेरे लिए आसान नहीं था। पहले दिन जब कॉलेज पहुंचा, तो ऐसा लगा जैसे मेरे कदम मेरा साथ नहीं दे रहे हों। सब कुछ आंखों के सामने होते हुए भी धुंधला-सा लग रहा था।


सक्षम सिन्हा
छात्र

कैंपस के बारे में पहले से सुनी बातें-यूनियनबाजी, गुटबंदी और झगड़े-मन में डर पैदा कर रही थीं। क्लास में जाने का साहस ही नहीं जुटा पा रहा था। तभी मैदान में कुछ सीनियर्स ने रोक लिया और वहीं मेरी ‘क्लास’ लग गई। किसी ने मेरे चश्मे और बालों में तेल देखकर मजाक उड़ाते हुए ‘चम्पू’ कह दिया। उस क्षण मैं बेहद असहज और छोटा महसूस करने लगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंची और मन भीतर तक आहत हो गया। उस दिन मैं बिना कुछ किए ही घर लौट आया और बिस्तर पर औंधे मुंह लेटकर देर तक रोता रहा। लगा जैसे यह दुनिया मेरे लिए नहीं बनी है। लेकिन अगले ही दिन हालात बदलने लगे। कुछ पुराने दोस्त घर आए, जिन्होंने उसी कॉलेज में दाखिला लिया था। उनसे खुलकर बात करने पर मन हल्का हुआ और भीतर कहीं हिम्मत जागी। उनके साथ कॉलेज जाना शुरू किया तो सब कुछ धीरे-धीरे आसान लगने लगा। साथ में क्लास करना, लंच शेयर करना और कैंपस में घूमना-इन छोटी-छोटी बातों ने मेरे अंदर आत्मविश्वास भर दिया। समय के साथ मैंने समझा कि हर नई जगह शुरू में कठिन लगती है, लेकिन धैर्य और सही साथ से सब सरल हो जाता है। कॉलेज की आजादी का अपना अलग ही आनंद है। यहां न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि व्यक्तित्व विकास के भी कई अवसर मिलते हैं। मैंने धीरे-धीरे नए लोगों से बातचीत शुरू की, शिक्षकों से जुड़ाव बनाया और गतिविधियों में हिस्सा लेना भी शुरू किया। इससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो एहसास होता है कि वही डरावना पहला दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। अगर दोस्तों का साथ और उनका हौसला न मिलता, तो शायद मैं खुद को कभी इस माहौल में ढाल नहीं पाता। सच तो यह है कि अच्छे दोस्त न सिर्फ मुश्किल समय में सहारा बनते हैं, बल्कि जीवन के सफर को खूबसूरत और यादगार भी बना देते हैं। कॉलेज की यह यात्रा मेरे लिए सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दोस्ती और जीवन को समझने का एक अनमोल अनुभव बन गई।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ‘प्रज्ञा’ नामक उन्नत उपग्रह इमेजिंग प्रणाली को शामिल किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित इस प्रणाली को गृह मंत्रालय (एमएचए) को सौंप दिया गया है। यह प्रणाली सुरक्षा एजेंसियों के लिए वास्तविक समय की निगरानी और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाएगी।
- हाल ही में रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और रूस ने अप्रैल 2026 में पारस्परिक रसद विनिमय समझौते (आरईएलओएस) को लागू किया। मूल रूप से इस पर फरवरी 2025 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंच के साथ-साथ सैनिकों और संसाधनों की तैनाती की अनुमति देता है। यह कदम द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने और भारत की वैश्विक रणनीतिक पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से आर्कटिक जैसे उभरते क्षेत्रों में।
- हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कूटनीतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, क्योंकि पूर्व राजनेता इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे भाजपा के पूर्व सांसद रह चुके हैं और पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से आते हैं। उनकी नियुक्ति से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध मजबूत होने की उम्मीद है।
- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट को नया रूप देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उसने रवांडा में पहली महिला टी-20 इंटरनेशनल चैलेंज ट्रॉफी 2026 का शुभारंभ किया है। यह टूर्नामेंट 18 अप्रैल से रवांडा के किगाली में शुरू होगा। यह पांच देशों का टूर्नामेंट है, जो उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धा प्रदान करना है।

## जॉब अलर्ट

### पंजाब नेशनल बैंक (PNB)

- पद का नाम-अधिकारी- JMG स्केल I में सिविल इंजीनियर/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ मैकेनिकल इंजीनियर
- कुल पद -30
- स्केल-JMG स्केल I
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल / इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60% अंकों के साथ B.E./B.Tech
- अनुभव- संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव
- आयु सीमा-(01.01.2026 तक) न्यूनतम 20 वर्ष - अधिकतम 30 वर्ष
- ऑनलाइन https://pnb.bank.in/ पर
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि-05-05-2026
- ऑनलाइन टेस्ट-27 मई 2026

### जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड

- पद का नाम- अपरेंटिस (NATS - राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत)
- कुल रिक्तियां-614 पद
- प्रशिक्षण की अवधि-12 महीने
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (01.01.2022 को या उसके बाद उत्तीर्ण)
- पंजीकरण की अंतिम तिथि- 26-04-2026
- वेबसाइट https://www.jkb.bank.in

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)

- पद- SSC के विभिन्न क्षेत्रों में मैट्रिक, हायर सेकेंडरी (10+2) और ग्रेजुएशन व उससे ऊपर के स्तरों पर विभिन्न पद
- कुल रिक्तियां- 2919 पद (संशोधित, क्षेत्र-वार)
- वेतनमान- 7वें CPC Pay Matrix के अनुसार Pay Levels 1 से 8 तक, User Department की आवश्यकताओं के अनुसार पद-वार अलग-अलग
- नौकरी की श्रेणी-केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में
- नौकरी का स्थान- पूरे भारत में
- आयु सीमा (कुल मिलाकर)- पद-वार सीमाएं: 18–25, 18–27, 18–28, 18–30, 18–35, 20–25, 20–30, 21–27, 21–28, 22–28, 23–28 वर्ष (निर्धारित तिथि के अनुसार)
- आवेदन का तरीका- SSC वेबसाइट और mySSC मोबाइल ऐप के माध्यम से
- वेबसाइट-www.ssc.gov.in

# 10वीं के बाद स्ट्रीम चयन: करियर प्लानिंग की पहली सीढ़ी

10 वीं कक्षा के बाद सही स्ट्रीम का चयन हर छात्र के जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है। अक्सर विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि आगे की पढ़ाई के लिए साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स में से कौन-सा विकल्प बेहतर रहेगा। सही स्ट्रीम का चुनाव न केवल आपकी रुचि और क्षमता पर निर्भर करता है, बल्कि यह आपके करियर की दिशा भी तय करता है, इसलिए इस निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहद जरूरी है। हम आपको तीनों स्ट्रीम्स की विशेषताओं और उनके करियर विकल्पों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दे रहे हैं, ताकि आपकी उलझन कम हो सके।

- **साइंस स्ट्रीम-** साइंस स्ट्रीम उन छात्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है, जिन्हें विज्ञान और तकनीकी विषयों में गहरी रुचि होती है। यदि आपको प्रयोग करना, नई चीजों की खोज करना और गणितीय समस्याओं को हल करना पसंद है, तो यह स्ट्रीम आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकती है। इसमें मुख्य रूप से फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स जैसे विषय शामिल होते हैं। ये विषय तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करते हैं। इस स्ट्रीम को चुनने के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी, रिसर्च, डेटा साइंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



### आर्ट्स (ह्यूमैनिटीज) स्ट्रीम

आर्ट्स स्ट्रीम उन छात्रों के लिए सबसे उपयुक्त है, जो रचनात्मकता और सामाजिक विषयों में रुचि रखते हैं। यदि आपको इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, साहित्य या समाजशास्त्र जैसे विषय पसंद हैं, तो यह स्ट्रीम आपके लिए सही हो सकती है। यह स्ट्रीम न केवल ज्ञान का विस्तार करती है, बल्कि सोचने और समझने की क्षमता को भी विकसित करती है। इसके माध्यम से पत्रकारिता, सिविल सेवा, कानून, शिक्षण, मनोविज्ञान, डिजाइन और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



- **कॉमर्स स्ट्रीम-** कॉमर्स स्ट्रीम उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें व्यापार, वित्त और अर्थव्यवस्था से जुड़ी चीजों में रुचि होती है। यदि आप यह समझना चाहते हैं कि पैसा कैसे काम करता है, बाजार कैसे चलता है और बिजनेस कैसे बढ़ता है, तो कॉमर्स एक अच्छा विकल्प है। इसमें अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं, जो व्यावसायिक समझ को मजबूत बनाते हैं। इस स्ट्रीम के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), बैंकिंग, फाइनेंस, मार्केटिंग और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर मिलते हैं।

### ऐसे चुनें सही स्ट्रीम

- उन विषयों को चुनें, जिनमें आपकी पकड़ मजबूत हो और जिन्हें पढ़ने में आपको आनंद आता हो।
- हर स्ट्रीम में उपलब्ध भविष्य के अवसरों को समझें, ताकि सही दिशा तय कर सकें।
- विशेषज्ञ वर्तमान जॉब मार्केट के अनुसार सही मार्गदर्शन दे सकते हैं।
- उनका अनुभव और आपकी समझ आपको बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा।
- किसी दबाव में न आएं, अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्यों के आधार पर ही स्ट्रीम चुनें।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,516.49 | 24,378.10 |
| गिरावट | 756.84 | 198.50 |
| प्रतिशत में | 0.95 | 0.81 |

सोना 1,57,000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल– (प्रति कु0)**– डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600

**चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 153700, सोना गिन्नी 149700, चांदी (पक्की) 2470 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### टेस्ला ने भारत में लांच की इलेक्ट्रिक एसयूवी

**मुंबई।** दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला ने बुधवार को अपना छह सीटों वाला इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल 'वाईएल' भारत में पेश किया जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। यह अमेरिकी कंपनी की भारत में दूसरी पेशकश है। कंपनी ने पिछले साल मॉडल 'वाई' के साथ भारतीय बाजार में कदम रखा था।

# शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा, ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़े

**मुंबई, एजेंसी**




पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95% टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।

### अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से बढ़ा दबाव

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका–ईरान वार्ता ठप होने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा।

### गिरावट वाले शेयर

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, ट्रेंट

क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

# सरकारी बैंकों में कार्यकारी निदेशक पद के लिए निजी क्षेत्र से भी आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) की नियुक्ति के लिए निजी क्षेत्र सहित पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को शामिल करना तय प्रक्रिया से अलग एक बदलाव है। यह पहली बार है जब वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) चालू वित्त वर्ष के दौरान सृजित होने वाली ईडी की आधा दर्जन से अधिक रिक्तियों के लिए निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों पर भी विचार करेगा। ब्यूरो के पात्रता मानदंडों के अनुसार निजी क्षेत्र के आवेदक के पास कम से कम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें 12 वर्ष का बैंकिंग अनुभव शामिल हो। इसमें बोर्ड स्तर से ठीक नीचे के उच्चतम स्तर पर तीन वर्ष का अनुभव (मूल पद के आधार पर) होना अनिवार्य है। एफएसआईबी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि यदि किसी अधिकारी ने अपने करियर में दो या अधिक बड़े दंडों का सामना किया है, तो वह राष्ट्रीयकृत बैंकों के ईडी पद के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

# छह साल बाद फिर शुरू होगा लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचार:** दो देशों के बीच छह साल के लंबे अंतराल के बाद व्यापार शुरू होने की अच्छी खबर सामने आयी है। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन व्यापार फिर से शुरू होगा। व्यापारियों को लिपुलेख तक जाने के लिए इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जबकि आगे तकलाकोट मंडी तक पहुंचने के लिए ट्रेड पास अनिवार्य होगा।

भारत-चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में पुनः प्रारंभ किए जाने के संबंध में बुधवार को पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

विदेश मंत्रालय द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः प्रारंभ करने पर अनापत्ति मिलने के बाद प्रस्तावित व्यापार सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि व्यापार अवधि जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर सितंबर तक प्रस्तावित है। मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही व्यापार संचालन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी तथा समस्त कार्य विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सीमा व्यापार प्रारंभ होने से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर, सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। खासतौर से बीएसएनएल को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।


बैठक में डीएम और अन्य अधिकारी।

- जून से सितंबर तक चलेगा सत्र मिलेगा इनर लाइन परमिट विदेश मंत्रालय ने दी अनुमति

> छह वर्षों के अंतराल के बाद भारत–चीन सीमा व्यापार लिपुलेख दर्रे से फिर शुरू हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने भी अनुमति दे दी है। इस व्यापार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। **–आशीष भटगांई,** जिलाधिकारी, पिथौरागढ़

# पूर्वांचल के फॉरएवर ग्रुप ने खरीदी मीरगंज चीनी मिल

**संवाददाता, बहेड़ी (बरेली)**

**अमृत विचार :** बरेली के मीरगंज क्षेत्र में संचालित धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप की मीरगंज चीनी मिल बिक गई है। पूर्वांचल के फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड 305 करोड़ रूपये में मिल खरीदकर इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। बिक्री एकमुश्त अदायगी के बेस पर की गई है।

फॉरएवर ग्रुप की केसर शुगर मिल, बहेड़ी को खरीदने की बातचीत चल रही थी, लेकिन अचानक यह खबर सामने आई कि फॉरएवर ग्रुप ने मीरगंज चीनी मिल का सौदा कर लिया। धामपुर बायो आर्गेनिक लिमिटेड ने 20 अप्रैल को अपनी मीरगंज चीनी मिल फॉरएवर ग्रुप के हाथ बेचने का एलान कर दिया। मिल का 2025 में टर्न ओवर 423.24 करोड़ का था। धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पैराई क्षमता 90 हज़ार कुंटल प्रति दिन की है। इसमें 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट है। बीते सीजन में मीरगंज चीनी मिल ने 80.19 लाख कुंटल गन्ना पैराई की थी और गन्ना मूल्य का 314.39 करोड़ रुपया किसानों को अदा किया।

फॉरएवर ग्रुप अभी तक डिस्टलरी उद्योग में सक्रिय था। गोरखपुर-देवरिया में उनकी डिस्टलरी यूनिट हैं। जानकारी मिली है कि फॉरएवर ग्रुप के तन्मय मोदी ने मंगलवार को मीरगंज चीनी मिल पर कब्ज़ा भी ले लिया।

- 305 करोड़ में हुआ मिल का सौदा, नई कंपनी ने संचालन अपने हाथ में लिया
- कृषि किसानों को गन्ने का भुगतान कर चुकी थी मिल
- मिल में लगा है 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट
- धामपुर ग्रुप की इस मिल की पेराई क्षमता 90 हजार कुंतल

**सकारात्मक पहल** | आईआईए और इंडो–जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच बनी रणनीति

# छोटे उद्यमियों को देंगे वैश्विक भागीदारी का अवसर : दिनेश गोयल

- मुख्यमंत्री योगी के 'जापान मिशन' को बताया प्रेरक

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जापान सरकार के साथ किए गए दूरदर्शी समझौते को आधार मानते हुए एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हाल में आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच हस्ताक्षरित किए गए एमओयू के क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दोनों संस्थाओं ने एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक की गई। जो एमएसएमई को बहुआयामी विस्तार देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बैठक का नेतृत्व करके मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। विशेष रूप से एसएमईएस के लिए सरकारी नीतियों और सहायक दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य छोटे उद्यमियों को उनकी सीमित बजटीय सीमाओं से बाहर निकालकर वैश्विक भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 'स्टीयरिंग कमेटी' के गठन का प्रस्ताव रखा।


बैठक में शामिल इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और इंडो जापान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक समूहों को जापानी तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लखनऊ, बाराबंकी और कानपुर आईआईए एक्सपोर्ट कमेटी के चेयरमैन अमन अग्रवाल ने यहां के चिकन वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, चमड़ा, टेक्सटाइल और रक्षा विनिर्माण को वैश्विक मानकों पर लाने की योजना साझा की।

सहारनपुर और शामली से काष्ठ कला और लौह उद्योग को जापानी फिनिशिंग के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई तो मुरादाबाद और संभल से पीतल एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आधुनिक जापानी ऑटोमेशन तकनीकों पर जोर दिया गया। मेरठ से स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल ने मेरठ के खेल उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पर्यटन और आतिथ्य पर भी चर्चा हुई। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा और मथुरा जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों में जापानी मानकों के अनुरूप क्लस्टर आधारित पर्यटन विकास और आतिथ्य सेवाओं को अपग्रेड करने पर विशेष सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त बहु-राज्य विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं के लिए आईआईए ने एमओयू के माध्यम से केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार और पूर्वांचल के लिए भी व्यापक विकास के अवसरों को रेखांकित किया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के उत्पादों को भी आईआईए के माध्यम से वैश्विक पहुंच दिलाने की पहल की गई है। आईजेसीसी के चेयरमैन राहुल मिश्रा और उनकी टीम ने आईटी, ऑटोमेशन और रेलवे ट्रांसफॉर्मेशन में जापानी 'ट्रेनिंग थ्योरीज' लागू करने पर सहमति जताई। युवा उद्यमियों को जापान में प्रशिक्षण दिलाने की योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया।

# नौ करोड़ के पार पहुंची अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) संचालित केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई)के अंशधारकों की संख्या नौ करोड़ से अधिक हो गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है। यह योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में सबसे अधिक नामांकन है। पीएफआरडीए ने एक बयान में कहा कि योजना मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# प. बंगाल: पहले चरण का मतदान आज, अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को 16 जिलों की 152 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं और संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सघन तैनाती की गई है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को शाम को मतदान समाप्त होने तक अपने निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर न जाने की भी हिदायत दी है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय बलों के साथ-साथ रेलवे सहित कई और केंद्रीय इकाइयों को भी चुनाव में तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों के ही दो लाख से ज्यादा कर्मचारी बंगाल में चुनाव के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां तक कि पहली बार किसी चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों को भी तैनात किया गया है। पहले चरण में मतदाताओं की कुल संख्या 3.60 करोड से अधिक है, जिनमें 1.84 करोड पुरुष, 1.74 करोड़ महिलाएं और 465 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।


पूर्व मेदिनीपुर जिले के नीमतौरी में ईवीएम लेकर जातीं मतदान कर्मी। ● अमृत विचार

### क्या डराने की कोशिश कर रहा आयोग: ममता

**अमदंगा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों की तैनाती पर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी विभागों को अपने लिए काम पर लगा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों की इतनी बड़ी तैनाती अभूतपूर्व है। क्या वे इतनी बड़ी संख्या में बलों को तैनात कर मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं।

# छेड़छाड़ माना जाएगा ईवीएम बटन पर इत्र या गोंद लगाना, आपराधिक कार्रवाई संभव: आयोग

**नई दिल्ली,एजेंसी**

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बटन पर इत्र या गोंद लगाने जैसी हरकतों को 'छेड़छाड़' माना जाएगा, जो एक चुनावी अपराध है।

यह टिप्पणी उन दावों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता यह जानने के लिए ईवीएम बटन पर इत्र लगाते हैं कि वोट उनके पक्ष में पड़ा है या नहीं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी को ऐसी कोई शरारत दिखती है, तो उसे सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा।

आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि आयोग आपराधिक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा और पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सभी बूथों के पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ईवीएम पर सभी प्रत्याशियों के बटन स्पष्ट रूप से दिखाई दें और किसी भी बटन पर टेप, गोंद या अन्य सामग्री न लगी हो।

उन्होंने कहा कि मतपत्र इकाई के प्रत्याशी बटन पर कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जा सकता, जिससे मतदान की गोपनीयता भंग हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो पीठासीन अधिकारी तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करेगा।

# पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव आयोग की कार्रवाई में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी**




चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि 15 मार्च से अब तक पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड रुपए नकदी, 102.45 करोड रुपए की 39.31 लाख लीटर शराब, 108.11 करोड रुपए के ड्रग्स 55.88 करोड रुपए की कीमती धातुएं तथा 178.83 करोड़ रुपए मूल्य की उपहार की वस्तुएं समेत अब तक कुल 472.89 करोड़ रुपए की नकदी और सामान जब्त किया गया है। इसी तरह तमिलनाडु में 100.19 करोड रुपए की नकदी, 3.85 करोड रुपए की 1.18 लाख लीटर शराब, 76.72 करोड के ड्रग्स, 159.31 करोड के कीमती धातुएं और 259.14 करोड के उपहार के सामान जब्त किए गए हैं।

# पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी कांग्रेस : शाह

**कोलकाता,एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी, आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी बदतर होने वाली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राहुल गांधी की संगति में आकर राजनीतिक संवाद का स्तर गिराने का भी आरोप लगाया। कहा-राहुल गांधी, आप मोदी जी को जितने अधिक अपशब्द कहेंगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा... राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे जी की भी भाषा बिगड़ने लगी है। शाह ने कहा कि किसी विधायक को चुनने या केवल भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों से मुक्त बंगाल बनाने के लिए वोट डालें।


रोड शो करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

# मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को पुलिस को मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कथित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल निवारक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए एक पत्र में, सीईओ कार्यालय में तैनात पुलिस पर्यवेक्षक ने कई विधानसभा क्षेत्रों और पुलिस थाना क्षेत्रों के कथित उपद्रवियों की एक सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा की

# तृणमूल का लोगों पर केंद्रीय बलों के हमले का दावा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में केंद्रीय बलों के जवानों ने स्थानीय लोगों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। हालांकि, निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच की गई, लेकिन ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। तृणमूल ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष मतदान कराने को तैनात सीआरपीएफ कर्मियों ने 21 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के लोगों पर हमला करके अपने पद का घोर दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोटें आईं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने की आठ ईरानी महिलाओं को रिहा करने की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक शानदार शुरुआत होगी। ट्रंप की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा, मैं इन महिलाओं की रिहाई की बहुत सराहना करूँगा। कृपया उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाएं! यह हमारी बातचीत की एक शानदार शुरुआत होगी।

### होर्मुज सुरक्षा को काम कर रहे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस करीब 30 देशों के सैन्य योजनाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित मिशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। यह मिशन तब लागू होगा जब प्रमुख समुद्री मार्ग फिर से खुल जाएगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंदन स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय बैठक का उद्देश्य कूटनीतिक सहमति को विस्तृत सैन्य योजना में बदलना है। योजना के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय मिशन के जरिए वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने और क्षेत्र में आपसी विश्वास बहाल करने का काम किया जाएगा।

### लेबनान में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत

**बेरूत।** पूर्वी लेबनान के एक गांव में बुधवार को हुए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सरकारी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' की खबर से यह जानकारी मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि जब्बूर गांव में हुए इस ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ है। इजराइली सेना ने इलाके को निशाना बनाकर कोई भी हमला करने से इनकार किया है। पिछले शुक्रवार को इजराइल और लेबनान के बीच हुए 10 दिन के संघर्ष-विराम के बाद से इजराइल ने कई हमले किए हैं, जबकि हिज्बुल्ला ने मंगलवार को पहला हमला करने का दावा किया।

### मोसाद से संबंध रखने में एक को दी फांसी

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को एक व्यक्ति को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से कथित संबंधों को लेकर फांसी दे दी। ईरान में युद्ध के दौरान और जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद लगातार फांसी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान न्यूज एजेंसी' ने मेहदी फरीद की फांसी की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, फरीद एक संवेदनशील सरकारी संगठन में कार्यरत था और उसने इज़राइली खुफिया एजेंसी को जानकारी मुहैया कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरीद को ईरान के कोम प्रांत में दोषी ठहराया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में कई मामलों में बंद कमरे में सुनवाई होती है और आरोपियों को बचाव का अवसर नहीं मिल पाता।

### सिख महिला से दुष्कर्म में अपराध कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने सिख महिला से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को अदालत में दोष स्वीकार कर लिया। आरोपी जॉन अश्बाय पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उसने वॉल्सॉल में एक सिख महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में यह स्वीकारोक्ति की। पिछले साल अक्टूबर में हुई इस घटना के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी ने शुरू में यौन उत्पीड़न सहित सभी आरोपों से इनकार किया था।

---

# कर्नाटक में अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न, दो गिरफ्तार

**कोडागु, एजेंसी**

● **होमस्टे का कर्मचारी और मालिक हैं आरोपी**

कर्नाटक के कोडागु जिले के एक होमस्टे के एक कर्मचारी ने अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कोडागु के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी।

झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को जानकारी नहीं दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और फिर होमस्टे में कर्मचारी द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस के अनुसार बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने मामले को दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई-फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह किसी से संपर्क नहीं कर सके। बाद में इंटरनेट पहुंच प्राप्त होने पर महिला ने मैसूरु जाने का बहाना कर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया

---

# वीडियो में एआई का लेबल पूरे समय साफ दिखना चाहिए

## सरकार ने दिया सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित नियमों-प्रावधानों को और सख्त करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव दिया है और इस बार खास तौर पर जोर दिया गया है कि उपयोगकर्ता एआई से बनी सामग्री की पहचान ऑनलाइन कैसे कर सकते हैं। इस बारे में जानना जरूरी है कि इस नए प्रस्ताव में क्या शामिल है, यह क्यों जरूरी है, और डिजिटल अधिकार समूहों द्वारा आईटी नियमों में किए जा रहे संशोधनों पर क्या चिंताएं जताई जा रही हैं, जिन पर अभी विचार चल रहा है।

फिलहाल आईटी नियमों के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित सामग्री पर लेबल या निशान साफ-साफ दिखने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मंगलवार को आम लोगों की राय जानने के लिए संशोधनों का जो मसौदा जारी किया है, उसमें साफ-साफ दिखने वाली शर्त को बदलकर यह नियम लागू करने की बात कही गई है कि लेबल स्क्रीन पर पूरे समय लगातार और साफ-साफ दिखते रहने चाहिए।

आसान शब्दों में कहें तो, इसका मतलब यह है कि एआई से बनी सामग्री की पहचान बताने वाला वॉटरमार्क या लेबल सिर्फ़ वीडियो की शुरुआत या आखिर में ही नहीं दिखना चाहिए; बल्कि यह पूरे वीडियो के दौरान स्क्रीन पर बने रहना चाहिए। प्रस्तावित नियम के अनुसार ऐसी स्थिति नहीं होगी जिसमें लेबल कभी दिखे, कभी न दिखे। मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अगर कोई वीडियो एआई से बनाया गया है, तो देखने वाले को, यह बात वीडियो के पहले सेकंड से लेकर आखिरी सेकंड तक पता रहे।

**ऐसा क्यों किया जा रहा:** इसकी मुख्य वजह है एआई का बढ़ता दुरुपयोग। मंत्रालय का मानना है कि ऑनलाइन दिखने वाले ऐसे वीडियो जो असली जैसे लगते हैं, लेकिन असल में नकली होते हैं, उनसे गलत जानकारी फैलती है और उपयोगकर्ता गुमराह होते हैं। इसलिए, एआई टूल से बनी ऐसी सामग्री को शुरू में ही लेबल लगाकर या निशान लगाकर पहचानना जरूरी है। हमेशा दिखने वाला लेबल अनिवार्य करके, सरकार यह पक्का करना चाहती है कि अगर कोई देखने वाला वीडियो को बीच में से भी देखना शुरू करे या क्लिप के किसी भी हिस्से में देखे, तो उसे तुरंत पता चल जाए कि यह कंटेंट असली नहीं, बल्कि एआई से बनाया गया है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि पहले के नियम के मुताबिक 'साफ-साफ दिखने वाले' लेबल को लेकर अनुपालन संतोषजनक नहीं था। कल्पना कीजिए, पांच मिनट का एआई से बना एक वीडियो है, जिसमें लेबल सिर्फ शुरुआती 5 सेकंड के लिए ही दिखता है। अगर आप वीडियो को दो मिनट बाद देखना शुरू करते हैं, तो आप एआई का निशान देख ही नहीं पाएंगे और हो सकता है कि आप उसे सच मान लें।

अधिकारियों का तर्क है कि 'हमेशा दिखते रहने वाला' निशान ज़्यादा व्यावहारिक है और इसमें ज़्यादा पारदर्शिता भी है। सोशल मीडिया मंच-एक्स, यूट्यूब और मेटा को यह सुनिश्चित करना होगा कि ये लेबल हमेशा बने रहें। एआई से सामग्री विकसित करने के टूल बनाने वाली कंपनियों को यह सतत लेबलिंग प्रणाली अपनानी होगी।

---

# 'नागरिक देवो भव' हर निर्णय के पीछे का हो मूलमंत्र : प्रधानमंत्री

## मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र भेजकर जनसेवा का किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र लिखकर कहा है कि 'नागरिक देवो भव' (नागरिक ही भगवान है) का सिद्धांत हर निर्णय का मूलमंत्र होना चाहिए और सरकार को अपनी क्षमता के अनुसार जनता की सेवा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को यह भी बताया कि शासन करुणा पर आधारित होना चाहिए और सार्वजनिक सेवा की जिम्मेदारी निभाने वालों को आजीवन सीखते रहने का एक सर्वोत्तम उदाहरण बनना चाहिए।

सिविल सेवा दिवस से एक दिन पहले 20 अप्रैल को लिखे गए ये पत्र 12 भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, ओडिया, गुजराती, बांग्ला, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, मलयालम, तेलुगु और तमिल में जारी किए गए। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों का भी समय है और रुझान हर दिन बदल रहे हैं, नई प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं और लगातार नए नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों और दुनिया दोनों को देश से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सरकार की सेवाएं और कार्य संस्कृति इस ऐतिहासिक युग का अधिकतम लाभ उठाने के लिए अनुकूल हों। इस दिशा में 'आईगॉट कर्मयोगी' जैसे मंचों के उपयोग से आजीवन सीखने को आदत बनाना महत्वपूर्ण है। आप बेहतर बनने का चुनाव कर रहे हैं ताकि भारत बेहतर बन सके।

प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को कर्मयोगी कहकर संबोधित किया और कहा कि उन्होंने यह पत्र उन्हें एक बहुत ही विशेष समय पर लिखा है, क्योंकि भारत के कई हिस्सों में त्योहारों का मौसम है। उन्होंने कहा कि रोंगाली बिहू, विशु, पुथंडू, पोइला बोइशाख, महा बिशुबा पाना संक्रांति और बैसाखी के उत्साह से पूरा वातावरण सराबोर है। मोदी ने कहा कि ये त्योहार आशा और नई शुरुआत के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, आप सीखने और विकास के एक उत्सव - 'साधना सप्ताह' का हिस्सा बन गए हैं। भारत के कोने-कोने से लोक सेवकों को एक साथ लाने वाले इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

### जिज्ञासा की भावना को रखें जीवित

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोक सेवकों के सेवाभाव के प्रति गहरी सराहना व्यक्त करना चाहते हैं, इसी सेवाभाव के कारण वे इस प्रयास का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि ऐसे मंच व्यक्तिगत विकास और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। मोदी ने कहा कि कुछ नया खोजना जीवन के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक है और हर किसी को जिज्ञासा की इस भावना को जीवित रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी लोक सेवकों को यह याद रखना चाहिए कि पहले बेहतर प्रदर्शन को मापदंड माना जाता था, लेकिन अब सभी प्रयासों का मूल्यांकन 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर किया जाना चाहिए।

### आईगॉट कर्मयोगी मंच केंद्र सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे प्रयासों की गति, व्यापकता, दिशा और तीव्रता इसी दृष्टिकोण से निर्देशित होनी चाहिए... नागरिक देवो भव का सिद्धांत हर निर्णय के केंद्र में होना चाहिए। मोदी ने कहा कि 'आईगॉट कर्मयोगी' मंच, जिस पर लोक सेवक अब प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं हमारी सरकार की मानव पूंजी को रूपांतरित करने का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास है और आप इसके मूल में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया था कि साधना सप्ताह के तीन उद्देश्य हैं: तकनीकी रूप से तैयार होना, अपनी परंपराओं को समझना और नागरिक केंद्रीयता पर आधारित ठोस परिणाम प्राप्त करना। ये वास्तव में आदर्श सिद्धांत हैं और जब इन सभी सिद्धांतों को एक साथ पिरोया जाता है, तो शासन आधुनिक, संस्कृति में निहित और 'जन सेवा' में दृढ़ता से निहित बन जाता है। यह याद रखना होगा कि भारत की प्रगति हर राज्य और हर विभाग में मिली सामूहिक जीत का योग है।

---

# अगले चार-पांच दिन देश के कई हिस्सों में चलेगी लू

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को उष्ण लहर की स्थिति रह सकती है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23-25 अप्रैल; पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 - 26 अप्रैल; राजस्थान में 24-26 अप्रैल; मध्य प्रदेश में 23-26 अप्रैल, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल और पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, बिहार तथा झारखंड में 22 से 23 अप्रैल तक की अवधि में उष्ण लहर की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, तमिल नाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, कोंकण और गोवा के कुछ इलाकों में रात के दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में इस सप्ताह गरज के साथ बारिश हो सकती है।

---

# जांच के दौरान मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र को खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **आई-पैक छापेमारी में ममता की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी**





कोलकाता में आई-पैक के कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले की बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने गहन पड़ताल की और कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप करता है तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं है। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में डालता है और फिर आप कहते हैं कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है। न्यायालय ने यह टिप्पणी तब की जब पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने ईडी की याचिका की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवाद मूल रूप से केंद्र और राज्य के बीच है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की, यह (कथित अवरोध) स्वतः ही एक ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कृत्य है जो संयोगवश एक राज्य का मुख्यमंत्री है, जिससे पूरी व्यवस्था और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। न्यायालय ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि धनशोधन जांच के सिलसिले में 8 जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान बनर्जी और राज्य के अन्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि इस देश में एक दिन ऐसा आएगा जब एक मौजूदा मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवेश करेगा...। गुरुस्वामी ने कहा कि मैं इस मामले के गुण-दोष पर हूं... कोई दुर्व्यवहार नहीं हुआ, किसी अधिकारी को धमकाया नहीं गया। पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि मामले में उठाए गए प्रश्नों को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। कहा कि हम तय करेंगे कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

---

# साड़ी के बजाय नाइट ड्रेस पहनने पर पत्नी को जलाया

● **कर्नाटक के बेलगावी जिले में मंगलवार को हुई घटना**

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में नंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

---

# सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कदवा थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस क्षेत्र के खैरपुर गांववासी ज्वाला यादव के घर मे निर्मित शौचालय की टंकी सफाई के लिए तीन मजदूर अंदर घुसे। इस दौरान जहरीली गैस से दम घुटने तीनों बेहोश हो गए। गृहस्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से टंकी के दीवार को तोड़वाया और बेहोशी की हालत तीनों मजदूरों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लक्ष्मिनिया गांव निवासी बमबम मंडल, श्री लाल मंडल एवं जननंदन मंडल के रूप में की गयी है।

---

# दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक महिला से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स सेल (द्वारका) में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शिकायतकर्ता को झूठे मामले में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की गई थी, पहली किस्त में पांच लाख रुपये 21 अप्रैल तक देनी थी।

---

# प्रवासी भारतीय जर्मनी व भारत के बीच मजबूत सेतु

**बर्लिन, एजेंसी**

● **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया प्रवासी भारतीयों से संवाद**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा है कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने जर्मनी में मौजूद भारतीयों से वैश्विक स्तर पर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 जर्मनी के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जो विश्वास, आपसी सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखें। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को सरकार के निरंतर समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

---

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। किसी भी बात को समझकर ही जवाब दें।

**तुला** – आज आपको अपने सोचने का तरीका थोड़ा बदलना पड़ सकता है। नई परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना ही सही रहेगा।

**वृष** – आज अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें। सही योजना बनाने से आगे का समय आसान होगा।

**वृश्चिक** – आज किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। आपको हर कदम सोच-समझकर रखना होगा।

**मिथुन** – आज आप सक्रिय रहेंगे और कई काम एक साथ करने की कोशिश करेंगे। सही दिशा में प्रयास करने पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**धनु** – आज रिश्तों और सहयोग का महत्व बढ़ेगा। किसी के साथ मिलकर किया गया काम बेहतर परिणाम देगा।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। घर या परिवार से जुड़ा कोई विषय महत्वपूर्ण हो सकता है।

**मकर** – आज काम का दबाव रहेगा और आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। प्राथमिकताएं तय करके चलेंगे तो दिन संभाल लेंगे।

**सिंह** – आज लोगों से जुड़कर काम करने से फायदा मिलेगा। किसी संपर्क या मित्र के जरिए नया अवसर मिल सकता है।


**कुंभ** – आज आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक सोच से आप अलग पहचान बना सकते हैं।

**कन्या** – आज काम को टालने से बचें। जो जिम्मेदारी आपके पास है, उसे समय पर पूरा करना जरूरी होगा। अनुशासन बनाए रखने से ही संतोषजनक परिणाम मिलेंगे।

**मीन** – आज किसी बात को सुलझाने का सही समय है। संतुलन बनाए रखेंगे तो मन भी शांत रहेगा और काम भी सही होंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति:** 23 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 20.49 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पुनर्वसु 08.57 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

### सुडोकू -128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

---

**संवाद**

यूएनएसजी उम्मीदवार बाचेलेत ने कहा- स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए अधिक प्रतिनिधित्व

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार की आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार और स्थायी तथा अस्थायी दोनों श्रेणियों में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है और इसे प्राप्त करने की दिशा में वह काम करेंगी।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चार उम्मीदवारों में से एक हैं। वर्तमान संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस 31 दिसंबर को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने लगातार पांच वर्ष के दो कार्यकाल में दुनिया के शीर्ष राजनयिक के रूप में सेवाएं दी हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और भारत जैसे विकासशील देशों की स्थायी सदस्य के रूप में इस शक्तिशाली मंच पर मौजूदगी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बाचेलेट ने मंगलवार को यहां कहा कि मुझे लगता है कि सुरक्षा परिषद में सुधार की वास्तव में आवश्यकता है।

भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करने में अग्रणी रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। बाचेलेत ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार का निर्णय संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को लेना है। उन्होंने 2024 में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए भविष्य के समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि एक अवसर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त रह चुकीं बाचेलेत ने कहा कि जब दुनिया भर के लोग संयुक्त राष्ट्र को देखते हैं, तो वे सुरक्षा परिषद को देखते हैं, वे एक ऐसे निकाय को देखते हैं जो समस्या का समाधान नहीं कर रहा है, जो पंगु है, जिसमें लाखों लोग पीड़ित हैं। मंगलवार को यहां तीन घंटे चले संवाद सत्र में बाचेलेत से सदस्य देशों और सिविल सोसायटी ने महासचिव पद को लेकर उनकी सोच तथा यह पूछा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार क्यों हैं।

### भारत ने बाचेलेत से पूछे सुधार-विकास के लक्ष्य

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और ग्लोबल साउथ के विकास लक्ष्यों का मुद्दा उठाते हुए चिली की पूर्व राष्ट्रपति तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत से पूछा कि अगर वह इस वैश्विक संगठन के नेतृत्व के लिए चुनी जाती हैं तो इन मुद्दों पर उनकी क्या योजना होगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने संवाद के दौरान कहा, आपके दृष्टिपत्र में संयुक्त राष्ट्र में जारी सुधारों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की बात कही गई है। बताएं कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए आप कौन से कदम उठाएंगी।

---

# ब्रिटेन में सिगरेट क्रय रोक बिल संसद में पारित

**लंदन।** ब्रिटिश संसद ने उस विधेयक को पारित कर दिया है, जिसमें 31 दिसंबर 2008 के बाद जन्मे लोगों के सिगरेट खरीदने पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। मंगलवार को पारित टोबैको एंड वेप्स बिल के समर्थन में दशकों लंबा अभियान चलाने वाली संस्था एक्शन ऑन स्मोकिंग एंड हेल्थ की मुख्य कार्यकारी हेजल चीजमैन ने कहा कि धूम्रपान और उससे होने वाले विनाशकारी नुकसान का अंत अब तय है। टोबैको एंड वेप्स बिल को महाराजा चार्ल्स तृतीय की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।



अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा।
-अक्षर पटेल


# स्टेडियम

बरेली, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

मुंबई इंडियंस

बनाम

चेन्नई सुपर किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद -320
- शुभमन गिल गुजरात -265 रन

### पर्पल कैप





- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### हाईलाइट

#### जापान का माचिदा एशियाई चैंपियंस लीग के फाइनल में

**जेद्दा।** जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।

#### टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी: वेंकटेश अय्यर

**बेंगलुरु।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी से जुड़े, पर अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वेंकटेश ने मीडिया से बातचीत में कहा मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, पर ये एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।

# राजस्थान के गेंदबाजों ने किया कमाल लखनऊ ने घर में फिर गंवाया मुकाबला

## आईपीएल-2026 : 40 रनों से मिली हार, रवींद्र जडेजा ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

लखनऊ, एजेंसी



जीत का जश्न मनाते राजस्थान रॉयल्स के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा और शुभम दुबे। एजेंसी

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से शिकस्त दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने 29 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलने के बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 29 रन देकर एक विकेट लिया। राजस्थान रॉयल्स ने आठ विकेट पर 159 रन का औसत स्कोर खड़ा करने के बावजूद सुपर जायंट्स को 18 ओवर में महज 119 रन पर आउट कर 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

जोफ्रा आर्चर (20 रन पर तीन विकेट) और नांद्रे बर्गर (27 रन पर दो विकेट) ने सुपर जायंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरा, तो वहीं बृजेश शर्मा (18 रन पर दो विकेट), जडेजा और रवि बिश्नोई (23 रन पर एक विकेट) ने मध्य और निचले क्रम को क्रीज पर जमने का मौका नहीं दिया। सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 41 गेंदों में सबसे ज्यादा 55 रन का योगदान दिया। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से किसी और का साथ नहीं मिला। उनके अलावा निकोलस पूरन (22) और हिम्मत सिंह (15) ही दोहरे अंक में रन बना सके। इससे पहले जडेजा के अलावा यशस्वी जायसवाल (22), रियान पराग (20), शिमरॉन हेटमायर (22) और डोनोवन फरेरा (20) को भी अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना सका। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में सुपर जायंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को कम स्कोर पर रोका लेकिन सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के प्रयास को जाया कर दिया। यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है। अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने जायसवाल और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया, जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर 8 रन) और शिमरॉन हेटमायर को अलग-अलग स्पेल में आउट किया। तेजी से उभरते प्रिंस यादव (चार ओवर में 29 रन पर दो विकेट) ने भी अपनी स्विंग गेंदों से आक्रमण को मजबूती दी, जबकि लंबे समय के बाद वापसी कर रहे मयंक यादव (56 रन बिना किसी सफलता के) लय में नहीं दिखे और महंगे साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मिचेल मार्श ने शुरुआती ओवर में आर्चर के खिलाफ लगातार चौके जड़े, लेकिन इसके बाद सुपर जायंट्स के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आयुष बडोनी गफलत का शिकार होकर रन आउट हुए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत नांद्रे बर्गर के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। आर्चर ने अपने अगले ओवर में एडेन मारक्रम को विकेट के पीछे कैच कराया, जिससे सुपर जायंट्स ने 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। खराब लय में चल रहे पूरन ने क्रीज पर आते ही चौके से खाता खोला, जबकि मार्श ने बर्गर के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा, जिससे पावरप्ले में स्कोर तीन विकेट पर 31 रन हो गया। पूरन ने बृजेश के खिलाफ दो शानदार चौके लगाकर वापसी के संकेत दिए, लेकिन 10वें ओवर में जडेजा के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लंबा शॉट खेल बैठे और डोनोवन फरेरा द्वारा लपके गए।

### राजस्थान रॉयल्स

**159/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| शिमरोन हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| डोनोवन फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110

**गेंदबाजी :** शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

### लखनऊ सुपर जायंट्स

**119/10** (18 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का पराग बो बर्गर | 55 |
| आयुष बडोनी रन आउट | 00 |
| ऋषभ पंत का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| एडेन मारक्रम का जुरेल बो आर्चर | 00 |
| निकोलस पूरन का फरेरा बो जडेजा | 22 |
| हिम्मत सिंह बो बिश्नोई | 15 |
| मुकुल चौधरी का पराग बो बृजेश | 07 |
| मोहम्मद शमी बो बृजेश | 06 |
| मयंक यादव का जुरेल बो आर्चर | 02 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 02 |
| मोहसिन खान बो आर्चर | 00 |

**अतिरिक्त:** 07, **विकेट पतन:** 1-9, 2-10, 3-11, 4-54, 5-91, 6-105, 7-111, 8-113, 9-119

**गेंदबाजी:** आर्चर 4-0-20-3, बर्गर 4-0-27-2, बृजेश 3-0-18-2, जडेजा 4-0-29-1, बिश्नोई 3-0-23-1

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### कमिंस की वापसी के बाद भी ईशान किशन ही करें सनराइजर्स हैंददाबाद की कप्तानी



**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि पैट कमिंस की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद भी ईशान किशन को ही सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करनी चाहिए। कमिंस अपनी पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहना पड़ा था। वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में होने वाले मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा एक कप्तान के तौर पर ईशान किशन ने दिखाया कि वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत कुशल हैं। उन्हें पता है कि किस बल्लेबाज के खिलाफ किस गेंदबाज का इस्तेमाल करना है। इससे स्पष्ट होता है वह खेल की कितनी अच्छी समझ रखते हैं। वह दबाव में नहीं आते, जल्दबाजी नहीं करते और मैदान पर सही फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा दिल्ली के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया, वह प्रभावशाली था। इसलिए मेरा मानना है कि भले ही पैट कमिंस वापसी कर लें, ईशान किशन को ही सनराइजर्स की कप्तानी करनी चाहिए। बांगड़ ने कहा अमूमन देखा गया है कि भारतीय कप्तान होने से टीम को स्थिरता मिलती है। पैट कमिंस जैसे काबिल गेंदबाज की हाल की चोटों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि वह आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे। उन्होंने कहा कि किशन को ही कप्तान बनाए रखना सनराइजर्स के सर्वोत्तम हित में होगा। बांगड़ ने कहा ईशान को कप्तान बनाए रखने से खिलाड़ियों को भी अपले प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि हैदराबाद के लिए यही सही होगा। इस बीच किशन ने कहा कि उनकी सफलता का राज असफलता के भय पर काबू पाना, आगे बढ़ते रहना और मैचों के बीच टीम को नए सिरे से आगे के लिए तैयार करना है। किशन ने कहा इस स्तर पर, कौशल का स्तर काफी हद तक समान होता है। असली अंतर मानसिकता में आता है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं मैचों के बीच खुद को नए सिरे से कैसे तैयार करूं। उन्होंने कहा लगातार ध्यान केंद्रित रखना, जीतने की ललक रखना और मानसिक रूप से वर्तमान में रहना ही सफलता की कुंजी है।

# अभिषेक की परिपक्वता पर कोई सवाल नहीं : एरोन

हैदराबाद, एजेंसी

- बोले- उन जैसे खिलाड़ी को कुछ छूट देना जरूरी



अभिषेक शर्मा।

सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच वरुण एरोन ने कहा कि अभिषेक शर्मा जैसे 'ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम' की रणनीति पर चलने वाले खिलाड़ी का बीच में खराब प्रदर्शन करना अपरिपक्वता का संकेत नहीं है। एरोन ने कहा कि परिपक्व हुए बिना कोई भी दुनिया का नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकता और उनके जैसे असाधारण खिलाड़ी को कुछ छूट मिलनी चाहिए।

अभिषेक ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरू से लेकर आखिर तक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद पर नाबाद 135 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 47 रन से जीता। इस सलामी बल्लेबाज की टी20 विश्व कप में शुरुआत निराशाजनक रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लय हासिल कर ली थी।

एरोन ने पत्रकारों से कहा मेरा मानना है कि वह शुरू से ही परिपक्व खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में यह बात और भी स्पष्ट हो गई है। परिपक्व हुए बिना आप दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकते। वह विपक्षी टीम के आक्रमण और पिच को देखकर ही अपना खेल खेलते हैं। एरोन ने कहा कि अभिषेक ने दिखाया कि उनके पास क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने शुरू में सावधानी से बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा यह पिच ऐसी नहीं थी कि आप हर गेंद पर लंबे शॉट लगा सको। आपको विरोधी टीम का सम्मान करना होता है। आपको पिच का सम्मान करना होता है और उन्होंने (अभिषेक ने) ऐसा ही किया। जब आप ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम की रणनीति पर चलते हैं तो कभी-कभी यह कारगर साबित नहीं होता है लेकिन आपको अभिषेक जैसे खिलाड़ी को ऐसी छूट देनी पड़ती है।

युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखा और एक विकेट लिया। श्रीलंका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने चार विकेट हासिल किए। एरोन ने इन दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा उनके पास ऐसे कौशल हैं जो उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से अलग करते हैं। अगर हम मलिंगा की बात करें, तो वह गेंद को रिवर्स स्विंग कराते हैं। हमने आज 11वें, 12वें ओवर से रिवर्स स्विंग देखी जिससे विपक्षी टीम के लिए मुश्किल हो जाती है क्योंकि सफेद गेंद से आप वास्तव में यह नहीं देख सकते कि चमकदार साइड कौन सी है।

# निरंतरता बनाए रखने के लिए टकराएंगे मुंबई-चेन्नई

मुंबई, एजेंसी

- पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की वापसी की संभावना



अभ्यास सत्र के दौरान महेंद्र सिंह धोनी। एजेंसी

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब आईपीएल में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया।

इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

### रोहित-धोनी ने फिटनेस चिंताओ के बीच किया अभ्यास

रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां अपनी-अपनी टीमों की ट्रेनिंग किट में नजर आए और बल्लेबाजी अभ्यास करते दिखे। बृहस्पतिवार को खेले जाने वाले मैच के लिए हालांकि दोनों की उपलब्धता को लेकर मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स ने अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, रोहित शर्मा, दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, संजू सैमसन, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल, अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

### नया नाम

स्पेनिश खिलाड़ी 19 वर्षीय राफेल जोडर पूरे टेनिस जगत में बटोर रहे सुर्खियां

# टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार है स्पेन का एक और 'राफा'

मैड्रिड, एजेंसी



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है।

यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है।

अल्काराज़ के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे। अल्काराज इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह स्पेन में टेनिस को नए मुकाम तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा ये दोनों एक-दूसरे की मदद से लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर पहुंचेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है। जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा। जोडर ने बार्सिलोना ओपन में तीन सीधे सेटों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें आर्थर फिल्स से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

### मैं कभी लक्ष्य की ओर ध्यान नहीं देता : राफेल जोडर

स्पेनिश खिलाड़ी ने इसी महीने की शुरुआत में मोरक्को में अपना पहला टूर-स्तरीय खिताब जीता था। वह यूएस ओपन में लड़कों के एकल वर्ग के चैंपियन भी रह चुके हैं। जोडर जब छोटे थे तब वह दर्शक के रूप में मैड्रिड ओपन देखने आते थे और अब इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।, यह टूर पर मेरा पहला साल है। मैं अभी सीख रहा हूं। मुझे अनुभव हासिल करने और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने जोडर को उत्कृष्ट खिलाड़ी करार दिया।

# एकल में लगातार हार के बावजूद फ्रेंच ओपन में खेलना चाहती हैं वीनस

**मैड्रिड।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं। इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं।

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने बाद में पत्रकारों से कहा मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।

# एमबाप्पे-विनीसियस ने रियल मैड्रिड को जिताया

मैड्रिड, एजेंसी

- स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला-लीगा में शीर्ष के करीब

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर चार मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं।

बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी।

उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था। एमबाप्पे ने 30वें मिनट में गोल किया। वह इस टूर्नामेंट में अब सर्वाधिक 24 गोल कर चुके हैं।

यह फरवरी के बाद इस प्रतियोगिता में उनका पहला गोल भी था। विनीसियस ने 50वें मिनट में गोल करके मैड्रिड की बढ़त को और मजबूत कर दिया।